राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 342
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
गुरुवार 23 जून 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट

पेज 3 भाजपा का असली चेहरा देश के सामने आया, मोदी सरकार दिल्ली में तोड़ने जा रही 53 मंदिर, दिल्ली सरकार को भेजा पत्र : संजय सिंह

पेज 5 ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा ने मऊ जनपद में सरकारी परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

पेज 7 अफगानिस्तान में भूकंप ने मचाई तबाही, कम से कम 920 मौतें, राहत-बचाव में भी मुश्किल

## मार्च के बाद फिर एक्टिव केस 80 हजार के पार

### पिछले 24 घंटे में कोरोना के 12,150 नए मरीज मिले, 13 लोगों की मौत

नई दिल्ली। देश में कोरोना केस एक दिन की गिरावट के बाद फिर से बढ़ने लगे हैं। पिछले 24 घंटे में 12,150 नए केस मिले हैं। कुल एक्टिव मरीजों की संख्या 80 हजार के पार पहुंच गई है। मार्च के बाद ये पहली बार है, जब इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। 1 मार्च को 85,680 एक्टिव केस दर्ज किए गए थे।



#### सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में आए केस

महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटे 3,659 केस मिले हैं। यहां 3,356 मरीज ठीक हुए और 1 मरीज की मौत हुई। महाराष्ट्र में फिलहाल एक्टिव मामले 24,915 हैं। मंगलवार को 39,094 कोविड टेस्ट किए गए और पॉजिटिविटी रेट 9.36 प्रतिशत दर्ज किया गया है। एक दिन पहले राज्य में 2,354 नए केस मिले थे और पॉजिटिविटी रेट 10.36 प्रतिशत दर्ज किया गया था।

#### केरल में पॉजिटिविटी रेट 17.76 प्रतिशत

महाराष्ट्र के बाद केरल में 2,609 नए केस दर्ज किए गए हैं । यहां इलाज करा रहे मरीजों की संख्या 22,593 और पॉजिटिविटी रेट 17.76 प्रतिशत दर्ज किया गया। देशभर में सबसे ज्यादा मौतें केरल में 8 हुई हैं। ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 2,286 है। सोमवार को केरल में 2,786 मामले आए थे और पॉजिटिविटी रेट 16.08 प्रतिशत पाया गया था।

दिल्ली में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 1,383 नए केस दर्ज किए गए। पॉजिटिविटी रेट भी घटकर 7.22 प्रतिशत हो गया है, जोकि एक दिन पहले 10.09 प्रतिशत था। पिछले 24 घंटे में 19,165 सैंपल की जांच की गई है।

वहीं, मंगलवार को कोरोना से एक मरीज की मौत हुई है। हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक, एक्टिव केस की संख्या 5,595 है।

#### कर्नाटक में मिले 700 से ज्यादा नए मामले

कर्नाटक में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 738 मामले सामने आए हैं। राज्य में कुल कोरोना संक्रमण के मामले 39.62 लाख से ज्यादा हो गए हैं। यहां पॉजिटिविटी रेट 3.76 प्रतिशत दर्ज किया गया है। मरने वालों का आंकड़ा 40,113 हो गया है।

## एक बारिश भी नहीं झेल पाई पीएम मोदी के स्वागत में बनी सड़क, दो बार दे चुकी है धोखा

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री मोदी के बेंगलुरु दौरे से पहले 23 करोड़ की लागत से तैयार की गई सड़क एक बारिश भी नहीं झेल पाई। बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका ने हाल ही में सड़क का निर्माण किया था। महानगर पालिका ने 3.6 किलोमीटर इस सड़क को बनाया था जो कि बेंगलुरु विश्वविद्यालय कैंपस का हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी इसी सड़क से सोमवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स पहुंचे थे।



एक रात की बारिश के बाद यह सड़क बैठ गई। सड़क के बीचोबीच बड़ा गड्ढा हो गया। जहां सड़क क्षतिग्रस्त हुई है वह जगह विश्वविद्यालय कैंपस के ही पास है। सड़क पर गुजरने वाले लोग इस नई सड़क को हाल देखकर आश्चर्य में पड़ जाते हैं और व्यवस्था को कोसते हुए चले जाते हैं। यहां से गुजरने वाले अनंत सुब्रमण्यम ने कहा, आने-जाने वाले लोगों ने कई बार शिकायत की थी लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं था। कोई और चारा न देखकर गड्ढे के पास एक बैरिकेड रख दिया गया। यह पहली बार नहीं हुआ है कि जब रोड में इतना बड़ा गड्ढा हो गया है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी अप्रैल में आने वाले थे। तब भी सड़क बनवाई गई थी लेकिन पीएम मोदी का दौरा रद्द हो गया था। सड़क की हालत थोड़े ही दिनों में खराब हो गई थी और गड्ढे हो गए थे।

## भारत की वृद्धि इस साल 7.5 प्रतिशत के साथ बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में रहेगी सबसे अधिक रहने की उम्मीद : मोदी

नयी दिल्ली, 22 जून (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहने की संभावना है और इस तरह देश प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ऊंची वृद्धि दर्ज करेगा। श्री मोदी ब्रिक्स व्यवसायिक मंच 2022 के उद्घाटन सत्र को ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे।

ब्रिक्स में भारत के अलावा ब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नए भारत में हर क्षेत्र में रूपांतरणकारी सार्थक बदलाव आ रहे हैं।

मोदी ने कहा कि ब्रिक्स का गठन इस विश्वास के साथ किया गया था कि समूह की उभरती अर्थव्यवस्थाएं, वैश्विक आर्थिक वृद्धि की गाड़ी के इंजन की भूमिका निभाएंगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, आज दुनिया कोविड के बाद आर्थिक गतिविधियां तेज करने पर ध्यान दिए हुए हैं। इस स्थिति में भी ब्रिक्स देशों की भूमिका महत्वपूर्ण बनी रहेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अपनी अर्थव्यवस्था को महामारी से उत्पन्न समस्याओं से उभारने के लिए भारत ने रिफॉर्म,परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म (सुधार, क्रियान्वयन और बदलाव) के मंत्र के साथ काम किया है जिसका परिणाम भारतीय अर्थव्यवस्था के अच्छे प्रदर्शन के रूप में दिख रहा है। उन्होंने कहा, इस वर्ष हम 7.5 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं जो हमें प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तीव्र वृद्धि दर्ज करने वाली अर्थव्यवस्था बनाएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नए भारत में रूपांतरकारी बदलाव आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत इस प्रौद्योगिकी पर आधारित आर्थिक वृद्धि, कारोबार सुगमता, राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की सूची पर काम करने और अभूतपूर्व डिजिटल क्रांति के दौर से गुजर रहा है।

## हमीरपुर में पिकअप और ऑटो की टक्कर, 8 की मौत

### इनमें पिता और 2 बेटियां भी, प्रत्यक्षदर्शी बोला- मेरे सामने ड्राइवर ने तड़प-तड़पकर दम तोड़ा

हमीरपुर। यूपी के हमीरपुर जिले में बड़ा हादसा हुआ है। यहां मौदहा थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम नेशनल हाईवे-34 पर आम से भरे एक पिकअप (लोडर) और सवारियों से भरे ऑटो में आमने सामने की टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही 6 लोगों की मौत हो गई। जबकि 2 लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ा है। मृतकों में एक पिता और उनकी 2 बेटियां शामिल हैं। हादसे में 7 लोग घायल हुए हैं। यह हादसा नेशनल हाईवे-34 पर हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर शोक जताया है।

#### 15 सवारियों को लेकर निकला था ऑटो

पुलिस के अनुसार, मौदहा से एक ऑटो 15 सवारियों को लेकर निकला था। सभी भरुवा सुमेरपुर जा रहे थे। ऑटो मौदहा थाना क्षेत्र के मकरांव गांव के पास पहुंची थी। तभी अचानक कानपुर की तरफ से आए पिकअप ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ऑटो हाइवे पर पलट गया। इसके बाद चीख पुकार मच गई।

आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला। पुलिस को भी सूचना दी। बताया जा रहा है कि ऑटो में क्षमता से अधिक लोग सवार थे। सीओ विवेक यादव ने बताया कि हादसे में 8 लोगों की मौत



हो चुकी है। वहीं 7 लोग गंभीर घायल हैं।

#### प्रत्यक्षदर्शी ने कहा- मेरे सामने ऑटो ड्राइवर ने दम तोड़ा

प्रत्यक्षदर्शी सुंदरलाल ने बताया, मैं हाइवे पर जाम देखकर मौके पर पहुंचा था। देखा कि एक आम से लदा पिकअप सड़क पर पलटा हुआ था। पिकअप के पास एक ऑटो भी पलटा हुआ था। ऑटो पूरा टूट चुका था। ऑटो में बैठे यात्री उसी में फंसे हुए थे। कुछ लोग सड़क पर भी गिरे हुए थे। सभी बुरी तरह से घायल थे। किसी का हाथ टूट गया था तो किसी का पैर। ऑटो के ड्राइवर ने मेरे सामने ही दम तोड़ा।

पहले तो समझ नहीं आ रहा था कि किसको पहले बाहर निकालूं। उसके बाद हिम्मत करके आम के ढेर को हटाया। ढेर के नीचे एक बच्ची दबी हुई थी। जिसकी मौत हो चुकी थी। उसके शव को उठाकर किनारे रखा। उसके बाद ऑटो में फंसे लोगों को बाहर निकाला।

हादसे के बाद हाइवे पर घायल इधर-उधर तड़पते नजर आए। एक घायल महिला हाइवे पर पड़ी थी। पास ही उसका 3 साल का बेटा रो रहा था। उसकी शर्ट पर भी खून लगा था। दर्द से कराहती मां अपना दर्द भुलाकर बेटे को सहलाती दिखी। यह दृश्य जिसने भी देखा, उसका कलेजा कांप उठा।

हादसे के बाद आसपास के लोगों ने राहत-बचाव शुरू किया। साथ ही पुलिस को भी सूचना दी। पुलिस ने एंबुलेंस, हाईवे अथॉरिटी सहित प्राईवेट गाड़ियों से घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया है। सभी घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

#### 4 मृतकों की हुई शिनाख्त, 4 की बाकी

इस हादसे में 35 साल के श्यामबाबू, उनकी दो बेटियां रागिनी (14 साल) और दीपांजलि (07 साल) की मौत हुई है। श्याम टेढ़ा गांव के रहने वाले थे। इनके अलावा इंगोहटा के 22 साल के राजेश ने भी दम तोड़ा है।

बाकी 4 मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मौके पर सदर विधायक मनोज प्रजापति भी पहुंचे। उन्होंने घायलों से उनका हालचाल जाना। उन्होंने कहा, मृतकों को प्रशासन की तरफ से मुआवजा दिलाया जाएगा। घायलों की भी मदद होगी।

### पंजाब में करप्शन पर एक्शन का रिपोर्ट कार्ड

## भ्रष्टाचार करते मंत्री और आईएएस समेत 45 गिरफ्तार; सबसे ज्यादा माइनिंग और पंजाब पुलिस में रिश्वतखोर

एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार ने भ्रष्टाचार पर एक्शन का रिपोर्ट कार्ड जारी किया है। सरकार बनने के बाद अब तक 28 केस दर्ज किए जा चुके हैं। जिनमें 45 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। हालांकि 8 आरोपी अभी फरार हैं। इनमें सबसे ज्यादा 22 केस माइनिंग और जंगलात विभाग के हैं। भ्रष्टाचार के 14 केस वाली पंजाब पुलिस दूसरे नंबर पर है।

करप्शन केस में पकड़े आरोपियों में सरकार के ही हेल्थ मिनिस्टर डॉ. विजय सिंगला, पूर्व कांग्रेसी मंत्री साधु सिंह धर्मसोत, पूर्व कांग्रेस MLA जोगिंदरपाल भोआ और IAS अफसर संजय पोपली शामिल हैं। इसके अलावा पूर्व मंत्री संगत सिंह गिलजियां की तलाश हो रही है। वहीं पूर्व मंत्री भारत भूषण आशू की विजिलेंस जांच की जा रही है।



डॉ. विजय सिंगला पूर्व सेहत मंत्री (AAP) | साधु सिंह धर्मसोत पूर्व जंगलात मंत्री (कांग्रेस) | जोगिंदर पाल भोआ पूर्व विधायक (कांग्रेस) | संजय पोपली IAS अफसर

#### अफसरों और नेताओं की भ्रष्टाचार की करतूत...

पंजाब सरकार में सेहत मंत्री डॉ. विजय सिंगला ने विभाग के हर काम में 1% कमीशन मांगा। विभाग के अफसर ने सीएम भगवंत मान को शिकायत कर दी। जिसके बाद सिंगला को कैबिनेट से बर्खास्त कर गिरफ्तार किया गया।

पूर्व कांग्रेसी मंत्री साधु सिंह धर्मसोत ने एक पेड़ कटाई के बदले 500 रुपए की रिश्वत ली। करीब सवा करोड़ के घपले के बाद विजिलेंस ने उन्हें अमलोह स्थित घर से सोते वक्त ही गिरफ्तार कर लिया।

भोआ से पूर्व कांग्रेसी एमएलए जोगिंदरपाल का नाम अवैध माइनिंग में सामने आया। पुलिस ने केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

IAS अफसर संजय पोपली ने सीवरेज बोर्ड के CEO रहते 7.30 करोड़ के टेंडर अलॉटमेंट के बदले 7 लाख की रिश्वत मांगी। 3.50 लाख की पहली किश्त ले ली थी। दूसरी किश्त मांगने पर ठेकेदार ने शिकायत कर दी।

24 मार्च को जालंधर तहसील की क्लर्क पर केस दर्ज हुआ। नौकरी के बदले 4 लाख रुपए मांगे थे।

25 मार्च को गुंडा टैक्स वसूलने के केस में 17 लोग गिरफ्तार हुए। 1.65 करोड़ की रिकवरी हुई।

तरनतारन में सब इंस्पेक्टर समेत 4 लोगों पर केस दर्ज हुआ। एसआई 5 हजार की रिश्वत मांग रहा था। प्रोडक्शन वारंट के प्रोसेस के लिए यह रिश्वत मांगी गई थी।

संगरूर में ASI पर 10 हजार रुपए रिश्वत मांगने के आरोप लगे। ASI ने पूछताछ की बा कहकर चालान सबमिट करने के लिए रिश्वत मांगी थी।

तरनतारन में ASI पर 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप लगे। इसका 14 सेकेंड का वीडियो सामने आया था। किसी जांच के संबंध में उससे रिश्वत मांगी गई थी कि उसमें उसका नाम नहीं आएगा।

नवांशहर में सरकारी बुक डिपो के कर्मचारियों पर पर्चा दर्ज हुआ। शिकायत करने वाले ने कहा कि उनके बेटे के नाम के करेक्शन के लिए 1700 रुपए लिए थे। उन्होंने बेटी का नाम ठीक करवाना था तो उससे 15 हजार रुपए मांगे जा रहे थे।

फाजिल्का में पटवारी के असिस्टेंट पर कार्रवाई हुई। इंतकाल दर्ज करने के बदले 5 हजार की रिश्वत मांगी गई थी।

#### सीएम मान ने जारी की एंटी करप्शन हेल्पलाइन

सीएम भगवंत मान ने पंजाब में सरकार बनने के बाद एंटी करप्शन हेल्पलाइन नंबर 95012-00200 जारी किया है।


कोई भी व्यक्ति इस पर रिश्वत मांगने या लेने की ऑडियो या वीडियो बनाकर भेज सकता है।

## ईडी ने पांचवें दिन राहुल गांधी से की पूछताछ

नयी दिल्ली। नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पांचवें दिन पूछताछ की। पिछले अनुभवों से सबक लेते हुए इस बार दिल्ली पुलिस ने ईडी कार्यालय और कांग्रेस मुख्यालय की ओर जाने वाले कई रास्तों बैरिकेडिंग की थी तथा कई रूटों पर यातायात को परिवर्तित कर दिया। कांग्रेस ने ईडी पर गैर कानूनी तरीके पार्टी के नेताओं की छवि खराब करने के लिए कुछ चुनिन्दा मीडिया घरानों को पूछताछ की सूचनाएं देने का आरोप लागया है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने ट्वीट किया, क्या यह सामान्य है। क्या ईडी देश को किसी ऐसे मामले में उत्पीड़न की ऐसी कोई मिसाल दे सकता है जहां कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

## हरियाणा के निकाय चुनाव में भाजपा ने मारी बाजी

### खट्टर बोले- अग्निपथ के विरोध का असर नहीं



#### केन्या की मूल निवासी महिला ने भी जीता चुनाव

**आम आदमी पार्टी ने एक सीट पर जीत हासिल की है। कुरुक्षेत्र के इस्माइलाबाद नगर पालिका से निशा कानो वांघा को जीत मिली है। वह मूलरूप से केन्या की रहने वाली हैं। वह जब इंग्लैंड में पढ़ाई कर रही थीं तभी उनकी मुलाकात इस्माईलाबाद के पुनीत गर्ग से हुई थी। इसके बाद दोनों ने शादी कर ली। शादी के बाद वह इस्माइलाबाद में ही रहती हैं।**

एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा निकाय चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत दर्ज की है। रविवार को यहां 18 निकाय परिषदों और 28 निगमों के मतदान हुए थे। भाजपा ने इनमें से 22 सीटों पर जीत हासिल कर ली है, वहीं सहयोगी जननायक जनता पार्टी ने तीन सीटें जीती हैं। इसके अलावा 19 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं। एक-एक सीट पर आम आदमी पार्टी और इंडियन नेशनल लोकदल को सफलता हासिल हुई है। बता दें कि कुल 46 सीटों पर चुनाव हुए थे।

#### खट्टर बोले- अग्निपथ के विरोध का असर नहीं

भाजपा और जेजेपी गठबंधन ने 46 में से 41 सीटों पर चुनाव लड़ा था। दोनों पार्टियों ने संयुक्त रूप से कुल 25 सीटों पर जीत हासिल की जो कि कुल सीटों का 61 फीसदी है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस जीत पर कहा है कि अग्निपथ योजना को लेकर विरोध प्रदर्शन का चुनाव परिणाम पर कोई असर नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यह जीत पार्टी के मेहनती कार्यकर्ताओं के समर्पित है।

भिवानी से निर्दलीय भवानी प्रताप, चरखी दादरी से भाजपा के बख्शी राम सैनी, फतेहाबाद से भाजपा के राजेंद्र सिंह, टोहाना से निर्दलीय रनरेश कुमार, सोहना से भाजपा की अंजू, हांसी से निर्दलीय प्रवीण अहलावादी, नरवाना से निर्दलीय मुकेश रानी, जींद से भाजपा की अनुराधा सैनी, झज्जर से भाजपा के जिले सिंह, बहादुरगढ़ से भाजपा के सरोज राठी, कैथल से भाजपा की सुरभि गर्ग, नारनौल से निर्दलीय कमलेश, नूंह से जजपा के संजय कुमार, कालका से भाजपा के कृष्ण लाल लांबा, पलवल से भाजपा के यशपाल, ने जीत दर्ज की है।

### गोलमाल

### औरैया में ट्रैक्टर निकलने पर धंस रही, ठेकेदार भाजपा नेता ने बनवाई

## हाथ फेरने से उखड़ रही 15 लाख से बनी सड़क

एजेंसी

औरैया। औरैया में 15 लाख से बनाई गई सड़क हाथ से उखड़ रही है। सड़क की गुणवत्ता देख ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। उन्होंने इसकी शिकायत कमिश्नर व डीएम से की है। बताया कि बिरिया से रुदौली गांव कर दो किमी की सड़क ठेकेदार ने हाल ही में बनाई है।

#### सड़क निर्माण में बरती गई अनियमिता

औरैया के पास बिरिया से रुदौली गांव तक की दो किमी सड़क का निर्माण 15 लाख की लागत से किया



गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क के ठेकेदार एक भाजपा नेता थे।उन्होंने इसको बनाया है। सड़क निर्माण में ऐसी अनियमिता बरती गई है कि सड़क बनने के कुछ दिन में ही उखड़ रही है। वाहन निकलने पर सड़क खुद-ब-खुद उखड़ रही है और इसमें गड्ढे हो रहे है।

#### 2 महीने में ही सड़क उखड़ जाएगी

आक्रोशित ग्रामीणों ने पहले भाजपा नेता ठेकेदार से बात की लेकिन सुनवाई न होने पर सभी एकत्रित हुए और वीडियो बनाकर दिखाया।

किस तरह सड़क पर हाथ फेरते ही सड़क उखड़ रही है। ट्रैक्टर निकलने पर सड़क धंस जा रही है। इस तरह में 2 महीने में ही सड़क उखड़ जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि यहां मानकों की अनदेखी कर 15 लाख रुपए का घोटाला किया गया है।

#### कमिश्नर ने जांच कर कार्रवाई की बात कही

बताया कि उन्होंने कई बार विभाग में भी शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। प्रधान पति रामबाबू, शिवकांत पाल, अतुल दीक्षित ने बताया कि उन्होंने कमिश्नर और डीएम से शिकायत की। निर्माण कार्य की जांच कराकर ठेकेदार पर कार्रवाई करें।

सड़क का निर्माण मानक के अनुसार कराया जाए। कमिश्नर राजशेखर ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

## शार्ट न्यूज

### अग्निपथ योजना के खिलाफ पुडुचेरी में विरोध प्रदर्शन

पुडुचेरी। केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में वामदलों और विदुथलई चुरूथईगल काची (वीसीके) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदर्शन किया। यहां स्वदेशी सूती मिल के निकट केंद्र सरकार की इस योजना के विरोध में वामदलों और वीसीके के कार्यकर्ता एकत्र हुए और केंद्र की भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के विरोध में नारेबाजी की और योजना को वापस लेने की मांग की। माकपा सचिव ए एम सलीम और माकपा,भाकपा और भाकपा माले के अलावा वीसीके के नेताओं ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

### जींद में भाजपा, नरवाना, उचाना, सफीदों में निर्दलीयों का कब्जा

जींद। हरियाणा के निकाय चुनावों के बुधवार को घोषित हुए परिणामों के अनुसार जींद जिले में जींद नगर परिषद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार अनुराधा सैनी ने जीत हासिल की है, जबकि नरवाना नगर परिषद में मुकेश मिर्धा, उचाना नगर पालिका में विकास उर्फ काला व सफीदों नगर पालिका में अनिता रानी (तीनों निर्दलीय) को जीत मिली है। जींद नगर परिषद में सैनी ने निर्दलीय प्रत्याशी सविता कुंडू को हराया। वहीं नरवाना नगर परिषद चुनाव में मुकेश मिर्धा ने 10432 वोट लेकर जीत हासिल की। उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी कनिका को 10090 वोट मिले। उचाना विधानसभा सीट जहां से उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला विधायक हैं, वहां से नगर पालिका में अध्यक्ष पद के लिए विकास उर्फ काला ने सज्जन चौधरी को हराया। सफीदों नगर पालिका में अध्यक्ष पद पर अनिता रानी ने जीत हासिल की जबकि दूसरे नंबर पर मंजू रोहिल्ला रहीं।

### भीलवाड़ा में आशा सहयोगिनियों ने मांगों को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

भीलवाड़ा। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में कार्यरत आंगनबाड़ी आशा सहयोगिनियों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम आज यहां प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। आशा सहयोगिनी कर्मचारी संघ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुशीला जोशी ने बताया कि भीलवाड़ा जिले की पन्द्रह सौ से अधिक आशा सहयोगिनियों को सरकार ने आनन-फानन में आदेश जारी कर महिला बाल विकास विभाग से चिकित्सा विभाग में भेज दिया। दोनों विभागों के अधिकारियों ने इस विषय में विचार नहीं किया, जिससे संशय की स्थिति उत्पन्न हो गई। पिछले छह महीनों से सहयोगिनियों को मानदेय का भुगतान नहीं मिला। उन्होंने बताया कि आशा सहयोगिनियों को अवकाश सहित अन्य सुविधाएं भी नहीं मिल रही। स्वयं सहायता समूहों का भी पोषाहार का पैसा अटका हुआ है। इससे इन कर्मचारियों में आक्रोश है। आशा सहयोगिनी कर्मचारी संघ तथा भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया। उधर महात्मा गांधी अस्पताल में सेवाएं दे रही यशोदाओं ने भी तीन महीने से वेतन नहीं मिलने एवं अन्य समस्याओं को के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

### मिट्टी ढहने से महिला एवं दो बालिकाएं घायल

भरतपुर। राजस्थान के भरतपुर में बयाना के गांव नगला प्लॉट महरावर में बुधवार को मिट्टी की ढाय ढहने से एक महिला एवं दो बालिकाएं मिट्टी में दबकर घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रियंका जाटव (22) अपनी दो भतीजी राधिका (14) और आरती (8) के साथ् आज सुबह घर की लिपाई के लिए जंगल में खदान पर मिट्टी लेने गई थीं। इसी दौरान मिट्टी खोदते समय अचानक मिट्टी की ढाय ढह गई। इससे प्रियंका, राधिका और आरती तीनों मिट्टी के ढेर में दब गई। तीनों की चीख-पुकार सुनकर पास में ही मिट्टी खोद रहीं अन्य महिलाओं ने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से तीनों को मिट्टी के ढेर से बाहर निकाला। हादसे की शिकार तीनो को बयाना सीएचसी में भर्ती कराया गया है।डॉक्टरों ने फिलहाल तीनों घायलों को खतरे से बाहर बताया है।

### युवक ने रेल के आगे लेटकर की आत्महत्या

भरतपुर। राजस्थान के भरतपुर में बंशी पहाड़पुर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के आगे लेटकर एक युवक द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रूदावल थाना क्षेत्र में महलपुर चूरा निवासी 30 वर्षिय रंजीत की अपनी बेटी की शादी को लेकर उनके दोनों भाइयों से मंगलवार रात कहासुनी हुई थी और उसकी पत्नी पीहर गई हुई थी। इसके बाद रात करीब दो बजे रंजीत के शव को एक ट्रेन के ड्राइवर ने पटरियों के पास पड़ा देखा जिसके बाद ट्रेन के ड्राइवर ने रेलवे स्टेशन पर घटना की सूचना दी।
घटना की सूचना पर मुकामी पुलिस आज सुबह मौके पर पहुंची और धड़ से अलग हुए सिर सहित क्षतविक्षत शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण में सवाईमाधोपुर जिला दूसरे स्थान पर रहा

जयपुर। ऑनलाईन शिकायत निवारण प्रणाली राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण के मामले में सवाईमाधोपुर जिला दूसरे पायेदान पर रहा है। पोर्टल के दर्ज प्रकरणों के निस्तारण में राज्यस्तर पर सभी जिलों की प्रतिमाह की जाने वाली रैंकिंग में गत मई में सवाईमाधोपुर जिला द्वितीय स्थान पर रहा। जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर सुरेश कुमार ओला ने बताया कि जब उन्होंने जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर का पदभार ग्रहण किया था तब सवाईमाधोपुर जिला सम्पर्क पोर्टल पर 30वें स्थान पर था। पोर्टल पर लंबी समयावधि से लम्बित परिवेदनाएं विभिन्न विभागों के स्तर पर लंबित थी जिनकी संख्या काफी अधिक थी। आमजन की इन लंबित परिवेदनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं सन्तोषजनक समाधान के लिए सम्पूर्ण जिले में गत जनवरी से लगातार ग्राम पंचायत स्तर पर समाधान शिविर लगाये गये तथा परिवादियों की नियमित सुनवाई की जाकर लंबित परिवेदनाओं का निस्तारण किया गया। समस्त विभागों के जिला एवं उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों की नियमित सामूहिक एवं मासिक बैठकों द्वारा परिवादों की समीक्षा की गई तथा लंबित परिवादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराकर परिवादियों को राहत प्रदान की गई। श्री ओला ने बताया कि राज्य स्तर पर की जाने वाली रैंकिंग में सवाईमाधोपुर जिला फरवरी में 10वें, मार्च में छठे तथा अप्रैल में चौथे स्थान पर और मई में दूसरे स्थान पर आ गया है। राज्य सरकार की महत्वपूर्ण ऑनलाईन शिकायत निवारण प्रणाली राजस्थान सम्पर्क पोर्टल (सीएम हैल्पलाईन-181) पर परिवादी अपनी समस्या का घर पर रहते हुए ही समाधान प्राप्त करता है। इसमें 181 नम्बर पर नि:शुल्क कॉल कर शिकायत दर्ज की जाती है। प्रत्येक आम-आदमी कभी भी एवं कहीं से भी अपने मोबाईल से 181 नम्बर डायल कर शिकायत दर्ज कर सकता है, उसकी समस्या को संबंधित विभाग द्वारा समाधान कर फोन से परिवादी को अवगत कराया जाता है।

### एक जुलाई से पेंशन प्रकरणों का होगा ऑनलाइन निस्तारण

जयपुर। राजस्थान सरकार के सभी विभागों में आगामी एक जुलाई से समस्त नवीन पेंशन प्रकरण ई-पेंशन मॉड्यूल के माध्यम से ही निस्तारित किए जाएंगे। इस संबंध में पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण निदेशालय की ओर से परिपत्र जारी किय गया है। परिपत्र के अनुसार पेंशन प्रकरणों के त्वरित एवं सरलीकृत निस्तारण के लिए ई-पेंशन मॉड्यूल विकसित किया गया है। सभी विभागाध्यक्षों से अपेक्षा की गई है कि एक जुलाई, 2022 एवं उसके बाद सभी नवीन पेंशन प्रकरणों को पेंशन विभाग की वेबसाइट पेंशनडॉटराजडॉटनीकडॉटइन पर उपलब्ध ई-पेंशन मॉड्यूल के माध्यम से ही पेंशन निदेशालय को भिजवाना सुनिश्चित किया जाए। सभी विभागाध्यक्षों को अपने अधीनस्थ कार्यालयों के पेंशन प्रकरणों को भी ऑनलाइन ही भिजवाया जाना सुनिश्चित करना होगा। ऑनलाइन पेंशन आवेदन की सम्पूर्ण प्रक्रियात्मक जानकारी यूजर मैनुअल के रूप में पेंशन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस संबंध में सभी विभागों को तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

# अग्निपथ योजना भी वापस लेगी मोदी सरकार

## राहुल गांधी ने कृषि कानूनों का दिया हवाला

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अग्निपथ योजना के माध्यम से सेना को कमजोर कर रही है, इसलिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को इस नई सैन्य भर्ती योजना को वापस लेना होगा जैसे कृषि कानूनों को वापस लिया गया था।



पूर्व कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी इस वक्त नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पूछताछ का सामना कर रहे हैं। अपने समर्थन में सड़क पर प्रदर्शन करने वाले कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वह पूछताछ के दौरान अकेले नहीं हैं, बल्कि लोकतंत्र के लिए लड़ने वाले सभी लोग उनके साथ हैं। केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि देश में सबसे बड़ा मुद्दा नौकरियों का है और सरकार ने छोटे और मध्यम व्यवसायों को नुकसान पहुंचाकर देश की रीढ़ तोड़ दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को दो-तीन उद्योगपतियों के हवाले कर दिया है और अब सेना में नौकरियों का आखिरी रास्ता भी बंद हो गया है।

### सेना को कमजोर कर रही सरकार

राहुल गांधी ने कहा, वे एक रैंक, एक पेंशन की बात करते थे, अब वे नो रैंक, नो पेंशन लेकर आए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चीनी सेना हमारी जमीन पर बैठी है और ऐसे वक्त पर सेना को मजबूत किया जाना चाहिए लेकिन सरकार इसे कमजोर कर रही है। आगे कहा, जब युद्ध होगा तो इसके परिणाम स्पष्ट होंगे ... वे सेना को कमजोर कर रहे हैं, इससे देश को नुकसान होगा और वे खुद को राष्ट्रवादी कहते हैं।

### मोदी सरकार वापस लेगी अग्निपथ योजना

उन्होंने कहा, मैंने कृषि कानूनों के बारे में कहा था कि मोदीजी को उन्हें वापस लेना होगा और उन्होंने ऐसा ही किया। अब, कांग्रेस कह रही है कि प्रधानमंत्री मोदी को अग्निपथ योजना वापस लेनी होगी और सभी युवा इस पर हमारे साथ खड़े हैं।

# महाराष्ट्र संकट : गुवाहाटी के होटल में बागी विधायकों की गहमा-गहमी

गुवाहाटी। असम के गुवाहाटी के रेडिसन ब्लू होटल में डेरा डाले शिवसेना के बागी विधायक अपनी अगली कार्रवाई को अंतिम रूप देने के लिए यहां लगातार मंत्रणा कर रहे हैं।

रेडिसन ब्लू में 33 शिवसेना के और सात निर्दलीयों सहित कुल 40 विधायक ठहरे हैं और आपस में मंत्रणा कर रहे हैं। इसके अलावा यहां असम के कुछ वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री भी मौजूद हैं। सूत्रों ने कहा कि शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को सरकार बनाने के लिए शक्ति प्रदर्शन करने के लिए मुलाकात के लिए पत्र लिखा है।

उन्होंने कहा कि विधायक यहां होटल में तीन दिन रुक सकते हैं, लेकिन जब श्री शिंदे को यह यकीन हो जाएगा कि उनके पास सरकार बदलने के लिए पर्याप्त संख्या बल है तो परिदृश्य बदल सकता है।

इधर राज्यपाल कोश्यारी का बुधवार से कोविड-19 का उपचार चल रहा है।

उनकी अनुपस्थिति में गोवा के राज्यपाल पी एस श्रीधरन पिल्लई को महाराष्ट्र के राज्यपाल अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस तरह की पुख्ता सूचना है कि श्री पिल्लई ने श्री बागी नेता श्री शिंदे को वीडियों कांफ्रेस के जरिये सरकार बनाने के लिए अपना संख्या बल दिखाने पर अपनी सहमति दे दी है।

कुछ सूत्रों ने हालांकि दावा किया कि शिंदे बुधवार को भी पिल्लई से मिलने के लिए मुंबई के लिए उड़ान भर सकते हैं।

# अग्निवीरों को हरियाणा सरकार देगी नौकरी की गारंटी

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने अग्निपथ योजना के तहत सेवानिवृत्ति के बाद अग्निवीरों को नौकरी की गारंटी दी है।
मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को यहां कहा कि जो कोई अग्निवीर सरकार की सेवाओं में शामिल होना चाहता है, उसे नौकरी अवश्य दी जाएगी। अग्निवीरों को ग्रुप सी अथवा पुलिस की नौकरी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने भावी अग्निवीरों से कहा कि आप देश की चिंता करिए, आपकी चिंता हम करेंगे।
इस फैसले के बाद हरियाणा अग्निवीरों को नौकरी सुनिश्चित करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। यह सरकार का अग्निवीरों के लिए नायाब तोहफा है। इससे निश्चित तौर पर युवाओं का सेना के प्रति अधिक रुझान बढ़ेगा। श्री खट्टर ने कहा कि अग्निपथ योजना से तीनों सेनाओं की मानव संसाधन नीति में एक नए युग की शुरुआत हुई है। यह केंद्र सरकार द्वारा किया गया एक प्रमुख रक्षा नीति सुधार है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निपथ युवाओं के लिए ही नहीं बल्कि सेना के लिए भी बेहतर योजना है। जहाँ एक तरफ अग्निपथ योजना से देश की सेना शक्तिशाली होगी, वहीं दूसरी तरफ चार साल की राष्ट्र सेवा के बाद हमारे अग्निवीर बेहतर समाज निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। अग्निपथ योजना से नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, इससे हरियाणा के युवाओं को काफी फायदा होगा।

# सोनिया गांधी ने ईडी को लिखी चिट्ठी, पूरी तरह से ठीक होने तक पेशी टालने की रखी मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय को चिट्ठी लिखकर एजेंसी के सामने अपने पेश होने के लिए कुछ हफ्तों का और समय मांगा है। उन्होंने कहा कि जब तक वह कोविड और फेफड़ों के संक्रमण से पूरी तरह ठीक नहीं हो जाती हैं तब तक उन्हें पेशी से राहत दी जाए। प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को 23 जून को पूछताछ के लिए तलब किया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा, चूकि उन्हें (सोनिया गांधी) कोविड और फेफड़ों के संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती होने के बाद अब घर पर आराम करने की सलाह दी गई है। इसलिए कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी ने आज ईडी को पत्र लिखकर अपनी उपस्थिति को कुछ हफ्तों के लिए स्थगित करने की मांग की है जब तक कि वह पूरी तरह से ठीक नहीं हो जाती।



सोनिया गांधी को सोमवार को दिल्ली के एक प्राइवेट अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है जहां उन्हें कोरोना वायरस संबंधी जटिलताओं के कारण भर्ती कराया गया था। कांग्रेस ने प्रवर्तन निदेशाल की पूरी जांच को राजनीतिक प्रतिशोध करार देते हुए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया है।

### राहुल गांधी से पांच दिन हुई पूतछाछ

ने नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पांचवें दिन मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से 11 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। जांच एजेंसी ने राहुल गांधी को कोई ताजा समन जारी नहीं किया है और यह माना जा रहा है कि उनसे पूछताछ कम से कम फिलहाल के लिए समाप्त हो गई है। राहुल गांधी से पांच दिनों में अब तक 54 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ हो चुकी है, जिस दौरान धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनके बयान दर्ज किए गए।

# विधायक ने सबके सामने कॉलेज के प्रिंसिपल पर उठाया हाथ, सोशल मीडिया पर फजीहत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) के विधायक ने एक कॉलेज के प्रिंसिपल पर हाथ उठा दिया। यह सारा वाकया कैमरे में कैद हो गया और सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद लोग विधायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। दरअसल विधायक एम श्रीनिवास एक कॉलेज के दौरे पर पहुंचे थे। कॉलेज में नए कंप्यूटर लैब के काम को लेकर जब प्रिंसिपल जवाब नहीं दे पाए तो श्रीनिवास ने उनपर हाथ उठा दिया।



वीडियो देखकर ऐसा लगता है कि श्रीनिवास ने दो-तीन बार थप्पड़ मारने की पोजीशन बनाई। हालांकि प्रिंसिपल को थप्पड़ लगा या नहीं. यह स्पष्ट नहीं है।
यह घटना मंड्या की है। 20 जून को श्रीनिवास नलवाड़ी कृष्णा राजा वाडियार आईटीआई कॉलेज का दौरा करने पहुंचे थे। उनके साथ कुछ अधिकारी और राजनेता भी थे। इसमें एक महिला भी शामिल थी।
इस घटना का वीडियो देखकर सोशल मीडिया पर लोगों को गुस्सा फूट पड़ा। एक यूजर ने ट्विटर पर लिखा, इतना कुछ हो गया और प्रिंसिपल शांति से देखता रहा।
कई लोगों ने सोशल मीडिया पर कहा कि प्रिंसिपल को नेता के खिलाफ पुलिस में शिकायत करनी चाहिए। वहीं एमएलए एम श्रीनिवास की तरफ से इस मामले में कोई सफाई सामने नहीं आई है।

# भूस्खलन के कारण श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग दूसरे दिन भी बाधित

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में हो रही मूसलाधार बारिश और इसके प्रभाव में हो रहे भूस्खलन के कारण श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बुधवार को दूसरे दिन भी बाधित रहा, साथ ही ऐतिहासिक मुगल रोड भी बंद रहा। यातायात पुलिस अधिकारी ने बताया कि श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पंथयाल में कई जगहों पर लगातार पत्थर गिर रहे हैं ऐसे में दूसरे दिन भी यातायात बाधित रहा।

भारी बारिश के कारण ऊधमपुर से 16 किलोमीटर दूर टोल्डी नाला में करीब 150 फुट हिस्सा पानी में बह गया। तावी नदी में जलस्तर बढ़ने के कारण कई आधुनिक मशीनें बह गयीं। अधिकारी ने आज राजमार्ग खुलने की कोई संभावना से इंकार कर दिया हालांकि इस भारी बारिश और भूस्खलन किसी की मौत नहीं हुई है।

यातायात विभाग के अधिकारी ने कहा, पूरे राजमार्ग पर भारी बारिश और पत्थरों के गिरने के कारण लगभग 3000 हल्के और भारी वाहन यहां वहां फंसे हैं। दक्षिण कश्मीर के शोपियां को जम्मू मंडल के पुंछ से जोड़ने वाले ऐतिहासिक मुगल रोड पर यातायाता बाधित है।

### राष्ट्रपति चुनाव के लिए राजग उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने मंदिरों में की पूजा अर्चना



भुवनेश्वर। झारखंड की पूर्व राज्यपाल एवं आदिवासी महिला नेता द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के मयूरभंज जिले के अपने पैतृक गांव रायरंगपुर के कई मंदिरों के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। श्रीमती मुर्मू को राष्ट्रपति चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार बनाया गया है। श्रीमती मुर्मू ने आज सुबह रायरंगपुर में भगवान जगन्नाथ, हनुमान और शिव मंदिरों के दर्शन किए और वहां पूजा-अर्चना की। उन्होंने पूजा अर्चना करने से पहले शिव मंदिर परिसर की सफाई की। उन्होंने रायरंगपुर में प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का भी दौरा किया। राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामांकन के बाद श्रीमती मुर्मू को जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की गई है। यदि श्रीमती मुर्मू राष्ट्रपति चुनाव जीत जाती हैं तो वह देश के शीर्ष संवैधानिक पद पर काबिज होने वाली ओडिशा की पहली महिला होंगी। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए श्रीमती मुर्मू का उम्मीदवार बनाने पर उन्हें बधाई दी। जो वर्तमान में रोम में हैं। इसके अलावा केंद्रीय और जनजातीय मामलों के राज्य मंत्री बिसेश्वर टुडू और भारतीय जनता पार्टी ओडिशा राज्य इकाई के अध्यक्ष समीर मोहंती ने उन्हें बधाई दी। श्री पटनायक ने कहा, देश के सर्वोच्च पद के लिए राजग के उम्मीदवार के रूप में घोषित होने पर श्रीमती मुर्मू को बधाई। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने मेरे साथ इस पर चर्चा की तो मुझे खुशी हुई। यह वास्तव में ओडिशा के लोगों के लिए गर्व का क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे विश्वास है कि श्रीमती मुर्मू देश में महिला सशक्तिकरण के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण स्थापित करेंगी ।भाजपा नेता मोहंती ने कहा कि राजग से श्रीमती मुर्मू को राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाए जाने पर बहुत-बहुत बधाई।

### सड़क बनाते समय पहाड़ से गिरा मलबा, एक महिला की मौत, तीन घायल

उत्तरकाशी/देहरादून। उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी जिले में बुधवार सुबह महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत सड़क बना रही महिलाओं पर अचानक पहाड़ से मलवा गिरने से एक महिला की मौत हो गयी, जबकि अन्य तीन अन्य घायल हो गए उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी डीएस पटवाल ने बताया कि आज सुबह तहसील मोरी के ग्राम कीताडी में मनरेगा योजना के अन्तर्गत चार महिलाएं काम कर रही थीं। सड़क बनाने के काम में लगी चारों महिलाएं सुबह लगभग 7.30 बजे अचानक पहाड़ से गिरे मलवे की चपेट में आ गईं। सूचना मिलते ही, स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस एवं एसडीआरएफ की मदद से सभी को मलवे से निकाला।

# कुख्यात अपराधी तोमर से संबंधों के खुलासे के बाद आईएएस अधिकारी की जांच कराने की मांग

देहरादून। उत्तराखण्ड में बड़े पैमाने पर जमीनों की बेनामी खरीद-फरोख्त में राज्य की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और उत्तर प्रदेश पुलिस की जांच में कुख्यात भू माफिया गैंगस्टर यशपाल तोमर से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी आर मीनाक्षी सुंदरम के परिजनो के संबंध उजागर होने के बाद अधिकारी की जांच भी कराने की मांग होने लगी है।

जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने विकासनगर में संवाददाताओं से बातचीत में सम्बंधित साक्ष्य प्रस्तुत करते हुये मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उक्त आईएएस अधिकारी एवं इनके परिजनों की जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि श्री सुंदरम एवं इनके परिजनों तथा करीबियों के भू-माफियाओं से संबंधों, फर्जीवाड़ा कर जमीन की खरीद-फरोख्त, जबरन ओने- पौने दामों में दलितों की भूमि कब्जाने, जिलाधिकारी हरिद्वार रहते हुए इनके द्वारा किए गए काले कारनामे एवं इनके द्वारा जमीन से जुड़े मामलों में दिए गए निर्णय एवं आदेशों की गहन जांच पड़ताल की जानी चाहिए। जिससे प्रदेश को इन जैसे भ्रष्ट अफसरों से बचाया जा सके।

श्री नेगी ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड में तहलका मचाने वाली इतनी बड़ी घटना के समाचार सरकार के कानों तक नहीं पहुंच पाये या फिर सरकार अपने लाडले, कमाऊ पूत सचिव को बचाना चाहती है।

तथ्यों को दिखाते हुए उन्होंने कहा कि मई 2022 में इस अधिकारी के ससुर के खिलाफ हरिद्वार के एक भूमाफिया, गैंगस्टर यशपाल तोमर से नज़दीकियां एवं जमीन की खरीद-फरोख्त के मामले में दादरी, ग्रेटर नोएडा थाने में 420,467, 468, 471 एवं 506 के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई है। जो इनकी भू- माफियाओं से नजदीकी की पुष्टि करता है। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि वैसे कई अधिकारी और भी हैं, जो इस कारनामे में शामिल हैं।


मोर्चा अध्यक्ष ने चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि सुशासन एवं भ्रष्टाचार मिटाने की बड़ी-बड़ी बातें करने वाली सरकार ने अब तक ऐसे भ्रष्ट अधिकारी को अपनी टीम से बाहर नहीं किया, जिससे प्रतीत होता है कि सरकार द्वारा लॉन्च भ्रष्टाचार- रोधी एप सिर्फ जनता को गुमराह करने के लिए बनाया गया है।

उन्होंने सरकार से मांग की कि ऐसे भ्रष्ट अधिकारी को बाहर का रास्ता दिखा कर, इनकी तमाम संपत्तियों एवं माफियाओं से संबंधों की जांच कराएं।

इस अवसर पर आरटीआई एक्टिविस्ट दिलबाग सिंह एवं प्रवीण शर्मा पिन्नी मौजूद थे।

# अग्निपथ योजना युवाओं के भविष्य के साथ छलावा : महागठबंधन

**पटना।** बिहार की मुख्य विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत महागठबंधन ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर अग्निपथ योजना से रोजगार के नाम पर युवाओं के भविष्य के साथ छलावा करने का आरोप लगाते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की।
विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और महागठबंधन में शामिल कांग्रेस को छोड़कर सभी वामपंथी दलों के विधायकों एवं विधान पार्षदों ने बुधवार को अग्निपथ योजना के विरोध में यहां के बिहार विधानमंडल परिसर से राजभवन मार्च निकाला। पुलिस की कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था और उमस भरी गर्मी के बीच महागठबंधन के नेता नारेबाजी करते हुए राजभवन की ओर धीरे-धीरे बढ़ते रहे। मीडियाकर्मियों का हुजूम भी उनके साथ रहा।
राज्यपाल फागू चौहान से मुलाकात के बाद राजभवन परिसर के बाहर विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता श्री यादव ने वामपंथी दलों के नेताओं की मौजूदगी में संवाददाताओं से बातचीत में केंद्र सरकार से तत्काल अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग की। साथ ही अग्निपथ के विरोध के दौरान बिहार में गिरफ्तार किए गए सभी आंदोलनकारियों को रिहा करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना देश हित में नहीं है। केंद्र की मोदी सरकार रोजगार के नाम पर युवाओं के भविष्य से छलावा कर रही है।



प्रतिपक्ष के नेता ने कहा कि यह योजना तत्काल बंद होनी चाहिए। यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का हिडेन एजेंडा है। उन्होंने अग्निपथ के खिलाफ युवाओं का आंदोलन शांत होने के बावजूद राजभवन मार्च पर सफाई देते हुए कहा कि वायलेंस शांत हो गया लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि विरोध शांत हुआ है। वायलेंस विरोध प्रदर्शन नहीं होता है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि आज सरकार कह रही है चार साल के बाद 14 लाख देंगे, 14 लाख देकर क्या एहसान करेंगे।
श्री यादव ने अग्निपथ योजना की खामियां गिनाते हुए कहा कि सरकार ग्रेच्युटी का पैसा बचाना चाहती है। ऐसी योजनाओ से देशभक्ति की भावना नहीं आएगी।
उन्होंने कहा कि हमने सरकार से 20 सवाल किए थे, जिनके जबाब नही मिले हैं। भाजपा के नेता कहते है चार साल के बाद अग्निपथ में सेवा कर लौटने वालों को भाजपा कार्यालय में रखेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता युवाओं को इस बयान के जरिये बेइज्जत करने में लगे हुए हैं।
प्रतिपक्ष के नेता ने कहा कि भाजपा के नेता अपने बच्चों को अग्निवीर बनाएं। हम 24 लाख देंगे और राजद कार्यालय में रख लेंगे। उन्होंने इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की चुप्पी पर भी सवाल खड़ा किया। मुख्यमंत्री श्री कुमार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि विरोध करना है तो श्री कुमार खुलकर विरोध करें।
इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने अग्निपथ योजना को लेकर केंद्र सरकार की जमकर आलोचना की।

## शार्ट न्यूज

### महिला के अश्लील फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर डाले

ग्रेटर नोएडा। एक आरोपी ने एक महिला की अश्लील वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किए हैं। इसको लेकर पीड़िता ने सेक्टर 113 थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर 74 स्थित एक सोसाइटी में रहती हैं। उनका आरोप है कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उनकी अश्लील वीडियो व फोटो ले ली। अब आरोपी वीडियो व फोटो को इंस्टाग्राम, फेसबुक और व्हाट्सएप ग्रुप पर डालकर महिला को बदनाम कर रहा है। महिला को उसके परिचितों ने आरोपी की करतूत के बारे में जानकारी दी। इसके बाद महिला ने उसके खिलाफ पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। साइबर सेल की मदद से आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### जिला अस्पताल में क्लब फुट का निशुल्क इलाज

नोएडा। जिला अस्पताल में क्लब फुट का निशुल्क इलाज शुरू किया गया है। दो साल तक के बच्चों का इलाज शामिल किया गया है। क्लब फुट इलाज के जागरूकता के लिए सोमवार को दनकौर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के डॉ. मनीष यादव ने बताया कि क्लब फुट के इलाज के लिए मिरेकल फिट संस्था जिला अस्पताल में काम कर रही है। लिहाजा यहां जाकर इसका निशुल्क इलाज करवाया जा सकता है। आरबीएसके और एनएचएम के तहत यह संस्था सेवाएं दे रही है। कार्यक्रम अधिकारी प्रीति खंडूरी ने भी जन्म से ही होने वाली इस परेशानी के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया।

### बाइक सवार बदमाशों ने युवक से लूटा आईफोन

नोएडा। डीएलएफ मॉल में शॉपिंग करने आये एक युवक से बाइक सवार बदमाशों ने आई फोन लूट लिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने सेक्टर-20 थाना पुलिस से घटना की शिकायत की है। जानकारी के अनुसार गाजियाबाद निवासी प्रदीप कुमार सोमवार को अपनी पत्नी के साथ सेक्टर-18 स्थित डीएलएफ मॉल में कुछ खरीदारी करने के लिए आए थे। बताया गया है कि इस दौरान जब वह मॉल के गेट नंबर तीन के पास से गुजर रहे थे। तभी पीछे से आई एक बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके हाथ से महंगा आईफोन छीन लिया। जब तक वह कुछ समझ पाते तब तक बदमाश मौके से फरार हो गये। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस कंट्रोल रुम को सूचना दी। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-20 थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है और आस-पास लेग सीसीटीवी कैमरो की फुटैज भी चैक कर रही है।

### 16वीं मंजिल से कूदकर महिला ने की आत्महत्या

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट में बुधवार को ऐस सिटी हाउसिंग सोसाइटी में रहने वाली एक महिला ने 16वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली है। घटना की खबर मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के मुताबिक महिला अपने परिवार के साथ ऐस हाउसिंग सोसायटी के आई ब्लॉक में फ्लैट नंबर 1605 में रहती थी। बताया जा रहा है कि जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय महिला घर में अकेली थी। महिला बालकनी से कूदी है।पुलिस ने सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचकर महिला के शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस इस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

### भगवान पशुपतिनाथ की मूर्ति भेंट की

खोडा। अंतर्राष्टीय योग दिवस के शुभ अवसर पर प्रवासी एकता स्वाभिमान विचार मंच खोड़ा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में खोड़ा निवासी नेपाल के पूर्व सांसद केदार नंदन चौधरी, पूर्व राज्य मंत्री सच्चिदानंद पोखरियाल एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुभाष प्रधान का स्वागत किया गया । इस उपलक्ष्य में नेपाल के पूर्व सांसद केदार नंदन चौधरी ने कहा कि भारत और नेपाल का आपस में रोटी और बेटी का संबंध है. मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत के संबंध समस्त पड़ोसी देशों से मधुर हुए हैं. नेपाल भी उनमें से एक है। उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत के कुछ अनसुलझे मुद्दों को लेकर अतिशीघ्र एक उच्च स्तरीय कार्यक्रम दिल्ली में आयोजित किया जाएगा जिसमें दोनों देशों के नीतिकारों को आमंत्रित किया जाएगा। भारत के प्रयास से योग दिवस को मनाने के लिए आज पूरा विश्व एक मंच पर दिखाई देता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व राज्य मंत्री सच्चिदानंद पोखरियाल ने कहा कि यदि मन आत्मा और शरीर को स्वस्थ रखना है तो उसके लिए योग ही एकमात्र साधन है । योग आसन से शरीर स्वस्थ रहता है। प्राणायाम से सांसो में वृद्धि होती है। ध्यान से आत्मा जागृत होती है और मन के समर्पण से ईश्वर की प्राप्ति होती है, उन्होंने कहा कि मोदी जी के कुशल नेतृत्व में आज पूरा विश्व भारत की सनातन संस्कृति योग को अपना रहा है । भाजपा नेता सुभाष प्रधान ने कहा कि योग वह चमत्कारिक शक्ति है जो मनुष्य को समस्त रोगों से दूर रखती है।

# भाजपा का असली चेहरा देश के सामने आया, मोदी सरकार दिल्ली में तोड़ने जा रही 53 मंदिर, दिल्ली सरकार को भेजा पत्र : संजय सिंह

## भाजपा के लोग देश भर में धर्म के नाम पर ड्रामा करते हैं और दिल्ली में 53 मंदिरों को तोड़ने की योजना बना रहे हैं : संजय सिंह

**प्रफुल्ल राय गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आज भाजपा द्वारा दिल्ली में 53 मंदिरों को तोड़ने की बनाई जा रही योजना का खुलासा किया। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि भाजपा का असली चेहरा देश के सामने आ गया है। मोदी सरकार दिल्ली में 53 मंदिरों को तोड़ने जा रही है। मोदी सरकार ने दिल्ली सरकार को चिट्ठी भेजकर कहा है कि हमें श्रीराम, श्रीकृष्ण, हनुमान, शिव, माता दुर्गा, साईं बाबा समेत 53 मंदिरों को तोड़ने के लिए धार्मिक समित की अनुमति चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग देश भर में धर्म के नाम पर ड्रामा करते हैं और दिल्ली में 53 मंदिरों को तोड़ने की योजना बना रहे हैं। इस मामले में पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा दिल्ली प्रमुख आदेश गुप्ता को सामने आकर दिल्ली की जनता से हाथ जोड़कर माफी मांगनी चाहिए। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि इस मामले में भाजपा को सामने आकर दिल्ली की जनता को जवाब देना चाहिए। दिल्ली में मंदिरों को तोड़ने की साजिश भाजपा के असली चेहरे को उजागर करता है कि ये लोग हिन्दू धर्म के कितने बड़े विरोधी हैं।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आज पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिल्ली में कई मंदिरों को तोड़ने की बनाई जा रही योजना का पर्दाफांस किया। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि भाजपा के लोग धर्म के नाम पर ड्रामा करते हैं। धर्म के नाम पर झगड़े कराएंगे, नफरत फैलाएंगे। दिल्ली में धर्म के नाम पर ड्रामा करेंगे और भाजपा के लोग धर्म का सबसे बड़ा ठेकेदार बनने का काम करेंगे, लेकिन दिल्ली में एक-दो नहीं, बल्कि 53 मंदिरों को तोड़ने की योजना है। भाजपा और नरेंद्र मोदी की सरकार दिल्ली में 53 मंदिर तोड़ने जा रही है। भाजपा को सामने आकर इसका जवाब देना पड़ेगा कि यही तुम्हारा असली चेहरा है। मोदी सरकार ने दिल्ली सरकार को पत्र लिखा है कि धार्मिक समिति से हमें अनुमति चाहिए। दिल्ली सरकार को केंद्र सरकार ने चिट्ठी लिखी है कि हमें दिल्ली में 53 मंदिरों को तोड़ने की अनुमति चाहिए।

राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी, आदेश गुप्ता और भाजपा का यह असली चेहरा है। ये लोग दिल्ली के 53 मंदिरों को तोड़ने जा रहे हैं। जिसमें प्रभु श्रीराम, प्रभु श्रीकृष्ण, हनुमान, महादेव शिव, माता दुर्गा, साईं बाबा का मंदिर समेत कोई मंदिर नहीं छोड़ रहे हैं। भाजपा के लोगों को अपने चेहरे पर कालिख लगाकर घूमना चाहिए। भाजपा के लोग देश भर में धर्म और मंदिर के नाम पर ड्रामा करते हैं। दिल्ली में जहां आम आदमी पार्टी की सरकार है, वहां 53 मंदिर तोड़ने जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी जी, भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश और पूरी भाजपा को मैं देश के सामने बेनकाब कर रहा हूं। संजय सिंह ने मीडिया को एक कागजात दिखाते हुए कहा कि यह कागजात इस बात का सबूत है कि भाजपा के लोग हिन्दू धर्म के कितने बड़े विरोधी हैं। नरेंद्र मोदी जी और भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता को सामने आकर दिल्ली की जनता से हाथ जोड़कर माफी मांगनी चाहिए। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि 53 मंदिरों को तोड़ने के मामले में भाजपा को सामने आकर दिल्ली की जनता को जवाब देना चाहिए। दिल्ली में मंदिरों को तोड़ने की साजिश भाजपा के असली चेहरे को उजागर करता है कि ये लोग हिन्दू धर्म के कितने बड़े विरोधी हैं।

### इन मंदिरों को तोड़ने जा रही है मोदी सरकार

राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली में तोड़े जाने वाले मंदिरों की जानकारी देते हुए कहा कि त्यागराज नगर में श्री काली मंदिर, श्री हनुमान मंदिर, श्री कृष्ण अध्यात्मिक कुटिर मंदिर, श्रीराम प्राचीन मंदिर, श्री गुरगांव वाली माता मंदिर, कस्तुरबा नगर में हनुमान मंदिर, प्राचीन पीपल महादेव मंदिर, रेलवे फूट ओवर ब्रिज के पास बना माता मंदिर, प्राचीन साईं धाम मंदिर, शिव मंदिर, प्राचीन काली माता मंदिर, दुर्गा माता मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर, प्राचीन शीतला माता मंदिर, ब्लाक एम में बना शिव मंदिर, ब्लॉक एक में हनुमान मंदिर, ब्लॉक बी में शिव मंदिर, शिव बाल मंदिर, ब्लॉक एच के साईं मंदिर, सेवा नगर चौक के पास हनुमान मंदिर, प्राचीन महाकाली मंदिर, बालाजी मंदिर, प्राचीन सनातन धर्म मंदिर, श्री शिव हनुमान मंदिर, श्रीनिवासपुरी में शिद्धेश्वर हनुमान मंदिर, श्री मदेश्वर मंदिर महिला सत्संग, श्री देव सथानम मंदिर, श्री शनि मंदिर, साईं धाम मंदिर, नील कंठ महादेव मंदिर, श्री शक्ति हनुमान मंदिर, मोहम्मदपुर में विश्व व्यापी राम नाम जय योगी शिव मंदिर, नौरोजी नगर में आर्य समाज मंदिर, सनातन धर्म मंदिर, गुरुद्वारा नौरोजी नगर, सरोजनी नगर में प्राचीन शिव मंदिर, प्राचीन हनुमान मंदिर, साईं मंदिर बाबू मार्केट, पालिका आवास मंदिर, प्राचीन सिद्ध शक्ति पीठ मंदिर, शनि मंदिर को तोड़ने की योजना है।

# नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने आज अपनी परिषद की बैठक में विभिन्न नागरिक और कर्मचारी केंद्रित प्रस्तावों को मंजूरी दी : उपाध्यक्ष पालिका परिषद्

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष - श्री सतीश उपाध्याय ने सूचित किया है कि आज की परिषद की बैठक में एनडीएमसी ने अपने समक्ष रखी एजेंडा मदों में निम्नलिखित नागरिक और कर्मचारी केंद्रित प्रस्तावों पर विचार और अनुमोदन किया है।

उपाध्याय ने आज की बैठक का संक्षिप्त विवरण देते हुए निम्नलिखित जानकारी दी

### 1. सरोजिनी नगर मार्केट, नई दिल्ली में स्थित फ्लैटों के संबंध में क्षति शुल्क की गणना के लिए आवासीय दरों को अपनाना

परिषद ने आर.के.पुरम /मोती बाग की आवासीय भूमि दरों को सरोजनी नगर मार्केट में स्थित फ्लैटों के संबंध में क्षति शुल्क आदि की एनडीएमसी काउंसिल रेजोल्यूशन संख्या 11 (एल-11) दिनांक 28.02.2019 गणना के उद्देश्य से अपनाया ।

चूंकि, सरोजिनी नगर मार्केट का आवासीय भूमि दरों की अनुसूची में उल्लेख नहीं किया गया था, इसलिए विभाग ने सरोजिनी नगर मार्केट में स्थित आवासीय फ्लैटों के संबंध में आर.के.पुरम, जो कि निचली तरफ है, की भूमि दरों को लेकर क्षति शुल्क की गणना की थी।

उन्होंने कहा कि पहले गणना खान मार्केट की दरों पर की जा रही थी जो अधिक थी। अब आर.के.पुरम की दरों के अनुसार हर्जाना वसूलने का प्रस्ताव है जो की सरोजनी नगर मार्केट के करीब भी है और कम भी है।

उपाध्याय ने कहा कि हमें इस मुद्दे पर पहले बाजार व्यापारी संघों से अभ्यावेदन प्राप्त हुआ था। श्री उपाध्याय ने कहा कि हमने चौबीसों घंटे दुकानदारों के साथ काम किया है और हम इन दुकानदारों के साथ खड़े हैं क्योंकि दुकानदार किसी भी अर्थव्यवस्था में रीढ़ की हड्डी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है । उन्होंने आश्वासन दिया कि यह निर्णय न केवल न्यायसंगत है क्योंकि यह निचला पक्ष है बल्कि दुकानदारों को वित्तीय लाभ से बड़ी राहत भी होगी ।

### 2. श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग से होते हुए टेलीग्राफ लेन से कस्तूरबा गांधी मार्ग तक स्ट्रक्चरल लाइनर विधि द्वारा मौजूदा 600 मिमी व्यास वाली आरसीसी सीवर लाइन का पुनर्वास

परिषद ने टेलीग्राफ लेन से कस्तूरबा गांधी मार्ग वाया माधवराव सिंधिया मार्ग तक क्योर्ड इन प्लेस पाइप (सीआईपीपी) विधि से एनपी-2 क्लास卐आरसीसी पाइप की पुरानी सीवर लाइन के पुनर्वास के कार्य को स्वीकृति प्रदान की है। मुख्य कार्य के लिए अलग-अलग विस्तृत अनुमान के लिए भाग-ए और बी में कार्य अर्थात लाइनिंग कार्य और इसके पूर्व और बाद के परामर्श कार्य । इस उद्देश्य के लिए परिषद ने 5.57 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है ।

उपाध्याय ने कहा कि भारत के माननीय प्रधान मंत्री ने पहले ही 2014 में प्रत्येक शहर में बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, पार्कों आदि में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छता मिशन की घोषणा की थी। इस विकास पहल के पीछे एनडीएमसी का मकसद एनडीएमसी क्षेत्र को सुशोभित करना और आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में 7 स्टार रैंकिंग हासिल करना है। उन्होंने कहा कि टीम एनडीएमसी भारत के माननीय प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण को सच्ची भावना के साथ लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### 3. एनडीएमसी में सांख्यिकीय सहायक के पद के लिए आरआर में शिक्षा योग्यता में संशोधन

यह देखा गया है कि सांख्यिकी में एक विषय के रूप में अर्थशास्त्र में मास्टर ऑफ आर्ट्स के सांख्यिकीय सहायक डिग्री के पद के लिए आवश्यक शिक्षा योग्यता दुर्लभ संयोजन है क्योंकि सांख्यिकी का अध्ययन या तो स्नातकोत्तर स्तर पर एक विषय के रूप में किया जा सकता है (अर्थात सांख्यिकी में मास्टर) या स्नातकोत्तर स्तर पर एक पेपर के रूप में।

यह संयोजन वर्तमान में कई कॉलेजों जैसे दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, दिल्ली विश्वविद्यालय में उपलब्ध नहीं है। साथ ही वर्तमान प्रणाली के अनुसार शिक्षा योग्यता को अद्यतन करना आवश्यक है और एक समान पद के लिए दिल्ली के जीएनसीटी द्वारा निर्धारित उपयुक्त विभिन्न योग्यताएं जोड़ें ताकि पर्याप्त संख्या में छात्र उक्त पद के लिए आवेदन करने के योग्य हो सकें। इसलिए, आरआर में उल्लिखित शिक्षा योग्यता में संशोधन की आवश्यकता है।

परिषद ने संकल्प किया कि परिषद के संकल्प संख्या 48 दिनांक 20.07.1989 द्वारा अनुमोदित सांख्यिकीय सहायक के पद के लिए आरआरएस में उल्लेखित शिक्षा योग्यता को आवश्यक: सांख्यिकी / परिचालन अनुसंधान / गणितीय सांख्यिकी / अनुप्रयुक्त सांख्यिकी या स्नातकोत्तर डिग्री में स्नातकोत्तर डिग्री के रूप में संशोधित किया गया है। अर्थशास्त्र / गणित / वाणिज्य में (पोस्ट ग्रेजुएशन / ग्रेजुएशन स्तर में विषय / पेपर में से एक के रूप में सांख्यिकी के साथ)।

उपाध्याय ने उपरोक्त मुद्दे के अलावा, एनडीएमसी में लंबे समय से लंबित विभागीय पदोन्नति से संबंधित मुद्दों को विशेष रूप से सिविल, इलेक्ट्रिक और आर्किटेक्ट आदि विभागों के लिए उठाया है, जो 20-30 वर्षों से देय था।

श्री उपाध्याय ने कहा कि इन सभी विभागों को पदोन्नति न होने और आरआर की समीक्षा के कारण नुकसान हो रहा है और इसके परिणामस्वरूप विभाग के शीर्ष पर एनडीएमसी का कोई अधिकारी नहीं है ।

अध्यक्ष, एनडीएमसी ने आश्वासन दिया है कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से इस मुद्दे की निगरानी शुरू कर दी है और आगे आश्वासन दिया है कि जल्द ही एनडीएमसी के सभी विभागों में समयबद्ध पदोन्नति जल्द से जल्द शुरू हो जाएगी।

उपाध्याय ने कहा कि एनडीएमसी हमारा परिवार है और कर्मचारियों को समय पर उचित पदोन्नति के माध्यम से प्रेरित करना हमारी पहली प्राथमिकता है।

### 4. पालिका परिषद में सुरक्षा सेवाओं/व्यवस्थाओं के कार्य के लिए वर्ष 2022-23 का वार्षिक अनुमान

परिषद ने कार्य के लिए 42.62 करोड़ रुपये के वार्षिक अनुमान की स्वीकृति प्रदान की। वर्ष 2022-23 के लिए समूह अनुबंध ए, बी, सी, डी, ई, एफ, जी, एच, जे एंड के और अन्य वस्तुओं (सुरक्षा संबंधी कार्यों) के तहत एनडीएमसी परिसर में सुरक्षा सेवाएं / व्यवस्था।

परिषद ने कार्य के लिए 42.62 करोड़ रुपये के वार्षिक अनुमान की स्वीकृति वर्ष 2022-23 के लिए समूह अनुबंध ए, बी, सी, डी, ई, एफ, जी, एच, जे, एंड के और अन्य वस्तुओं (सुरक्षा संबंधी कार्यों) के तहत एनडीएमसी परिसर में सुरक्षा सेवाएं / व्यवस्था प्रदान की ।

### कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता मेरी ताकत : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की पूछताछ के दौरान 50 घंटे तक वह निडर होकर सवालों का जवाब देते रहे और इस दौरान वह अकेले नहीं बल्कि हज़ारों पार्टी कार्यकर्ता और नेता उनकी ताकत बने हुए थे। गांधी ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में उदयपुर घोषणा पत्र के तहत पार्टी के भारत जोड़ो अभियान की श्रृंखला में कांग्रेस नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ईडी के अधिकारी भी उनके निडर और धैर्य के साथ दिए गए सवालों का जवाब देखकर हैरान थे। उनका कहना था कि उसके धैर्य एवम निडरता की बुनियाद में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं की ताकत उनके साथ थी। उन्होंने कहा, अपने निडर कार्यकर्ताओं और नेताओं पर मुझे बहुत गर्व है। आप सब ने बीते दिनों जिस जोश और जुनून से संघर्ष किया और अभी भी कर रहे हैं मैं उससे अभिभूत हूं। उन पांचों दिन मैं अकेला नहीं बैठा था आप सब मेरे साथ बैठे थे। आप सब से मुझे धैर्य मिला, शक्ति मिली। मैं आप सभी को दिल से धन्यवाद देता हूं, परिस्थिति चाहे जो भी हो हम सब साथ मिल कर तानाशाह का मुकाबला करेंगे। गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने रोजगार को खत्म कर दिया है। सेना के लिए जो योजना बनाई है, उसको लेकर वह गारंटी के साथ कह सकते हैं कि सेना से वापस आने के बाद युवाओं को रोजगार नहीं मिलेगा। यह देश के युवाओं के साथ धोखा है और इसे सरकार को रद्द करना चाहिए।

# राजनीति में हो योग, लेकिन योग में न हो राजनीतिः रामदेव

## डीयू द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के दौरान योग ऋषि स्वामी रामदेव ने सिखाये योग के गुर

**आनंद राय गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग सप्ताह के दूसरे दिन पतंजलि आयुर्वेद और योगपीठ, हरिद्वार के संस्थापक योग ऋषि स्वामी रामदेव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस दौरान उन्होने योग के विषय में विस्तार से बताने व योगाभ्यास करवाने के साथ-साथ राष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय संस्कृति एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। दिल्ली विश्वविद्यालय स्टेडियम के बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में संबोधित करते हुए योग ऋषि स्वामी रामदेव ने कहा कि योग राजनीति में भी होना चाहिए, लेकिन योग में राजनीति नहीं होनी चाहिए। स्वामी रामदेव ने कहा कि योग बड़ा सहज काम है इसलिए इसे सहज योग और सहज समाधि कहा गया है। समाधि अष्टांग योग है। उन्होने योग पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि योग आत्म अनुशासन है, आत्म प्रेरणा है और आत्म विश्लेषण के साथ इसके बहुत से आयाम हैं।




शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहना तथा अपने मन, विचार व भावनाओं को काबू में रखना ही योग है। उन्होने तीन विषयों योग का बोध, योग का अभ्यास और योग का आचरण पर विस्तार से बात की। स्वामी रामदेव ने बताया कि उन्होने 4 वेदों, 113 उपनिषदों, रामायण, महाभारत, पुराणों और श्री मदभगवद गीता में लाखों श्लोक सूत्र मंत्र पढे हैं जिनमें से 10 हजार से ज्यादा उन्हें याद हैं। स्वामी रामदेव ने योगाभ्यास के दौरान प्राणायाम और आसन का 5-5 का पैकेज दिया। उन्होने बेसिक योग के साथ एडवांस योग और थेरापीटीक योग भी सिखाया। उन्होने कहा कि इस पर उन्होने रिसर्च किया है और 500 से अधिक रिसर्च पेपर पब्लिश किए हैं। उन्होने कहा कि योग से शरीर बल बढ़ता है और बॉडी फिट रहती है।

स्वामी रामदेव ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय बहुत बड़ा नाम है। यह सौ साल का विश्वविद्यालय है। उन्होने कहा कि उन्होने शिक्षार्जन के दौरान कभी विश्वविद्यालय का गेट तक नहीं देखा, वह तो गुरु शिष्य परंपरा में पेड़ के नीचे पढ़ने वाले विद्यार्थी रहे हैं, लेकिन आज वे पतंजलि विश्वविद्यालय के आजीवन चांसलर हैं। उन्होने कहा कि वह 100 साल तक इसके माध्यम से एक करोड़ से अधिक विद्यार्थियों को पढ़ाकर और देशभक्त नागरिक बनाकर इस दुनिया से जाएंगे।

योग ऋषि स्वामी रामदेव ने कहा कि योग सर्वव्यापी है, राजनीति में भी योग होना चाहिए जिससे नरेंद्र मोदी जैसे देव तुल्य व्यक्तित्व खड़े होंगे। उन्होने शिक्षा में योग के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि योग शिक्षा में भी होना चाहिए और चिकित्सा व आर्मी में भी योग होना चाहिए। उन्होने अंत में कहा कि ज़िंदगी में अगर कामयाबी चाहिए तो जुबान के सच्चे और अच्छे बनो। जो बात का सच्चा और लंगोट का पक्का हो उसे दुनिया में कोई नहीं हरा सकता।

# एनडीए की तरफ से द्रौपदी मुर्मू को महिला राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाए जाने पर की गई विशेष गंगा आरती व हवन

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रही केंद्र सरकार

**विवेक राय गौरवशाली भारत**

ऋषिकेश/नई दिल्ली। ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट द्वारा महिलाओं द्वारा की जा रही विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती में पूर्णानंद घाट में महिलाओं ने पूजन-अर्चना कर एनडीए की तरफ से द्रौपदी मुर्मू को महिला उम्मीदवार राष्ट्रपति बनाए जाने महिलाओं ने की विशेष गंगा आरती। इस विशेष अवसर पर विशेष प्रार्थना पूजा व कामना की गई कि ईश्वर व गंगा माँ द्रौपदी मुर्मू जी को शक्ति दें और स्वस्थ रखें इसके साथ ही महिला साधकों ने हवन कर आहुतियां दी।

सुशीला सेमवाल ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आपके नेतृत्व में भारत में समृद्धि लौटेगी। बहुत प्रगति होगी, और लोगों के मुद्दों को हल किया जाएगा। गंगा मैया आपके साथ है।



द्रौपदी मुर्मू को महिला राष्ट्रपति कार्यकाल में अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं देश को मिली।

कहा कि राजग सरकार ने आदिवासी महिला का चयन कर के भाजपा के नारे सबका साथ सबका विश्वास को सिद्ध कर दिया है। राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी पर द्रौपदी मुर्मू को बधाई दी।

भगवती रतूड़ी बीजेपी की वरिष्ठ नेता ने कहा संवैधानिक प्रमुख के रूप में, वह देश की सेवा में नया इतिहास रचेंगी।

डॉ. ज्योति शर्मा ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू जी को शुभकामनाएं देते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की है। ट्रस्टी हरिओम शर्मा ज्ञानी जी ने कहा की द्रोपदी मुर्मू जी क्या उत्तराखंड से गहरा लगाव है पहाड़ से पलायन रोकने और महिलाओं युवाओं को रोजगार देने की दिशा में काम करने की नीति बनाएगी। आपके नेतृत्व में भारत में समृद्धि लौटेगी।

कवित्री ममता जोशी ने कहा कहा है कि द्रौपदी मुर्मू जी को उम्मीदवार बनाया जाना आदिवासी समुदाय और राष्ट्र के लिए गर्व की बात है। मुर्मू जी आदिवासी समुदाय से आने वाली पहली महिला राष्ट्रपति होंगी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने अपने कार्यकाल में नारी सशक्तिकरण पर बल दिया है।

महिला गंगा आरती में मुख्य रूप से आचार्य अभिनव पोखरियाल डायरेक्टर नमामि गंगे स्पिरिचुअल, दिल्ली से आनन्द गुप्ता, रीताज जी, प्रमिला जी, गायत्री जी, वंदना जी आदि महिलाओं ने गंगा आरती की।

# दिलीप गुलाटी के साथ भोजपुरी क्वीन रानी चटर्जी,प्रेम सिंह और रवि यादव की फिल्मों का मुहूर्त

भोजपुरी फ़िल्म इंडस्ट्री पर राज करने वाली अभिनेत्री रानी चटर्जी की 3 धमाकेदार भोजपुरी फिल्मों का मुहूर्त आज डीजी 9 स्टूडियो मुंबई में किया गया । साल 2022 में रानी अभिनेत्री का यह सबसे बड़ा प्रोजेक्ट माना जा रहा है, जिसमें रानी चटर्जी अपनी अदाकारी से धमाल मचाने की तैयारी में है। रानी की ये 3 बड़ी फिल्में %नटराज, गंगा गीता और इना मिना डिका है, जिसके लेखक और निर्देशक दिलीप गुलाटी हैं। दिलीप गुलाटी इंडस्ट्री के दिग्गज निर्देशकों में से एक है और वे अपनी आगामी प्रोजेक्ट रानी चटर्जी के साथ करने को लेकर पूरी तैयारी में हैं। इस फिल्म की पूरी शूटिंग जल्द ही लखनऊ और कानपुर में की जाएगी। फिल्म का संगीत प्रदीप रंज और मनोरंजन झा ने तैयार किया है। फिल्म का पहला गाना गायिका ममता रावत के आवाज में रिकॉर्ड किया गया गीतकार दिलीप गुलाटी के गीत को और फिल्म का छायांकन अनिल डांडा हेमंत माहेश्वरी है वही डांस मास्टर सुनील मोटवानी है। रानी चटर्जी की अपकमिंग फ़िल्म नटराज, गंगा गीता और इना मिना डिका का निर्माण प्रॉमिस पिक्चर्स 1997 के द्वारा किया गया जा रहा है, जिसमें रानी चटर्जी के साथ




प्रेम सिंह ,रवि यादव और दीपू श्रीवास्तव भी मुख्य भूमिका में नज़र आने वाले हैं। जबकि इस फ़िल्म की निर्माता और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर कोमल गुलाटी हैं। तो इन तीनों फिल्मों के प्रचारक कई फ़िल्म फेस्टिवल में अवार्ड जीत चुके पीआरओ संजय भूषण पटियाला हैं। इस फ़िल्म का मुहूर्त आज मुंबई में हुआ, जहां फ़िल्म से जुड़े तमाम लोगों के साथ सिने जगत की अन्य हस्तिया भी मौजूद रहीं जैसे प्रेम सिंह ,रवि यादव,जय यादव ,रैपर हितेश्वर,पुष्पा वर्मा ,सागर सलमान पांडेय ,चाहत सूर्यवंशी,आयुष जडेजा,प्रियंका महाराज ,प्रदीप रंजन,राज यादव , चन्द्रा , सुनील ,संजय केसरी ,दीपू श्रीवास्तव ,हेमंत बिरजे और संजय भूषण पटियाला आदी लोग मौजुद थे। .वहीं, फ़िल्म नटराज,गंगा गीता और इना मिना डिका को लेकर दिलीप गुलाटी ने साफ कर दिया कि ये तीनों फिल्में एक से बढ़ कर एक हैं। तीनों का जॉनर अलग है और यह दर्शकों को मनोरंजन का अलग ही फील देने वाली है। हम सभी फ़िल्म को लेकर जल्दी ही फ्लोर पर जाएंगे। तीनों फिल्मों की मुख्य आकर्षण रानी चटर्जी होंगी। साथ ही फ़िल्म की पटकथा ही हमारे प्रोजेक्ट्स का जान है। उम्मीद है जब यह सिनेमा में आएगी, तब दर्शक इसे खूब पसंद करेंगे।

## संपादकीय

# भाजपा ने दिय बड़े राजनीतिक संकेत

ओडिशा की रहने वालीं द्रौपदी मुर्मू इससे पहले झारखंड की पहली महिला आदिवासी राज्यपाल भी रह चुकी हैं। उनकी उम्र 64 साल है। यह पहला मौका है जब देश को आदिवासी महिला राष्ट्रपति मिलने जा रही हैं। इससे पहले अब तक देश में कोई आदिवासी राष्ट्रपति नहीं रहा।

झारखंड की पूर्व राज्यपाल और आदिवासी द्रौपदी मुर्मू को भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने राष्ट्रपति पद के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की संसदीय दल की बैठक में द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने की घोषणा कर दी गई। इस घोषणा के बाद इन कयासों को विराम लग गया कि देश के मुस्लिमों और मुस्लिम देशों को प्रसन्न करने के लिए भाजपा राष्ट्रीय विचारधारा वाले किसी मुस्लिम को राष्ट्रपति बना सकती है।

उल्लेखनीय है कि भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता नुपूर शर्मा की मुहम्मद साहब के बारे में की गयी विवादास्पद टिप्पणी के बाद देश के मुस्लिम ही नाराज नहीं थे, अपितु इस बयान को लेकर कई मुस्लिम देश भी अपनी नाराजगी जाहिर कर चुके थे। कुछ स्थानों पर भारतीय सामानों का बहिष्कार भी शुरू हुआ था। इसे लेकर और देश में उत्पन्न हालात के मद्देनजर अखबारी और राजनैतिक खेमों में ये कयास लगाए जा रहे थे, कि भाजपा किसी राष्ट्रवादी मुस्लिम को राष्ट्रपति बना सकती है। इसके लिए केरल के राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खान और केंद्र सरकार में अल्पसंख्यक मामलों के विभाग के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी के नाम की जोर-शोर से चर्चा थी। मुख्तार अब्बास नकवी का राज्यसभा कार्यकाल खत्म हो रहा है। ऐसे में हाल में हुए राज्यसभा के चुनाव में उन्हें भाजपा द्वारा टिकट न दिए जाने से इन चर्चाओं को बल मिल रहा था। अब झारखंड की राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू के नाम की घोषणा होने से इन कयासों को विराम लग गया। स्पष्ट हो गया कि भाजपा को इस विरोध की ज्यादा चिंता नहीं है। उसका लक्ष्य आगामी तीन राज्यों के विधानसभा और 2024 का लोकसभा चुनाव है।

ओडिशा की रहने वालीं द्रौपदी मुर्मू इससे पहले झारखंड की पहली महिला आदिवासी राज्यपाल भी रह चुकी हैं। उनकी उम्र 64 साल है। यह पहला मौका है जब देश को आदिवासी महिला राष्ट्रपति मिलने जा रही हैं। इससे पहले अब तक देश में कोई आदिवासी राष्ट्रपति नहीं रहा। इस लिहाज से मुर्मू आदिवासी और महिला, दोनों वर्ग में फिट बैठती हैं। उनके नाम के ऐलान के साथ ही राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि भाजपा का यह निर्णय यह बताता है कि गुजरात, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए भाजपा का फोकस इन प्रदेशों के आदिवासी समुदाय पर है। माना जा रहा है कि पार्टी ने द्रोपदी मुर्मू को टिकट देकर आदिवासी वोटों को साधने का प्रयास किया है। वे महिला हैं। भाजपा पहले ही महिला वोट पर फोकस किए हुए है। महिला मतदाता भाजपा की बड़ी ताकत हैं। इन महिला वोटर को अपने से जोड़े रखने के लिए यह ज्यादा महत्वपूर्ण है।

राजनीतिक विशेषज्ञों का भले ही यह कहना है कि भाजपा गुजरात, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के वोटरों को रिझाने के लिए ऐसा कर रही है किंतु यह भी सच है कि उसका यह निर्णय 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भी उसे लाभ पंहुचा सकता है। जहां तक मुख्तार अब्बास नकवी की बात है तो उनको हाल में ना राज्यसभा का टिकट मिला, ना ही रामपुर लोकसभा उपचुनाव लड़ाने के लिए भाजपा ने उन्हें टिकट दिया। इससे इन बातों को बल मिलता है कि भाजपा आगे चलकर उन्हें उपराष्ट्रपति बनाने का इरादा रखती है। हालाकि ये राजनीति है। यह पल-पल बदलती रहती है। उपराष्ट्रपति चुनाव के समय क्या हालात होंगे ? यह अभी नहीं कहा जा सकता।

## विरोध के पीछे राजनीतिक गणित का सच

**पुखराज प्राज**


विरोध या प्रतिरोध या बाधा से है, जो किसी विशेष परिस्थिति के लिए लोगों का चयन स्वीकार्यता की स्थिति से पृथक परिवर्तन की मांग करता है। उस स्थिति में दो वर्ग प्रथम जो परिस्थिति के समर्थन में हो और दूसरे ऐसे लोग जो परिस्थिति को अपने प्रतिकूल समझकर विरोध उत्पन्न करते हैं। इस दशा में नियोजित तरीके से विरोध दर्ज कराने की प्रथा का आगमन हुआ, जिसे हड़ताल का नाम दिया गया। हड़ताल यानी वह अवधि जब कम करने के लिए बेहतर दशाओं तथा अधिक धन की मांग के समर्थन में लोगों द्वारा काम करने से मना कर देने की स्थिति है। वैसे हड़ताल के कई प्रकार संभव है। ज्ञातव्य है की इतिहास में पहली दर्ज की गई हड़ताल 14 नवंबर 1152 ईसा पूर्व प्राचीन मिस्र में हुई थी। जब दीर अल-मदीना में रॉयल नेक्रोपोलिस के कारीगरों ने एक विद्रोह का आयोजन किया था। यह घटना, जो फिरौन रामसेस तृतीय के शासन में हुई थी, उस समय के एक पपीरस पर विस्तार से दर्ज की गई थी। कारीगरों का आपने स्वामित्व या प्रबंधन के खिलाफ़ जागृत श्रमिक वर्ग का पहला आंदोलन था। जिसने वैश्विक रूप में विरोध/प्रतिरोध के वास्तविक तरीकों को जन्म दिया। इसी पृष्ठभूमि पर आगे चलकर विरोध ने नरम-गरम दो पृथक विचारधाराओं को जन्म दिया। नरम यानी सरल, सहजता या सत्यता से आशय है। जो आगे चलकर सत्याग्रह के रूप में स्थापित हुआ। जिसमें अहिंसा के माध्यम से असत्य पर आधारित बुराई या अवरोध का विरोध करना ही वास्तव में सत्याग्रह है।यह शारीरिक बल या युद्ध-संघर्ष अथवा शस्त्रों की भौतिक शक्ति प्रदर्शन से सर्वथा भिन्न है। यह पूर्णरूपेण आत्मा की शक्ति पर आधारित है। सत्याग्रह का संचालन आत्मिक शक्ति के आधार पर किया जाता है। सत्याग्रह के सम्पूर्ण दर्शन का आधारभूत सिद्धान्त यह है कि, सत्य की सर्वदा ही जीत सुनिश्चित होती है।

गांधी जी इसी सत्याग्रह के पक्षधर रहे हैं। आजादी के लड़ाई के तत्कालीन समय में विरोध अहिंसा के पालन के साथ राजनीति था। लेकिन कभी कहीं छोटे से हिंसक झड़प या किसी मुद्दे पर प्रदर्शनकारियों के हाथों में शस्त्र आने की संज्ञा होती तो, सत्याग्रह के नेतृत्व कर्ता तत्काल ही सत्याग्रह या आंदोलन को स्थगित कर देते थे। कारण था, अहिंसा के प्रति अपार श्रद्धा। वर्तमान समय में विरोध या प्रतिरोध को प्रतिरोध से कम नहीं समझा जा रहा है। संभवत: आज के सत्याग्रहियों ने गलत या त्रुटियों से पूर्ण शब्दकोश पढ़ लिया है। जो विरोध प्रदर्शन को सार्वजनिक संपत्ति को तोड़फोड़ और आगज़नी के माध्यम से प्रदर्शित करने में आमादा हैं। वर्तमान में युवाओं सेना भर्ती के लिए अग्निपथ योजना के प्रति आक्रोश का दौर चल रहा है। चार साल की सैन्य सेवा के पश्चात् रिटायर्रमेंट की नीति का विरोध किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बिहार में विरोध कर रहे उपद्रवियों पर पुलिस की कार्रवाई जारी है। तकरीबन डेढ़ सौ से अधिक प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज हो चुकी हैं। आठ सौ से अधिक उपद्रवियों को बिहार पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है बिहार के कई कोचिंग संचालकों ने युवाओं को भड़काया था, जिसके बाद पूरे राज्य में हिंसक प्रदर्शन हुए। इसी प्रकार तेलंगाना से लेकर हरियाणा, राजस्थान, यूपी तक सेना में भर्ती होने का सपना देखने वाले युवा सड़क पर दिख रहे हैं। ये ऐसे युवाओं का झुंड या गिरोह है जो लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश और न्याय पीठों की अवहेलना कर रहे हैं। सार्वजनिक संपत्ति का दोहन, आगज़नी और विरोध के नाम पत्थरबाजों की भूमिका का निर्वाह करना कहाँ तक जायज़ है। इन युवाओं को सोचना चाहिए। क्या ऐसे युवाओं के लिए वास्तव में सैन्य सेवाओं में कोई स्थान भी होगा। जो राष्ट्र के सम्पत्ति का विरोध करने पर आमादा है। वहीं इस बात की आशंका से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता है कि युवाओं को बरगलाने एवं विरोध को हिंसात्मक स्वरूप देने के पीछे राजनीतिक मंशा ना हो। क्योंकि वर्तमान दौर में राजनीति हितों को सर्वोपरि मानने और हिंसा की आग में अपनी अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने वाले दलों की कमी नहीं है। वहीं से सेना भर्ती के इस अनुप्रयोग को कुछ बुद्धिजीवी देश की सुरक्षा के लिए खतरा से जोड़कर देख रहे हैं। जबकी कई राष्ट्रों में ऐसे ही पद्धति से सैन्य भर्ती की प्रक्रिया पूर्ण होती है। जो की सफल भी है। लाजमी है की नवीन प्रयोग भावी समय में हमारे सैन्य बलों को और दोगुना बल प्रदान करें।

# नफ़रत की इंतेहा और विश्वगुरु बनने का भरम ?



**निर्मल रानी**




घिनौनी जातिवादी मानसिकता रखने वाले तथाकथित उच्च जाति के लोगों की अभद्रता व गुंडागर्दी का पिछले दिनों एक और मामला सामने आया। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक बार फिर ज़ोमैटो के दलित समाज से संबंध रखने वाले एक डिलीवरी ब्वॉय के हाथों से तथाकथित उच्च जाति के एक ग्राहक ने खाना लेने से इंकार कर दिया। आरोप है कि ग्राहक को जैसे ही डिलीवरी ब्वॉय के दलित होने का पता चला। उसने खाना लेने से इंकार कर दिया। ख़बरों के अनुसार लखनऊ शहर के आशियाना इलाक़े का रहने वाला विनीत रावत नामक एक युवक ज़ोमैटो फ़ूड सप्लाई सर्विस में डिलीवरी बॉय के रूप में अपनी सेवाएं देकर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता है। गत 18 जून (शनिवार) की रात विनीत रावत आशियाना क्षेत्र में ही अजय सिंह नाम के किसी ग्राहक के घर खाने की डिलीवरी लेकर पहुंचा। अजय सिंह ने डिलीवरी ब्वॉय से उसका नाम पूछा। जैसे ही उसने अपना नाम विनीत रावत बताया, ग्राहक अजय सिंह उसका नाम सुनते ही आग बबूला हो गया। पहले तो उसने खाने का पैकेट यह कहते हुए फेंक दिया कि %हम दलित का छुआ हुआ खाना नहीं खाएंगे। इसके बाद उस तथाकथित उच्च जाति के दुष्ट व्यक्ति ने उस मेहनतकश डिलीवरी बॉय के मुंह पर थूक दिया। जब विनीत रावत ने उसकी इन हरकतों का विरोध किया और ग्राहक से आर्डर कैंसिल करने का निवेदन किया तो आरोपी अजय और उसके परिवार के अनेक सदस्यों ने मिलकर उसकी काफ़ी देर तक पिटाई भी की।

किसी फ़ूड डिलीवरी ब्वॉय को उसकी जाति के आधार पर अपमानित करने की देश की यह कोई पहली घटना नहीं है।

अब तक देश में ऐसी दर्जनों घटनाएँ हो चुकी हैं जिसमें कभी किसी जातिवादी ग्राहक ने किसी दलित युवक के हाथों से खाना लेने को मन किया तो कभी किसी साम्प्रदायिकतावादी ग्राहक ने किसी मुसलमान डिलीवरी ब्वॉय के हाथों से खाना लेने से इनकार किया व इन्हें अपमानित भी किया। ऐसे ही जातिवादी संस्कारों में पोषित स्कूलों के उच्च जाति के बच्चे कई बार उत्तर प्रदेश,झारखंड,बिहार व मध्य प्रदेश जैसे अनेक राज्यों में आंगनवाड़ी व अपने स्कूलों की दलित समाज से सम्बन्ध रखने वाली मेड के हाथों का बना भोजन खाने से इंकार कर चुके हैं। दलित समाज के किसी दूल्हे को तथाकथित उच्च जाति के दबंगों द्वारा घोड़ी से उतारे जाने की घटनाएं भी हमारे विश्व गुरु बनने की दिशा में कथित तौर पर सरपट भाग रहे भारतवर्ष में अक्सर होती रहती हैं।

जातिवादी उत्पीड़न की घटनायें केवल किसी डिलीवरी ब्वॉय ,मेड या दलित दूल्हे की घुड़ड़चढ़ी तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि दलित समाज से सम्बन्ध रखने वाले देश के दर्जनों उच्चाधिकारी यहाँ तक कि आई ए एस रैंक तक के कई अधिकारी इस विषय पर अपने व्यक्तिगत कटु अनुभव सार्वजनिक रूप से सांझा करते रहे हैं। आख़िर कोई वजह तो थी कि बाबा साहब भीम राव अंबेडकर जैसे महान क़ानूनविद व संविधान विशेषज्ञ को 1935 में यह कहना पड़ा था कि मैं हिंदू धर्म में पैदा ज़रूर हुआ, लेकिन हिंदू रहते हुए मरूंगा नहीं ?

बाबा साहब को दलित समाज को संबोधित करते हुए यह क्यों कहना पड़ा था कि -यदि आप एक सम्मानजनक जीवन चाहते हैं तो आपको अपनी मदद स्वयं करनी होगी और यही सबसे सही मदद होगी... अगर आप आत्मसम्मान चाहते हैं, तो धर्म बदलिए, अगर एक सहयोगी समाज चाहते हैं, तो धर्म बदलिए, अगर ताक़त और सत्ता चाहते हैं तो धर्म बदलिए, समानता, स्वराज और एक ऐसी दुनिया बनाना चाहते हैं जिसमें ख़ुशी ख़ुशी से जी सकें तो धर्म बदलिए ?

आख़िर कुछ तो वजह रही होगी जिसके चलते 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर स्थित दीक्षाभूमि में अंबेडकर ने लाखों दलितों वंचितों के साथ हिन्दू धर्म त्यागकर बौद्ध धर्म स्वीकार किया? इसी दिन अंबेडकर ने सामूहिक धर्म परिवर्तन का एक कार्यक्रम भी किया और अपने अनुयायियों को शपथ दिलवाई कि बौद्ध धर्म अपनाने के बाद किसी हिंदू देवी देवता और उनकी पूजा में विश्वास नहीं किया जाएगा। हिंदू धर्म के कर्मकांड नहीं होंगे और ब्राह्मणों से किसी क़िस्म की कोई पूजा अर्चना नहीं करवाई जाएगी।

परन्तु हमारे देश की सत्ता और सत्ता समर्थित नेता व मीडिया हिन्दू धर्म में व्याप्त ज़मीनी हक़ीक़त बन चुकी इन जातिवादी सच्चाइयों से निपटना व इन्हें दूर करना तो दूर उल्टे न केवल इनसे आँखें मूंदे हुए है बल्कि प्राय: इस व्यवस्था को समर्थन देते भी दिखाई देते हैं।

इतना ही नहीं बल्कि इस अतिआवश्यक विमर्श से मुंह मोड़कर दूसरे ग़ैर ज़रूरी विषयों की ओर समाज का ध्यान भटकाकर इस जातिवादी व्यवस्था को यथावत रखने में दिलचस्पी रखते हैं। इसी जातिवादी व्यवस्था वाले धर्म में घर वापसी कराकर अपनी विजय पताका लहराते रहते हैं। जबकि इसी दुर्भाग्य पूर्ण व्यवस्था से दुखी दलित समाज के लोग आये दिन कहीं ईसाई धर्म तो कहीं बौद्ध धर्म स्वीकार करते रहते हैं। परन्तु इन सांस्कारिक जातिवादी विडंबनाओं से लड़ने के बजाये इसी व्यवस्था के पोषक कुछ लोग लाठी डंडों से लैस होकर कभी धर्म परिवर्तन करने वालों पर तो कभी करवाने वालों पर हमलावर हो जाते हैं। हास्यास्पद तो यह है कि अब कुछ शातिर शातिर जातिवाद पोषकों द्वारा भारत में इस जातिवादी वैमनस्य का कारण भी मुग़ल शासकों को बताया जाने लगा है। जबकि हिन्दू धर्म में वर्ण व्यवस्था का इतिहास इस्लाम धर्म के उदय से शताब्दियों पुराना है। हिन्दू धर्म में चार वर्णों की व्यवस्था इस्लाम,मुसलमान या मुग़लों द्वारा नहीं की गयी थी।

दिन रात टी वी डिबेट में हिन्दू मुसलमान,मंदिर मस्जिद,भारत-पाकिस्तान, गाय-गोबर-गौमूत्र की बहस चलाने वाले और दूसरे धर्मों में कमियां निकालकर उनपर बहस चलाकर समाज को विभाजित करने में लगे भारतीय मीडिया को समाज सुधार के इस सबसे बड़े विषय पर मैराथन बहस चलानी चाहिये। भारत हिन्दू राष्ट्र बनने जा रहा है,हम विश्वगुरु बनने की दिशा में सरपट भाग रहे हैं जैसी बहसें तब तक तो बिल्कुल ही फ़ुज़ूल हैं जबतक समाज से वर्ण व्यवस्था और इससे उपजा जातिवाद का नासूर समाप्त नहीं होता। आश्चर्य है कि जिस देश में धर्म व जाति के नाम पर नफ़रत की इंतेहा हो और उसी देश के यही जातिवादी लोग विश्व विश्वगुरु बनने का भरम पाले फिरें ?

## स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता का अभाव झेलती मीडिया



**सत्यवान 'सौरभ'**




हाल के वर्षों में मीडिया की भूमिका बदली है। स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता का घोर अभाव है। समाज का ध्रुवीकरण करने के लिए मीडिया के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग ने स्थिति को बदतर बना दिया है। लोकतंत्र में त्रुटियों और गलत कामों को उजागर करने के लिए एक प्रहरी के रूप में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है। मीडिया लोगों को किसी भी विषय पर समाचारों पर चर्चा और बहस करने के लिए मंच प्रदान करता है। विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों की यह बातचीत समाज में नागरिक जुड़ाव को मजबूत करती है। फेक न्यूज कोई नई घटना नहीं है जो सोशल मीडिया के उदय से जुड़ी है। फर्जी खबरों के उभरते खतरे का चुनावी चक्र पर अभूतपूर्व प्रभाव पड़ सकता है, जो लोकतांत्रिक चुनावों की अखंडता, नीति-निर्माण और बड़े पैमाने पर हमारे समाज के बारे में गंभीर सवाल उठा सकता है। कम्प्यूटेशनल प्रचार सोशल मीडिया नेटवर्क पर भ्रामक जानकारी को उद्देश्यपूर्ण रूप से वितरित करने के लिए एल्गोरिदम, स्वचालन और मानव क्यूरेशन का उपयोग है। प्रतिस्पर्धी हितों को संतुलित करने में असमर्थ मीडिया कंपनियां लाभ की पूंजीवादी प्रेरणाओं के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को संतुलित करने में असमर्थ रही हैं। आधी अधूरी राय से दर्शकों की संख्या बढ़ाने के लिए मीडिया एंकर बिना जिम्मेदारी के कानून और व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर टिप्पणी कर सकते हैं। विपरीत विचारों के प्रति असहिष्णुता अंतर्निहित पत्रकारिता या मीडिया की सबसे आम आलोचनाओं में से एक यह है कि जहां लोग केवल उन दृष्टिकोणों को देखते हैं जिनसे वे सहमत होते हैं और हमें ध्रुवीकरण के लिए अलग करते हैं।

सोशल मीडिया के आगमन के साथ, तकनीकी परिवर्तन, मीडिया की पहुंच में काफी वृद्धि हुई है। जनमत को प्रभावित करने में इसकी पहुंच और भूमिका ने इसे और भी महत्वपूर्ण बना दिया है।

सनसनीखेज रिपोर्टिंग ने सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों के बावजूद बलात्कार पीड़ितों और बचे लोगों की पहचान से समझौता किया। फेक न्यूज, पीत पत्रकारिता महत्वपूर्ण चिंताएं हैं जो जनता को प्रभावित कर रही हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित कर रही हैं। उदाहरण के लिए, मीडिया के माध्यम से भय फैलाने से मॉब लिंचिंग, प्रवासी आबादी पर हमले हुए हैं। भारत जैसे विकासशील देशों में, जातिवाद और सांप्रदायिकता जैसे पिछड़े विचारों से लड़ने और गरीबी और अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ संघर्ष में लोगों की मदद करने के लिए मीडिया की एक बड़ी जिम्मेदारी है। इसलिए, पत्रकारिता नैतिकता का होना बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।

## प्राकृतिक आपदाएं बन रही हैं कृषि उत्पाद में बाधक

**ओम प्रकाश उनियाल**

कृषि का दायरा दिनोंदिन सिमटता जा रहा है। कृषि के तहत केवल खेती ही नहीं अपितु पशुपालन, मत्स्य पालन, बागवानी, वानिकी भी आती है। कभी खेतों में लहलहाती फसलें, बागों में फलदार वृक्षों की फलों से लकदक शाखाएं, घर के चौक-आंगन में रंभाते जानवर देखने को मिलते थे। अन्न व दूध-घी की कमी नहीं होती थी। बदलते समय के साथ-साथ सबकुछ बदलने लगा है। आरामदायक जीवन जीने की ललक, प्रकृति की मार जैसे कारणों से सब धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है। जो किसी तरह कृषि कार्य में लगे हुए हैं वे भी खींचतान कर जीवनयापन कर रहे हैं। प्रकृति कब अपना रुख बदल ले, अनुमान नहीं लगाया जा सकता। आज जिस प्रकार से जलवायु-परिवर्तन हो रहा है उससे प्रकृति में भी बदलाव तेजी से हो रहा है। अचानक बेमौसम बरसात, अतिवृष्टि, समय पर बरसात न होना या अधिक गर्मी से सूखा पड़ना, आंधी-तूफान, ओलावृष्टि, अति बर्फबारी, बाढ़, आगजनी, भू-कटाव, जंगली जानवर, घटिया बीज, रसायनिक खादों व रसायनों का उपयोग जैसे कारक खेती को नुकसान पहुंचा रहे हैं। खेतों में खड़ी फसलें खत्म होने से किसान की आर्थिक स्थिति बिगड़ती है। जब उपज खराब होगी तो अन्न की कमी भी होगी, पशुओं के लिए चारे की कमी होगी। ऐसे में बागवानी भी इसी दौर से गुजरती है। धीरे-धीरे किसान ऋण के बोझ तले दबता रहता है। दूसरे, जबसे ग्रामीण क्षेत्रों का शहरीकरण होने लगा तब से कृषि भूमि पर आवासीय भवनों का जाल बिछने लगा है। किसान जमीनें बेच रहे हैं। कुछ कृषि भूमि सड़कों के निर्माण कार्य जैसे विकास कार्यों की भेंट चढ़ रही है। फिर खेती बचेगी ही कितनी ? कहां खेती होगी, कहां मत्स्य व पशुपालन होगा ? सरकारें भी किसानों की मदद कुछ सीमा तक ही कर सकती है। जैसे सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व पशुपालन, मत्स्य पालन व बागवानी आदि में सब्सिडि देने की योजनाएं चलायी तो हुयी हैं। लेकिन उससे तो नुकसान की पूरी भरपायी होना मुश्किल होता है।

## आओ मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें



### मानव को प्रकृति का साथी बनना होगा

### अनुकूल मानवीय सभ्यता पर्यावरण संबंधित समस्याओं को दूरकर खुशहाल समृद्ध टिकाऊ भविष्य का निर्माण करेगी सराहनीय सोच - एड किशन भावनानी

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर आज हर देश पर्यावरण समस्याओं का सामना कर रहा है जिसका समाधान खोजने उसपर अमल करने के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सभी देश एकत्रित होकर पर्यावरण की सुरक्षा के मुद्दों पर अनेक उपायों की चर्चा कर उसके क्रियान्वयन करने में लगे हुए हैं जिसमें पेरिस समझौता सहित अनेक ऐसे समझौते शामिल हैं जो मानवीय जीवन को पर्यावरण के खतरों से बचाने के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।

साथियों बात अगर हम भारत की करें तो भारत न केवल हर अन्तर्राष्ट्रीय मंचों से पर्यावरण की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान और सहयोग प्रदान कर रहा है बल्कि घरेलू स्तरपर भी अनेक लक्ष्यों को भी अपने टारगेट समय से पूर्व पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। राष्ट्रीय स्तरपर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अनेक सामाजिक, सरकारी, सरकारी, निजी संस्थाएं कार्य कर रही है परंतु अगर वास्तव में हमें पर्यावरण को सुरक्षित करना है तो हर नागरिक को इस पर्यावरण सुरक्षा संबंधी यज्ञ में अपने सहयोग रूपी आहुति देनी होगी और अभियान चलाकर, आओ मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें!! का नारा देना होगा! मानव को प्रकृति का साथी बनना होगा तथा अनुकूल मानवीय सभ्यता पर्यावरण संबंधित समस्याओं को दूर कर खुशहाल समृद्धि टिकाऊ भविष्य का निर्माण करेगी ऐसी सोच रखनी होगी।

साथियों बात अगर माननीय केंद्रीय रक्षा मंत्री द्वारा दिनांक 21 जून 2022 को एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी, विज्ञान के क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकीयों को खोजने तथा ऐसे नवोन्मेषण करने की अपील की जो



पर्यावरण के अनूकूल मूल्यों को बनाये रखेंगे। उन्होंने कहा, हमें प्रकृति का साथी बन जाना चाहिए तथा जीवों के साथ साथ प्रकृति के निर्जीव तत्वों के प्रति भी श्रद्धा और सम्मान की भावना रखनी चाहिए। मुझे पूरा विश्वास है कि धीरे धीरे मानव सभ्यता हमारे समय की पर्यावरण संबंधित समस्याओं को दूर करेगी तथा हम सभी के लिए एक खुशहाल, समृद्ध, न्यायसंगत तथा टिकाऊ भविष्य का निर्माण करेगी।

उन्होंने पर्यावरण के क्षरण पर चिंता जताई और कहा कि पृथ्वी के इकोसिस्टम का निर्माण इस तरह से किया गया है कि किसी एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र में प्रभाव केवल उसी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता बल्कि यह पूरे विश्व को सन्निहित कर लेता है। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए हमारे सामने कार्बन उत्सर्जन का मामला है। भले ही यह एक देश में हो रहा हो, निश्चित रूप से यह अन्य सभी देशों को प्रभावित कर रहा है। यही कारण है कि वैश्विक पर्यावरण सुरक्षा के संबंध में, सभी शिखर सम्मेलन, सम्मेलन, संधियां तथा समझौते, चाहे वह रियो समिट हो या डेजर्टिफिकेशन से मुकाबला करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन, जलवायु परिवर्तन कन्वेंशन, क्योटो प्रोटोकॉल या पेरिस सम्मेलन, वे सभी समान रूप से एक सुर में कार्य करने के लिए विश्व के सभी देशों का मार्गदर्शन करते हैं। एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में, भारत ने अपनी परंपरा और संस्कृति से निर्देशित होकर निरंतर मृदा संरक्षण क लिए कार्य किया है। केवल मिट्टी पर ध्यान केंद्रित करने के जरिये मृदा संरक्षण नहीं किया जा सकता। हमने इससे जुड़े सभी घटकों जैसे वनीकरण, वन्य जीवन, आर्द्र भूमि आदि को संरक्षित करने और बढ़ाने का कार्य किया है।

केवल सामूहिक प्रयासों से ही सामूहिक समस्याओं का निदान संभव होगा। इसलिए, यह आवश्यक है कि हम सभी मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करने का प्रयास करें और एक साथ मिल कर एक बेहतर विश्व की ओर बढ़ें।

उन्होंने मिट्टी बचाओ अभियान को उम्मीद की किरण बताया क्योंकि इससे यह विश्वास पैदा होता है कि इस अभियान के माध्यम से विश्व भर के लोग आने वाले समय में मृदा के स्वास्थ्य को बनाये रखने में योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल मिट्टी की रक्षा करने बल्कि मानव सभ्यता एवं संस्कृति को संरक्षित करने का भी एक प्रयास है।

उन्होंने पर्यावरणीय समस्याओं को दूर करने के लिए प्रेरित करने के अतिरिक्त लोगों को योग के माध्यम से अधिक प्रसन्नचित्त तथा अधिक सार्थक जीवन जीवन जीना सिखाने के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा, वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश देकर भारत ने अपनी सीमा के भीतर रहने वाले लोगों को ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लोगों को अपना परिवार माना है। श्री सद्गुरु ने अपने काम से निश्चित रूप से एक नया पर्यावरण आंदोलन पैदा करने के लिए वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को जीवंत बनाया है। उन्होंने कहा, वह मिट्टी बचाओ जैसे अभियानों तथा अध्यात्मिकता के माध्यम से दिव्य संदेश दे रहे हैं।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें। मानव को प्रकृति का साथी बनना होगा। अनुकूल मानवीय सभ्यता पर्यावरण संबंधित समस्याओं को दूर कर खुशहाल समृद्धि टिकाऊ भविष्य का निर्माण करेगी सराहनीय सोच है।

## वह चुप है!

जब वह चुप है इंसान,
क्यों कर रहा तू हर जगह बखान,
निंदा करना सबसे बड़ा पाप,
हर गलती को वह रहा है नाप!

निंदा चुगली करने से होती है शांति भंग, ऐसे व्यक्तियों का ना कर संग,
स्वयं की गलतियों पर थोड़ा नजर डाल, आलोचना में ना बीत जाए तेरा एक और साल!

किसी के पीठ पीछे करी बात,
यह हे एक बड़ा विश्वासघात,
ऊपर से आप के वक्त का जाया होना, और अपने मानसिक संतुलन का खोना!

निंदा चुगली करने वालों से दूर हो जाते हैं, स्वयं को भी इसे करने से बचाते हैं, जब वह इस दुनिया को शांति से चला रहा है, क्यों ना हम अपनी जिंदगी मैं भी सुकून लाते है!

निंदा, चुगली, आलोचना त्याग दे आज से, जीवन में और भी महत्वपूर्ण काम- काज है,
खूबसूरती से जीवन को अमूल्य बनाते हैं,
हर रोज एक अच्छी आदत को अपनाते हैं!!

**डॉ. माध्वी बोरसे!**
**( स्वरचित व मौलिक रचना )**

## शार्ट न्यूज

### लखनऊ की लापता युवती ने इंस्टाग्राम पर भेजी जख्मी हाथ की फोटो, लिखा मौत मेरे करीब

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज से सोमवार शाम संदिग्ध हालत में लापता हुई युवती ने बहन के इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट की। जिसमें हाथ में गहरे जख्म दिख रहे हैं। इस बात की जानकारी मिलने पर पुलिस पड़ताल में जुट गई है। पीड़ित परिवार के मुताबिक मंगलवार रात हाथ पर जख्म बनी फोटो भेजी गई है। पोस्ट में लिखा है कि हमको देख नहीं पाओगे मौत मेरे बहुत करीब है। इंस्पेक्टर हरिशंकर चन्द्र के मुताबिक 18 वर्षीय युवती सोमवार रात को घर से चली गई थी। दावा है कि युवती अपने साथ रुपये और गहने भी ले गई है। इंस्पेक्टर के मुताबिक इंस्टाग्राम पोस्ट मोबाइल के जरिए की गई है। ऐसे में युवती के मोबाइल नम्बर की लोकेशन पुलिस खंगाल रही है।

### सोनभद्र में हर्ष फायरिंग के दौरान सेना के जवान की मौत, शव छोड़कर भागे लोग

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के ब्रह्मनगर इलाके में एक शादी के दौरान जश्न में हुई फायरिंग में सेना के जवान की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक शादी के जश्न के दौरान फायरिंग हो रही थी जो 35 वर्षीय जवान को लगी जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक अस्पताल ले जाने तक जवान की मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने जवान को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि समारोह में शामिल होने के लिए जश्न में हुई गोलीबारी के दौरान यादव गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक बाबूलाल यादव ब्रम्हनगर एक शादी में शामिल होने आए थे। एएसपी विनोद कुमार के मुताबिक बाबूलाल यादव इस समय जम्मू में तैनात थे और कुछ दिन पहले छुट्टी पर अपने गांव लौटे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस को अभी तक गोली चलाने वाले व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस समारोह के वीडियो फुटेज को खंगाल रही है ताकि गोली चलाने वाले की पहचान हो सके। जानकारी के मुताबिक गोली चलने के बाद वहां मौजूद लोग लोग जवान को अस्पताल ले गए लेकिन जैसे ही उन्हें पता चला कि उसकी मौत हो गई है तो वो उसके शव को छोड़कर भाग गए। पुलिस के मुताबिक जिस पिस्तौल से गोली चली वो पिस्तौल भी गायब बताई जा रही है।

### जेईई मेन 2022 : तैयारियां पूरी, कानपुर में 5 केंद्रों पर 13234 छात्र देंगे परीक्षा

कानपुर। आईआईटी, एनआईटी समेत देश भर के इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए होने वाली जेईई मेन 2022 (प्रथम सत्र) के लिए सेंटरों पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नगर में पांच सेंटर बनाए गए हैं। गुरुवार से शुरू हो रही यह ऑनलाइन परीक्षा 29 जून चलेगी। कानपुर नगर में 13234 छात्र परीक्षा देंगे। परीक्षा दो शिफ्टों में होगी। गुरुवार को पेपर एक की परीक्षा से शुरुआत होगी। सीबीएसई कोऑर्डिनेटर सरदार बलविंदर सिंह ने बताया कि सेंटरों पर विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। सेंटर पर कंप्यूटर व इससे संबंधित सभी सामग्री को सेनेटाइज किया जाएगा। सेंटर पर पहुंचने से पहले स्वघोषणा पत्र देना होगा। इसमें एक फोटोग्राफ पेस्ट लगाना होगा। मास्क सेंटर पर ही मिलेगा। अपने साथ पारदर्शी पानी की बोतल, 50 मिमी हैंड सेनेटाइजर की शीशी, साधारण पारदर्शी बॉल प्वॉइंट पेन, प्रवेश पत्र, वचन पत्र (ए फोर साइज में), पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ और मूल वैलिड आईडी प्रूफ ले जाना होगा।

### भारत गौरव स्पेशल ट्रेन पहुंची अयोध्या, पर्यटन मंत्री ने किया तीर्थ यात्रियों का स्वागत

अयोध्या। भारत गौरव स्पेशल ट्रेन अयोध्या पहुंची। तीर्थ यात्रियों का अयोध्या रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। पर्यटन मंत्री, सांसद व महापौर ने तीर्थ यात्रियों का फूलों से स्वागत किया। अयोध्या पहुंचे तीर्थयात्री स्वागत से अभिभूत हो गए। भारत गौरव स्पेशल ट्रेन के यात्रियों ने ट्रेन की सुविधाओं को लेकर प्रशंसा किया। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने फूल और मालाओं से तीर्थ यात्रियों का स्वागत किया। बुधवार की रात में अयोध्या से गोरखपुर के लिए भारत गौरव स्पेशल ट्रेन रवाना होगी। गोरखपुर से नेपाल के जनकपुर जाएगी। जनकपुर से बनारस के लिए रवाना होगी। 17 दिन 18 रात भारत के सभी तीर्थ स्थलों की यात्रा होगी। 480 तीर्थ यात्री ट्रेन में सवार हैं।

### सुलतानपुर में सड़क हादसा, रोडवेज बस ने बाइक में मारी टक्कर, दो युवकों की मौत

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर में अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग पर रोडवेज बस ने बाइक सवारों को रौंद दिया है। हादसे में दो युवकों की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई है। एक घायल युवक को जिला अस्पताल भेजा गया है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत टाटियानगर बाइपास पर अनियंत्रित रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मारा। जिससे बाइक सीधे बस के पहिए के नीचे आ गई। प्रत्यक्ष दर्शियो के मुताबिक बाइक पर तीन युवक सवार थे। घटना स्थल पर स्थानीय लोगो की भारी भीड़ जुटी है।

### लखनऊ : क्वीनमेरी अस्पताल के लेबर रूम में गर्भवती की पिटाई, हंगामा

लखनऊ। केजीएमयू के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग गर्भवती से अभद्रता व पिटाई का मामला सामने आया है। पीड़ित मरीज के परिवारीजनों ने केजीएमयू प्रशासन से शिकायत की है। गर्भवती अंजली सिंह को प्रसव पीड़ा के बाद क्वीनमेरी के लेबर रूम में भर्ती कराया गया। पति सूर्य प्रताप सिंह का आरोप है कि लेबर रूम में मरीज की भाभी गईं। मरीज को भोजन खिलाने के लिए बोली। वहां बैठी महिला कर्मचारी से मदद करने की गुहार लगाई। यह बात कर्मचारियों को नागवार गुजरी। कर्मचारी भड़क उठी। उन्होंने मरीज से अभद्रता शुरू कर दी। मरीज की पिटाई कर दी। मरीज को धक्का दे दिया। जिससे महिला फर्श पर गिर गई। आस-पास के लोगों ने मामला शांत कराया। हंगामा बढ़ने लगा। शोर सुनकर ड्यूटी पर मौजूद अन्य कर्मचारी लेबर रूम में गए। समझा-बुझाकर कर मामला शांत कराया। पति ने अमानवीय घटना की शिकायत क्वीनमेरी प्रशासन से की। इसके बाद संस्थान प्रशासन हरकत में आया। अब मामले को रफा-दफा करने पर अमादा है। इस संबंध में क्वीनमेरी की विभागाध्यक्ष डॉ. उमा सिंह से बात करने के लिए फोन मिलाया। लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

### इटावा में वंदे भारत एक्सप्रेस का इंजन फेल

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में दिल्ली हावडा रेलमार्ग पर भरथना रेलवे स्टेशन पर 22436 सुपर फास्ट वंदे भारत एक्सप्रेस के इंजन में आयी खराबी के कारण करीब 15 मिनट रोकना पड़ा। ट्रेन के अचानक खड़ा होने से यात्रियों में बेचैनी देखी गयी। इटावा जंक्शन स्टेशन अधीक्षक पूरनमल मीना ने बुधवार को बताया कि सुपर फास्ट वंदे भारत एक्सप्रेस इटावा रेलवे स्टेशन से रवाना होकर भरथना पहुंची थी कि ट्रेन अचानक झटका देकर रूक गयी। रेलगाडी के रूकने के पीछे इंजन मे खराबी की बात सामने आई है। लोको पायलट ने इंजन में खराबी के चलते ट्रेन को रोक दिया और तकनीकी स्टाफ ने कमी को दूर करके ट्रेन को रवाना कराया। इंजन मे आई खराबी के कारण ट्रेन को करीब 15 मिनट तक भर्थना रेलवे स्टेशन पर खड़ा रहना पड़ा।

### सड़क हादसे में सगे भाइयों समेत तीन की मौत

बस्ती। उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के सोनहा क्षेत्र में पिकअप वाहन की टक्कर से दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि असनहरा गांव निवासी श्रवण कुमार (25) मंगलवार की रात अपने छोटे भाई सुनील कुमार (21) और बुआ के लड़के राज कुमार (18) के साथ रिश्तेदारी में सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज क्षेत्र के महुवारा जा रहे थे कि दुबौली पड़ाव के समीप डुमरियागंज की ओर से आ रही पिकप तीनों को रौंदते हुए सड़क किनारे पेड़ तथा दीवार से जा टकरा गयी। इस हादसे में घायल युवकों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवा भेजा गया जहां चिकित्सक ने श्रवण को मृत घोषित कर दिया, जबकि प्राथमिक उपचार के बाद सुनील, राज कुमार व पिकप चालक केदारनाथ (40) को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## ज्ञानवापी को लेकर विवादित पोस्टर लगाने के मामले में सनातन संघ से जुड़े पांच लोगों पर केस दर्ज

**वाराणसी।** ज्ञानवापी प्रकरण को लेकर हड़हा सराय, बेनियाबाग समेत अलग-अलग इलाकों में विवादित पोस्टर लगाए जाने को लेकर चौक पुलिस ने पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने सभी विवादित पोस्टर हटवाकर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। विश्व वैदिक सनातन संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष सोनू सिंह की ओर से जगह-जगह पोस्टर लगवाए गए हैं। पोस्टर लगवाने में संघ के कार्यकर्ता अमन, संतोष और मोहन का भी नाम सामने आया है। इन सभी पर चौक पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। चौक इंस्पेक्टर शिवाकांत मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



गौरतलब है कि ज्ञानवापी का मुद्दा कोर्ट में है। हिंदू पक्षकारों का दावा है कि ज्ञानवापी मस्जिद के नीचे शिवलिंग है। पिछले दिनों ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में कोर्ट के आदेश के बाद पुरातत्व विभाग ने जांच भी की थी। फिलहाल मामला कोर्ट में लंबित है। हिंदू पक्षकारों का कहना है कि मस्जिद परिसर में जहां पर मुसलमान नमाज से पहले वजू करते थे वहां लगा फव्वारा दरअसल शिवलिंग है। इसकी तस्वीरें भी पिछले दिनों खूब वायरल हुई थी। पिछले दिनों ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे का आदेश देने वाले जज रवि दिवाकर के ट्रांसफर की भी खबर आई थी। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जस्टिस रवि दिवाकर के अलावा 121 जजों का ट्रांसफर किया था लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा रवि दिवाकर के ट्रांसफर को लेकर ही हुई।

## 85 हजार घरों पर लगेगा टैक्स, 58 करोड़ रुपए वसूलेगा निगम

कानपुर। कानपुर के 33 वार्डों में शुरू हुए जीआईएस सर्वे 17 वार्डों में पूरा किया जा चुका है। सर्वे में 85 हजार नई संपत्तियों को चिन्हित किया गया है। इनमें घर से लेकर कॉमर्शियल प्रॉपर्टी भी शामिल हैं। नगर निगम अब इन प्रॉपर्टी से हाउस टैक्स वसूलने की तैयारी में जुट गया है। इनमें कई प्रॉपर्टी ऐसी भी हैं जिनका मकान आवासीय में दर्ज है और मकान का कॉमर्शियल यूज किया जा रहा है। उनका टैक्स रिवाइज किया गया है। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि 33 वार्डों में 85 हजार नई प्रॉपर्टी चिन्हित की गई हैं। 17 वार्डों में सर्वे का काम पूरा हो चुका है। अब इन प्रॉपर्टी को 15 दिनों के अंदर नोटिस जारी किया जाएगा। कुल 58 करोड़ रुपए हाउस टैक्स वसूला जाएगा। इससे नगर निगम की आय में भी इजाफा होगा। जीआईएस सर्वे कर रहे हेमंत गांधी ने बताया कि शहर में 16 अन्य वार्डों का भी सर्वे पूरा हो चुका है। जोन से एनओसी मिलना बाकी है। 2 महीने में बाकी बचे 16 वार्डों में नई प्रॉपर्टी से भी हाउस टैक्स वसूला जाएगा। बता दें कि सर्वे का काम लखनऊ की कंपनी आईटीआई ने 2019 में शुरू किया था। कोविड के चलते 2 साल की देरी से सर्वे का काम चल रहा है। यशोदा नगर ईस्ट और वेस्ट, जूही हमीरपुर रोड, सब्जी मंडी किदवई नगर, कल्याणपुर नार्थ और साउथ, गोविंद नगर, बर्रा, आवास विकास समेत अन्य।

## किन्नर का धर्मांतरण कराने का आरोप : प्रयागराज में जबर्दस्ती मांस खिलाकर बदलवाया धर्म, मारपीट का भी आरोप

प्रयागराज। प्रयागराज में एक किन्नर ने जबर्दस्ती मांस खिलाकर धर्मांतरण और पिटाई करने का आरोप लगाया है। अल्लापुर में रहने वाले किन्नर पंकज की गुरु किन्नर दुर्गावती ने जॉर्जटाउन थाने में किन्नर बबली, सोनू उर्फ शिल्पा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।



### किन्नर दुर्गावती ने दी तहरीर

दुर्गावती ने पुलिस को तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि पंकज पहले शाहगंज में रहने वाली बबली के साथ रहता था। आरोप है कि बबली इस बीच पंकज को एक मौलाना के पास ले गई। इस दौरान वहां पर मुंह में मांस का टुकड़ा डालकर धर्मांतरण करा दिया। जब पंकज ने इसका विरोध किया तो उसकी पिटाई भी की गई। दुर्गावती का आरोप है कि बबली और शिल्पा वाराणसी की रहने वाली है। यहां कुछ वर्ष से किन्नर का काम करती है और धर्मांतरण करती है। आरोप है कि बबली ने पहले पंकज को धर्म बदलने के लिए कई तरह जैसे पैसा और मकान का लालच दिया गया, लेकिन जब वह नहीं माने तो नशीला पदार्थ खिलाकर एक मस्जिद में उसका धर्मांतरण करा दिया गया। इससे पहले घटना के विरोध में 18 जून को किन्नरों ने जॉर्जटाउन थाने में हंगामा भी किया था।

किन्नर के धर्मांतरण के मामले में जॉर्जटाउन एसओ बृजेश सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है।

## कानपुर के स्वरूप नगर में खुली कार से तड़तड़ाई गोलियां, वीडियो वायरल

**कानपुर।** दो दिन पहले श्याम नगर में श्यामनगर किंग टैग लाइन से सड़क पर बर्थ-डे पार्टी में हर्ष फायरिंग के वीडियो के बाद बुधवार को स्वरूप नगर में खुली कार से गोलियां तड़तड़ाने का एक और वीडियो वायरल हुआ है। यह वायरल वीडियो मंगलवार का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो की पुष्टि हिन्दुस्तान नहीं करता है।

बताया जा रहा है कि एसयूपी से फायरिंग का यह वीडियो एक मशहूर मिठाई प्रतिष्ठान के मालिक के बेटे का है। बेटे के विदेश से लौटने की खुशी में



घर के बाहर हर्ष फायरिंग करने लगा। वायरल वीडियो स्वरूप नगर क्षेत्र का बताया जा रहा है।

स्वरूप नगर इंस्पेक्टर धनंजय पांडे का कहना है कि वीडियो वायरल संज्ञान में आया है। यह वीडियो कहां का है और किसका है इसकी जांच की जा रही है।

### माला पहना और फिर दागीं गोलियां

वीडियो में एक युवक कार के सनरूफ से बाहर निकल कर खड़ा हुआ और इसी बीच उसे किसी ने फूलों की माला पहनाई और उसके बाद पास खड़ा एक आदमी कार में खड़े युवक को पिस्टल लोड करके फायरिंग करने का इशारा करता है। वीडियो में ढोल और नगाड़े की आवाज भी साफ तौर पर सुनी जा सकती है।

## कानपुर हिंसा : मास्टर माइंड जफर हयात का एक और साथी मुख्तार गिरफ्तार, फंडिंग का है आरोप

**कानपुर।** कानपुर हिंसा के मामले में एसआईटी ने बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई की है। मुख्य आरोपित हयात ज़फर हाशमी को फंडिंग करने के आरोप में पुलिस ने मुख्तार बाबा को गिरफ्तार कर लिया है। मसहूर बाबा बिरयानी के मालिक मुख्तार बाबा पर पिछले कई दिनों से पुलिस शिकंजा कसती जा रही थी जिसके बाद बुधवार को मुख्तार बाबा को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी की पुष्टि ज्वाइंट सीपी आनंद प्रकाश तिवारी ने की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मुख्तार बाबा



ने परेड हिंसा में फंडिंग की थी। सूत्रों की मानें तो पूछताछ में ये भी निकलकर आया है कि हयात मुख्तार बाबा से फंड जुटाता था। वहीं, मुख्तार बाबा पहले से ही शत्रु संपत्ति मामले में जिला प्रशासन और केंद्र के अभिरक्षक कार्यालय के निशाने पर है। यही नहीं एसआईटी के रडार पर कई और संदिग्ध लोग हैं जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### दो दिन की कस्टडी रिमांड पर लेकर सात घंटे तक पूछताछ

एसआईटी ने बीते गुरुवार को हयात जफर हाशमी और उसके तीन साथियों को दो दिन की कस्टडी रिमांड पर लेकर सात घंटे तक पूछताछ की। इस दौरान एसआईटी और क्राइम ब्रांच ने चारों के बैंक खातों, फंडिंग और वित्तीय लेनदेन के संबंध में सवाल पूछे। हयात हाशमी, जावेद मोहम्मद खान, मोहम्मद राहिल, मोहम्मद सूफियान को सुबह करीब 11 बजे एसआईटी नवाबगंज थाने लेकर पहुंची। टीम ने आरोपियों के सामने उनके बैंक खातों का पूरा ब्योरा रखा। खातों में रकम कहां से आई और कहां भेजी गई इस संबंध में सवाल पूछे। पूछताछ में पुलिस को कई अहम सुराग मिले हैं। शुक्रवार देर शाम पूछताछ के बाद उन्हें वापस जेल भेज दिया जाएगा।

## वाराणसी के झुनझुनवाला पशु आहार कार्यालय में लगी आग

वाराणसी। वाराणसी के कारोबारी झुनझुनवाला के पशु आहार की फैक्ट्री के कार्यालय में आग लगने से लाखों के सामान जलकर राख हो गया। यहां पर बैठे लोगों ने भागकर बचाई जान। ऑफिस में रखे एसी, कूलर और कंप्यूटर सहित दर्जनों की संख्या में चीजें जल गईं। सारनाथ थाना क्षेत्र के आशापुर स्थित इस कार्यालय में आग कैसे लगी के बारे में जानकारी नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को बुलाया। 45 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लोगों का कहना है कि यहां पर रखे कई दस्तावेज जलकर राख हो गए। साथ ही 10 कंप्यूटर और दर्जनों एयर कंडीशन जल गईं। आशापुर चौकी प्रभारी अखिलेश वर्मा ने यह आग संदिग्ध परिस्थितियों में लगी।

इसके कारणों का पता लगाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि झुनझुनवाला का आग से पुराना नाता रहा है। हर साल इनके प्रतिष्ठान और कार्यालय में संदिग्ध परिस्थिति में आग लगती ही रहती है। इससे पहले कई बार आग लगी है। वहीं इनके घर पर सीबीआई रेड भी पड़ चुकी है। बैंकिंग फ्रॉड के भी कई मामलों में इनके नाम रहे हैं।

## पूर्वी यूपी में बादलों की बहार, मॉनसूनी हवाएं सक्रिय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्से में बादलों का जमावड़ा लग चुका है। इनसेट सैटेलाइट की फोटो भी पुष्टि कर रही है। अब गर्मी और उमस से जल्द राहत मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार हवा में नमी पर्याप्त है। मानसूनी हवाएं लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय भी हो चुकी हैं।




हल्का दबाव का क्षेत्र भी बना तो रिमझिम फुहारें पड़ना शुरू हो जाएंगी। वहीं बुधवार की दोपहर तक तापमान ज्यादा नहीं रहा। अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस ही रहा। बावजूद इसके हवा में आद्रता का प्रतिशत 69 फीसदी होने की वजह से गर्मी महसूस ज्यादा हुई। वहीं, एक दिन पहले पड़ी हल्की फुहार के बाद तेज धूप और पुरवइया हवा ने उमस बढ़ा दी है। भोर तक तो हवा में ठंडक रही लेकिन उसके बाद धूप निकलते ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया।

मौसम विभाग के अनुसार अच्छी बारिश के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

## एमपी से झांसी आए 4 मजदूरों की हादसे में मौत

**मजदूरी करके घर जा रहे थे, आधे घंटे तक गाड़ी के नीचे दबे रहे 6 लोग**

**झांसी।** झांसी में यूपी-एमपी बॉर्डर के पास पिकअप पलटने से चार लोगों की मौत हो गई। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। सभी क्रेशर पर काम करके घर लौट रहे थे। हादसा गांव से कुछ दूर पहले उनकी पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई।



मध्यप्रदेश के बॉर्डर पर बसे कुड़ार गांव के मजदूर रोज की तरह झांसी के गुरसराए के पास हबूपुरा में एक क्रेशर पर काम करने गए थे। मंगलवार देर शाम मजदूर पिकअप से घर जा रहे थे। तभी गांव से 200 मीटर पहले पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इससे 6 लोग दूर जा गिरे। जबकि कुड़ार निवासी महेंद्र नामदेव (38), हरिराम (34), राजेंद्र रजक (23), भज्जू (45), अरविंद उर्फ टिंकू (29) और दीपक (25) पिकअप के नीचे दब गए। इसमें राजेंद्र और भज्जू की मौके पर मौत हो गई। जबकि महेंद्र और हरिराम ने झांसी में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दीपक, टिंकू और दो अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। पिकअप में करीब 14 मजदूर सवार थे। दो मजदूर पहले ही उतर गए थे।

### घायलों ने फोन कर दी हादसे की जानकारी

घायलों ने गांव के लोगों और परिवार को फोन करके हादसे की जानकारी दी। इसके बाद लोग मौके पर पहुंचे और पिकअप के नीचे दबे लोगों को किसी तरह से बाहर निकाला। पिकअप के नीचे दबने से राजेंद्र और भज्जू के शव बुरी तरह फंस गए थे।

### राजेंद्र की तीन माह पहले हुई थी शादी

गांव में एक साथ चार मौत होने से मातम पसर गया। गांव के लोगों ने बताया कि राजेंद्र की करीब तीन माह पहले ही शादी हुई थी। वहीं महेंद्र की पत्नी आशा गर्भवती है। महेंद्र को 5 साल का बेटा और तीन साल की बेटी है। हरिराम को एक बेटा व एक बेटी है। भज्जू की तीन बेटियां व एक बेटा है।

## ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा ने मऊ जनपद में सरकारी परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया





मऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा ने बुधवार को अपने गृह मऊ जनपद में विभिन्न सरकारी परियोजनाओं को आगे बढ़ाया, लोकार्पण एवं शिलान्यास किया और कई सार्वजनिक कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम उन्होंने प्राचीन शीतला माता मन्दिर में पूजन अर्चन किया।

तद्पश्चात उन्होंने एक अस्पताल में ब्लड डोनेट करने वाले लोगों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया एवं यह कहा कि ब्लड डोनेशन वास्तव में बहुत पुण्य का काम है। दोपहर में उन्होंने पुनर्निर्मित हो रहे मऊ बस स्टैण्ड का निरीक्षण किया एवं वहां से जुड़ी अपनी यादों के मद्देनज़र और अच्छा बनाने के लिए अधिकारियों को प्रेरित किया। उसके बाद उन्होंने अपनी विधायक निधि से बने मऊ सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम हाउस के पास सगे संबंधियों को बैठने के लिए कक्ष एवं सबमर्सिबल पम्प का तथा उनके प्रयासों से बने ट्रामा सेंटर व ब्लड कम्पोनेंट सेपरेशन यूनिट का लोकार्पण किया। साथ ही टीबी के मरीजों को दवा की किट का वितरण किया। जिला पंचायत कार्यालय में विभिन्न विकास से जुड़ी हुई परियोजनाओं का लोकार्पण करने के बाद जिला पंचायत सदस्यों से मुलाकात की एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठनात्मक मजबूती पर बल दिया। शाम को जनपद स्तरीय अधिकारियों की कलेक्ट्रेट परिसर में बैठक ली और मऊ ज़िले के विकास में योगदान देने तथा जनता की श्रेष्ठ सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गाँव-गाँव जाकर कैम्प लगाने को भी कहा। इस बैठक में विशेष रूप से ऊर्जा विभाग, नगर विकास विभाग विभाग के अधिकारियों को कड़े आदेश दिए।

## अयोध्या में पुलिस क्षेत्राधिकारी और प्रभारी निरीक्षक का फेयरबदल

अयोध्या। अयोध्या एसएसपी शैलेश पांडेय ने छह पुलिस क्षेत्राधिकारियों और सात निरीक्षक के कार्य क्षेत्रों में फेरबदल किया है। राम जन्म भूमि थाना प्रभारी मनोज कुमार को लाइन हाजिर किया है तो वही अयोध्या कोतवाली और अयोध्या नगर कोतवाली के प्रभारियों को नई जिम्मेदारी दी है। जिले में आए संदीप कुमार सिंह को रूदौली का क्षेत्राधिकारी बनाया गया है। एसएसपी शैलेश पांडेय ने दो उपाधीक्षकों को पुलिस क्षेत्राधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी है। तो वहीं दो क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्रों में फेयरबदल किया है। डॉ राजेश तिवारी को रूदौली सीओ से हटाकर अयोध्या सीओ बनाया गया है। राम जन्मभूमि परिसर में तैनात पुलिस उपाधीक्षक प्रमोद कुमार राय को सीओ बीकापुर बनाया गया। जिले ने आए नवागन्तुक संदीप कुमार सिंह को पुलिस क्षेत्राधिकारी रूदौली और पुलिस उपाधीक्षक नरेश को रामजन्मभूमि परिसर की जिम्मेदारी दी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र प्रताप गौतम को क्राइम के पर्यवेक्षण को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए एसएसपी अयोध्या में साथ निरीक्षकों के क्षेत्रों में फेरबदल किया है। शमशेर बहादुर सिंह को रौनाही थाना से हटाकर कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

पुलिस लाइन में तैनात अश्वनी कुमार पांडेय को कोतवाली अयोध्या जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रभारी चुनाव सेल में तैनात ओमप्रकाश तिवारी हो थाना राम जन्मभूमि प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

थाना राम जन्मभूमि प्रभारी निरीक्षक रहे मनोज कुमार यादव पुलिस लाइन बुला लिया गया है। कोतवाली नगर में तैनात देवेंद्र सिंह को प्रभारी यूपी 112 बनाया गया है।

## शार्ट न्यूज

### मोदी गुरुवार को वाणिज्य भवन का उद्घाटन करेंगे, निर्यात पोर्टल का शुभारंभ करेंगे

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार (23 जून) को सुबह 10:30 बजे राजधानी में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के नए परिसर वाणिज्य भवन का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यक्रम के दौरान श्री मादी एक नया पोर्टल –निर्यात (व्यापार के वार्षिक विश्लेषण के लिए राष्ट्रीय आयात-निर्यात रिकॉर्ड) भर पेश करेंगे – जिसे भारत के विदेश व्यापार से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए हितधारकों के लिए वन स्टॉप प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया गया है। इस मौके पर प्रधानमंत्री सभा को ससंबोधित करेंगे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार इंडिया गेट के पास निर्मित, वाणिज्य भवन को एक स्मार्ट इमारत के रूप में डिजाइन किया गया है जिसमें ऊर्जा की बचत पर विशेष ध्यान देने के साथ टिकाऊ वास्तुकला के सिद्धांत शामिल हैं। यह एक एकीकृत और आधुनिक कार्यालय परिसर के रूप में काम करेगा जिसका उपयोग मंत्रालय के तहत दो विभागों यानी वाणिज्य विभाग और उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा किया जाएगा।

### रुपया 19 पैसे लुढ़का

**मुंबई।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत रहने और घरेलू शेयर बाजार में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 19 पैसे लुढ़ककर 78.32 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। पिछले कारोबारी दिवस रुपया 15 पैसे लुढ़ककर 78.13 रुपये प्रति डॉलर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया 78.32 रुपये प्रति डॉलर पर सपाट खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर भी रहा। लिवाली के दबाव में यह 78.40 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़का। अंत में पिछले दिवस के 78.13 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में 19 पैसे लुढ़ककर 78.32 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया।

### जियो-बीपी 13 शहरों में फैले 17 नेक्सस मॉल्स में ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाएगी

नयी दिल्ली। देश के सबसे बड़े मॉल मालिकों में से एक नेक्सस मॉल्स ने अत्याधुनिक ईवी चार्जिंग और बैटरी स्वैपिंग स्टेशनों के लिए रिलायंस-बीपी के साथ करार किया है। देशभर के 13 शहरों में नेक्सस के 17 मॉल्स हैं। कंपनी ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि इस साझेदारी के तहत नेक्सस मॉल्स में दो और चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 24इनटू7 चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इसी महीने के अंत तक पहले चरण में नवी मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और अहमदाबाद में नेक्सस मॉल में यह चार्जिंग स्टेशन चालू हो जाएंगे। नेक्सस कंपनी के ग्राहकों को पर्यावरण के प्रति जागरुक करेगा और अपने मॉल में वाहनों को चार्ज करने और इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। कंपनी के पास मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, अमृतसर, चंडीगढ़, अहमदाबाद, भुवनेश्वर, इंदौर, मैसूर, मंगलुरु और उदयपुर जैसे शहरों में 93 लाख वर्गफुट में फैले 17 मॉल हैं।

### जीएसटी काउन्सिल कर दरों परिवर्तन करने से पहले व्यापारियों से सलाह करे : कैट

**नयी दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने बुधवार को कहा कि कर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) पर गठित मंत्रियों के समूह की ओर से दी गई सिफारिशों को जीएसटी काउन्सिल की 28-29 जून को चंडीगढ़ में होने वाली बैठक में लागू न किया जाए बल्कि उससे पहले व्यापारियों से सलाह करनी चाहिए। कैट ने एक बयान में कहा कि बिना ब्रांड वाले खाद्यान्न को कर से मुक्त रखा जाए और इसे पांच प्रतिशत के कर दायरे में न लाया जाए जिसकी सिफ़ारिश समिति ने की है। कपड़ा तथा जूता-चप्पल को पांच प्रतिशत के कर स्लैब में ही रखा जाए। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा की जब प्रति माह जीएसटी राजस्व का आँकड़े में वृद्धि हो रही है ऐसे में किसी भी वस्तु कर अधिक जीएसटी लगाने का कोई औचित्य नहीं है। वर्तमान परिस्थितियों में यह आवश्यक है की जीएसटी कर क़ानूनों एवं नियमों की नए सिरे से दोबारा समीक्षा हो और जहां क़ानून एवं नियमों में बदलाव हो वहीं कर दरो में विसंगतियों को समाप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि जो सिफ़ारिशें समिति ने की हैं उनके लागू करने से कर ढाँचा अधिक विकृत एवं असमान्य हो जाएगा जो जीएसटी कर प्रणाली के मुख्य उद्देश्य से भिन्न होगा। जीएसटी की कर दरों में संशोधन के जीएसटी काउन्सिल के विचार से देश भर के व्यापारी सहमत हैं लेकिन फिर एक साथ जीएसटी के सभी कर स्लैब में एक साथ आमूल-चूल परिवर्तन आवश्यक है। बड़ी मात्रा में अनेक वस्तुएँ ऐसी हैं जो उचित कर दर के स्लैब में नहीं है।

### पावन ऐप ने जुटायी पांच लाख डॉलर की फंडिंग

**नयी दिल्ली।** आध्यामिकता एवं स्वस्थ जीवनशैली से संबधित 'पावन' ऐप ने सीड फंडिंग चरण में पांच लाख डॉलर (लगभग चार करोड़ रुपये) जुटाए हैं। इसमें वाटरब्रिज वेंचर्स प्रमुख निवेशक रहे और कई प्रमुख एंजेल निवेशकों ने भी हिस्सा लिया। कंपनी ने बुधवार को बताया कि पावन इस फंडिंग का उपयोग अपनी ऐप को और बेहतर बनाने और नए तथा खास कंटेंट आईपी बनाने के लिए करेगी। इसमें स्टार्टअप टीम का विस्तार करते हुए विभिन्न विभागों में नए कर्मचारियों को नियुक्त करेगी। ऐप के सह-संस्थापक संकल्प जैन ने कहा, हमें पावन के विकास के अगले दौर के लिए जाने माने निवेशकों का साथ मिला है और हम भारत के इस असीम ज्ञान को भारतीयों तक पहुंचा कर उन्हें अपनी जड़ों से जोड़कर बेहतर जीवन जीने में मदद करने के अपने अभियान में तत्पर हैं। तकनीक और लंबे अनुभव का फायदा उठाते हुए हम इस जटिल ज्ञान को आसान भाषा में आम लोगों तक पहुंचाने की कामना रखते हैं। पावन एक वीडियो-प्राथमिक कंटेंट ऐप है, जिसका उद्देश्य लोगों का मार्गदर्शक का काम करना है ताकि वे एक संतुलित और परिपूर्ण जीवन जी सकें। यह ऐप भारत के समृद्ध प्राचीन ज्ञान, विज्ञान और आध्यात्मिक प्रथाओं पर आधारित लोगों को एक रूपरेखा देना चाहता है जिससे की वे एक सुखी और संपन्न जीवन जी सकें।

### सरसों और मूंगफली तेल महंगा

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजार की भारी गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव मजबूत रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल एवं मूंगफली तेल महंगा हो गया जबकि अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा वहीं मूंग दाल, अरहर दाल और चावल के भाव चढ़ गए। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 410 रिंगिट लुढ़ककर 4800 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह अमेरिकी सोया तेल का जून वायदा 2.57 सेंट की गिरावट लेकर 70.80 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान सरसों तेल 1852 रुपये और मूंगफली तेल 35 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया वहीं सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पॉम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले दिवस के स्तर पर टिके रहे। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में टिकाव रहा। चीनी और गुड़ के भाव पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मूंग दाल 100 रुपये और अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि चना, चना दाल, मसूर दाल और उड़द दाल के भाव स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में मिलजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि गेहूं 20 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया। दाल-दलहन :चना 4500-4550,दाल चना 5500-5600, मसूर काली 8600-8700, मूंग दाल 8300-8400, उड़द दाल 9700-9800, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2250-2350 रुपये और चावल 2550-2650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 3580-3690, चीनी एम. 3700-3800, मिल डिलीवरी 3460-3560 और गुड़ 3700-3800 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसो तेल 18168 रुपये, मूंगफली तेल 20365 रुपये, सूरजमुखी तेल 20879 रुपये, सोया रिफाइंड 17363 रुपये, पाम ऑयल 16264 रुपये और वनस्पति तेल 17289 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## शक्कर में लिवाली, साबूदाना मजबूत, खाद्य तेलों में गिरावट, दलहन-दालों में तेजी, चावल यथावत

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में खरीदी बताई गई। आज साबूदाना ऊंचा बिका। खाद्य तेलों में नरमी रही। पाम तेल तथा सोयाबीन रिफाइंड में भाव घटे। मांग निकलने से दलहन मजबूत बताए गए। वहीं दालों में बढ़त दर्ज की गई। आज उड़द दाल ऊंची बिकी। चावल में खरीदी बनी रही।

### किराना बाजार

शक्कर में उठाव रहा। आज शक्कर में कामकाज 3570 से 3610 रुपये के स्तर पर चला। शक्कर में 08 गाड़ी आवक हुई। खोपरा गोला, खोपरा बूरा, हल्दी तथा साबूदाना में मांग सुधार लिए रही।

### तेल -तिलहन

खाद्य तेल में मांग सुस्ती से नरमी दर्ज की गई। आज पाम तेल तथा सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका। तिलहन में प्लान्टो की लिवाली घटने से भाव कम हुए।

दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन मजबूती लिए रहे। मसूर, चना, मूंग बढ़कर बिका। दालों में लिवाली रही। उड़द दाल तथा चना दाल ऊंची बिकी। चावल में पूछपरख बढ़त लिए बताई गई।

### किराना

शक्कर 3570 से 3610 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 170 से 195 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2000 से 3500 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 100 से 162 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 4850 से 5450, पैकिंग में 5800 से 6000 रुपये प्रति क्विंटल।

### तिलहन

सरसों निमाड़ी 6200 से 6400, रायडा 6100 से 6200 रुपये प्रति क्विंटल।

### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1570 से 1580, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 1325 से 1330, सोयाबीन साल्वेंट 1290 से 1295 पाम तेल 1365 से 1370 रुपये प्रति 10 किलो।

### दलहन

चना (कांटा) 4650 से 4700, मसूर 6800 से 6850, तुअर निमाड़ी 5300 से 6000, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 6300 से 6400, तुअर (कर्नाटक) 6450 से 6550, मूंग 6000 से 6100, मूंग हल्की 5000 से 5500, उड़द 6800 से 7300, उड़द मीडियम 5500 से 6500, उड़द नया 6700 से 7100, हल्का 2500 से 4500 रुपये प्रति क्विंटल।

### दाल

चना दाल 5800 से 6300, तुअर दाल सवा नंबर 8100 से 8200, तुअर दाल फूल 8300 से 8500, तुअर दाल नई 8800 से 9500, आयातित तुअर दाल 7900 से 8000, मसूर दाल 7950 से 8250, मूंग दाल 7500 से 7800, मूंग मोगर 8400 से 8700, उड़द दाल 8800 से 9100, उड़द मोगर 9400 से 9700 रुपये प्रति क्विंटल।

### चावल-पोहा

बासमती 10000 से 11000, तिबार 8000 से 8500, दुबार 7000 से 7500, मिनी दुबार 6500 से 7000, मोगरा 3500 से 4500, बासमती सैला 6500 से 9000, कालीमूंछ 7500 से 8000, राजभोग 6500 से 7000, दूबराज 3500 से 4500, परमल 2500 से 2650, हंसा सैला 2450 से 2650, हंसा सफेद 2350 से 2450, पोहा 3700 से 4100 रुपये प्रति क्विंटल।

### रवा-मैदा

रवा 1390 से 1400, मैदा 1320 से 1330, आटा 1280 से 1300, चना बेसन 3140 से 3150 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

## शेयर बाजार ने गंवाई तेजी, सेंसेक्स-निफ्टी एक प्रतिशत से अधिक लुढ़का



मुंबई। ब्याज दरों में बढ़ोतरी और वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त पड़ने की आशंका से विदेशी बाजारों में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी पिछले दो दिनों की तेजी गंवाकर आज एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 709.54 अंक गिरकर 52 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 51,822.53 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 225.50 अंक टूटकर 15,413.30 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 1.53 प्रतिशत उतरकर 21,178.06 अंक और स्मॉलकैप 1.11 प्रतिशत फिसलकर 23,854.62 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3440 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2081 में बिकवाली जबकि 1250 में लिवाली हुई वहीं 109 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 45 कंपनियां गिरावट जबकि शेष पांच तेजी में रही।

चौतरफा बिकवाली से बीएसई के सभी 19 समूह गिर गए। बेसिक मैटेरियल्स 2.67, ऊर्जा 2.24, यूटिलिटीज 2.08, धातु 4.96, तेल एवं गैस 2.06, रियल्टी 2.24 और टेक समूह के शेयर 1.11 प्रतिशत गिर गए।

वैश्विक बाजार में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.46, जर्मनी का डैक्स 2.03, जापान का निक्केई 0.37, हांगकांग का हैंगसैंग 2.56 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.20 प्रतिशत उतर गया।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 346 अंक की गिरावट लेकर 52,186.36 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही यह 52,272.85 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बिकवाली के दबाव में यह दोपहर बाद 51,739.98 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। संभलने की कोशिशों के बावजूद अंत में यह पिछले दिवस के 52,532.07 अंक के मुकाबले 1.35 प्रतिशत उतरकर 51,822.53 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 93 अंक फिसलकर 15,545.65 अंक पर खुला और कारोबार के दौरान 15,565.40 अंक के उच्चतम जबकि 15,385.95 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 15,638.80 अंक की तुलना में 1.44 प्रतिशत टूटकर 15,413.30 अंक पर आ गया।

इस दौरान मारुति, पावरग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टीसीएस की 0.31 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर सेंसेक्स की शेष 26 कंपनियों ने गोता लगाया। टाटा स्टील ने सबसे अधिक 5.24 प्रतिशत का नुकसान उठाया। इसके अलावा गिरावट पर रहने वाली अन्य प्रमुख कंपनियों में विप्रो 3.29, रिलायंस 3.07, एचसीएल टेक 2.61, आईटीसी 1.76, भारती एयरटेल 1.61, एलटी 1.50, आईसीआईसीआई बैंक 1.36, एनटीपीसी 1.36, और एसबीआई 0.67 प्रतिशत शामिल है।

## एमवे इंडिया की रेसलर संग्राम सिंह के साथ साझेदारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्वास्थ्य, फिटनेस और पोषण को प्राथमिकता देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनी एमवे इंडिया ने पूरे भारत में स्वास्थ्य एवं फिटनेस समुदाय-निर्माण कार्यक्रम शुरू करते हुये रेसलर संग्राम सिंह के साथ साझेदारी की है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उसके ब्रांड एंबेसडर और रेसलर संग्राम सिंह भारत के युवाओं और महिलाओं के बीच फिटनेस व स्वास्थ्य समुदाय निर्माण को बढ़ावा देने के बारे में जागरूकता फैलाने का नेतृत्व करेंगे। यह फिटनेस के प्रति उत्साही लोगों में स्वास्थ्य का समर्थन करने संबंधी एमवे इंडिया के फोकस के अनुरूप कदम है, ताकि पोषण संबंधी सही मार्गदर्शन के साथ अपने फिटनेस लक्ष्यों को बनाए रखने में मदद मिल सके।

एमवे इंडिया के सीएमओ अजय खन्ना ने कहा, आज भारत के युवाओं और महिलाओं के लिए निवारक स्वास्थ्य देखभाल सबसे पहले है। देश में फिटनेस और न्यूट्रिशन सप्लीमेंट के प्रति बढ़ती दिलचस्पी भी दर्ज की गई है, विशेष रूप से युवाओं के बीच वेलनेस इंडस्ट्री में लगातार वृद्धि हुई है।

बदलती जीवन शैली, लंबे समय तक घर में रहने और इसी तरह की कई अन्य विवशताओं ने उपभोक्ताओं के मानसिक व शारीरिक कल्याण पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। अपनी कल्याण पहलों के माध्यम से हम उचित पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, जिसमें किसी की दैनिक पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए सप्लीमेंट्स तो शामिल हैं ही, साथ ही इन फिटनेस कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी मदद मिलती है। संग्राम सिंह के साथ हमारा गठजोड़ हमें स्वस्थ रहने और समग्र स्वास्थ्य व फिटनेस के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के बारे में और अधिक जागरूकता फैलाने में मदद करेगा। लोगों को बेहतर, स्वस्थ जीवन जीने में मदद करने के अपने विजन के साथ हम एक स्वस्थ भारत बनाने के लिए प्रयासरत हैं। भारत भर में हमारी पहलों को मिले शानदार समर्थन को देखकर मुझे असीम खुशी हो रही है।

## कीटनाशकों पर जीएसटी कम कर पांच प्रतिशत करने की मांग

नयी दिल्ली। फिक्की की फसल सुरक्षा से संबंधित समिति एवं एग्रो केमिकल कंपनी धानुका समूह के अध्यक्ष आर जी अग्रवाल ने फसल उत्पादकता बढ़ाकर किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कीटनाशकों पर जीएसटी की दर को पांच प्रतिशत करने की मांग की है। अग्रवाल ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कीटनाशकों पर अभी जीएसटी 18 प्रतिशत है है जिसे घटाकर पांच प्रतिशत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार उर्वरकों पर पांच प्रतिशत की दर से जीएसटी लेती है और यही दर कीटनाशकों के लिए भी होनी चाहिए। उन्होंने कीटनाशकों के उत्पादन को पीएलआई स्कीम में शामिल करने की मांग भी की। श्री अग्रवाल ने कहा कि सरकार का कृषि विस्तार कार्यक्रम बहुत धीमा है और यह किसानों की पहुंच में नहीं है। यदि निजी क्षेत्र को सरकार इस क्षेत्र में सहायता देती है तो कृषि से संबंधित आधुनिक तकनीक को किसानों तक सीधे उपलब्ध कराया जा सकता है।

उन्होंने देश में नकली कीटनाशकों की विक्री पर चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि इससे न सिर्फ किसानों की फसल बर्वाद हो रही है बल्कि उन्हें भारी आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। नकली कीटनाशकों से संबंधित सरकारी प्रक्रिया अप्रभावी है जिससे इस पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को सही समय पर उन्नत बीज , उर्वरक, कीटनाशक और अन्य सुविधायें उपलब्ध करायी जायें तो निश्चित रूप से उनकी आय में भारी बढोतरी होगी।

## मौद्रिक नीति समिति के सदस्यों ने मुद्रास्फीति पर नियंत्रण पर दिया था बल

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की पिछली बैठक में अधिकतर सदस्यों ने मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने की जरूरत पर जोर दिया था।

एमपीसी की 36वीं बैठक इसी माह छह से आठ जून तक हुई थी और इसकी कार्यवाही का विवरण बुधवार को जारी किया गया।

आरबीआई ने आठ जून को नीतिगत रेपो दर को तत्काल प्रभाव से 4.40 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.90 प्रतिशत कर दिया था। इससे पहले मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने मई में बीच में ही आयोजित बैठक में रेपो दर में प्रतिशत 0.40 अंक की वृद्धि की थी।

बैठक के विवरण के अनुसार आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बैठक में कहा था, ऐसे समय जबकि उच्च मुद्रास्फीति प्रमुख चिंता का विषय बनी हुई है, आर्थिक गतिविधियों में सुधार मजबूत बना हुआ है और उसको गति मिली है, मुद्रास्फीति और मुद्रास्फीति की प्रत्याशा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नीतिगत दरों में और वृद्धि करने के लिए यह समय उपयुक्त है।

एमपीसी के सदस्य माइकल पात्रा ने कहा कि कुछ समय के लिए दुनिया भर में मुद्रास्फीति की मुख्य दरें ऊंची बनी रहेंगी। इसका स्तर नहीं बल्कि इस समय यह देखना जरूरी है कि आगे इसकी दिशा क्या रहती है।

उन्होंने कहा, यदि मुद्रास्फीति चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में कम होने लगती है, तो नीतिगत दर को भविष्य की मुद्रास्फीति के स्तर से ऊपर ले जाने का उद्देश्य जल्द से जल्द प्राप्त हो जाएगा, तथा नीतिगत कड़ाई पर विराम देने और उसे पुनर्संशोधित करने का मौका मिल सकता है।

सदस्य प्रो. जयंत आर वर्मा की राय थी कि उभरती हुई मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि की गति में पारस्परिक संबंधों को देखते हुए एमपीसी की भविष्य की बैठकों में वास्तविक नीति दर को और मामूली बढ़ाने की आवश्यकता है।

सदस्य राजीव रंजन ने कहा कि भारत में मुद्रास्फीति ऊंची होने की अटकालों के चलते अल्पकाल में मुद्रास्फीति बढ़ने पर उत्पादन गिरने का सिलसिला अधिक बिगड़ जाता है। इसी तर्क के आधार पर उन्होंने कड़े नीतिगत कदम शुरू में ही तेज करने की सिफारिश की थी।

सदस्य आशिमा गोयल ने कहा कि आर्थिक दशा में सुधार के मौजूदा चरण में एक साल आगे की वास्तविक दर ज्यादा नकारात्मक नहीं होनी चाहिए। इसी आधार पर उन्होंने कहा था कि ब्याज में प्रतिशत 0.50-0.60 अंक की बढ़ोतरी पर्याप्त रहेगी।

## स्विट्जरलैंड की क्लीनफिक्स ने शेवरन लैब के साथ मैसूर में लगाया सफाई मशीन काखाना

मैसूर। स्वच्छता और सफाई के काम वाली रोबोट प्रौद्योगिकी वाली मशीनों के निर्माण में दुनिया की अग्रणी स्विट्जरलैंड की कंपनी क्लीनफिक्स रीइनिगंग्ससिस्टम एजी ने भारत की शेवरन लेबोरेटरीज प्रा. लि. के साथ भागीदारी में मैसूर में 110 करोड़ रुपए के निवेश से एक कारखाना स्थापित किया है।

कंपनी की ओर से बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार क्लीनफिक्स-शेवारन इंडिया की यह विनिर्माण सुविधा उच्च स्तरीय सफाई मशीनों और उपकरणों का विनिर्माण करेगी। मैसूर की शेवरन लेबोरेटरीज सफाई समाधान कंपनी है। बयान के अनुसार 110 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित यह कारखाना इस क्षेत्र की सबसे बड़ी विनिर्माण सुविधा में एक होगा। अपनी तरह की यह अनूठी सुविधा सरलतम से लेकर जटिल रोबोटिक्स बनाने की क्षमता तक 20 प्रकार की मशीनों का निर्माण करेगी।

ये मशीनें गोदामों, मॉल और रेलवे स्टेशनों जैसे बड़े आकार के स्थानों से लेकर छोटे और अधिक जटिल क्षेत्रों तक में स्वचालित सफाई समाधान प्रदान करती हैं।

यह विनिर्माण इकाई मैसूर के नंजनगुड तालुक में थंड्या में है। इस कारखाने का उद्घाटन भारत और भूटान में स्विट्जरलैंड के राजदूत डॉ. राल्फ हेकनर ने गुरुवार को किया। इस अवसर पर मैसूर के महाराजा यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार विशिष्ट अतिथि थे। कंपनी के बयान में कहा गया है, स्विटजरलैंड के क्लीनफिक्स रीनिगंग्ससिस्टम एजी और शेवारन लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड के बीच यह संयुक्त उद्यम भारत में बने अत्याधुनिक स्विस इंजीनियरिंग उत्पाद प्रस्तुत करेगा।

यह कारखाना कुल 50,000 वर्ग फुट में बना है। क्लीनफिक्स-शेवारन इंडिया के प्रबंध निदेशक एलेक्स चेरियन कुम्बकट्ठू ने कहा, विनिर्माण के क्षेत्र में भारत और स्विट्जरलैंड की दो कंपनियों का यह संयुक्त उद्यम क्लीनफिक्स- शेवारन इंडिया सफाई उपकरण उद्योग में एक मजबूत स्थान बनाएगा।

## 10 रुपये से 600 के पार पहुंचा टाटा ग्रुप का यह शेयर, 1 लाख के बन गए 65 लाख रुपये

एजेंसी

नई दिल्ली। टाटा ग्रुप की एक कंपनी ने ताबड़तोड़ रिटर्न दिया है। टाटा ग्रुप का यह शेयर टाटा मेटालिक्स है। कंपनी के शेयर पिछले कुछ साल में 10 रुपये से बढ़कर 600 रुपये के पार पहुंच गए हैं।

टाटा मेटालिक्स के शेयरों ने इस पीरियड में निवेशकों को 6000 पर्सेंट से ज्यादा का रिटर्न दिया है। टाटा मेटालिक्स के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1364.20 रुपये है। टाटा मेटालिक्स की पैरेंट कंपनी टाटा स्टील है।

टाटा मेटालिक्स लिमिटेड के शेयर 1 जनवरी 1999 को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में 10 रुपये के स्तर पर थे। कंपनी के शेयर 22 जून 2022 को एनएसई में 653.50 रुपये के स्तर पर बंद हुए हैं। कंपनी के शेयरों ने इस पीरियड में 6435 पर्सेंट का रिटर्न दिया है।

अगर किसी व्यक्ति ने 1 जनवरी 1999 को कंपनी के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने इनवेस्टमेंट को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में यह पैसा 65.35 लाख रुपये होता। टाटा मेटालिक्स के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 617.35 रुपये है।

### 9 साल से कम में 1 लाख के बन गए 23 लाख रुपये

टाटा मेटालिक्स के शेयर 2 अगस्त 2013 को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में 27.40 रुपये के स्तर पर थे। कंपनी के शेयर 22 जून 2022 को 653.50 रुपये के स्तर पर बंद हुए हैं। अगर किसी व्यक्ति ने 2 अगस्त 2013 को कंपनी के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने इनवेस्टमेंट को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में यह पैसा 23.85 लाख रुपये होता। पिछले एक साल में टाटा मेटालिक्स के शेयरों में 41 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है। वहीं, इस साल अब तक कंपनी के शेयरों में करीब 23 फीसदी की गिरावट आई है।

## 1 जुलाई से बदल रहा है ये जरूरी नियम : क्रिप्टोकरेंसी में पैसा लगाने वालों को जबरदस्त झटका

एजेंसी

नई दिल्ली। अगर आप क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेडिंग करते हैं तो आपके लिए जरूरी खबर है। 1 जुलाई से क्रिप्टो में ट्रेडिंग करना आपको महंगा पड़ सकता है। दरअसल, 1 जुलाई, 2022 से Cryptocurrency के निवेशकों को बड़ा झटका लगने वाला है। अगले महीने से सभी क्रिप्टो के ट्रांजैक्शन पर 1 फीसदी टीडीएस का भुगतान करना होगा, फिर चाहे आपको मुनाफे में हो या न हो।


### 30 फीसदी टैपिटल गेन टैक्स लगाने का फैसला

आपको बता दें नए नियमों के अनुसार अब क्रिप्टोकरेंसी से की गई पर 30त्न टैक्स लग रहा है। मान लीजिए आपने 15 हजार रुपये का निवेश क्रिप्टोकरेंसी में किया है।

कुछ साल बाद उसकी कीमत 45 हजार रुपये हो गई। ऐसे में आपको इस पर की गई कमाई यानी 30 हजार रुपये पर टैक्स देना होगा। साथ ही अब 1 जुलाई से क्रिप्टो के लेन देन पर 1 फीसदी टीडीएस का भी भुगतान करना होगा। बता दें जो निवेशक क्रिप्टोकरेंसी को मुनाफे में नहीं भी बेचते हैं उन्हें भी टैक्स चुकाना होगा।

### क्या है नियम?

बता दें कि आयकर नियमों में संशोधन किया गया है। यह टीडीएस प्रावधान आयकर अधिनियम, धारा 194एस में जोड़े गए एक नए प्रावधान के तहत लागू किया गया है। नए नियमों के अनुसार, धारा 194s के तहत कटौती की गई किसी भी राशि का भुगतान केंद्र सरकार को उस महीने के अंत से 30 दिनों के भीतर किया जाना है जिसमें कटौती की गई है। साथ ही, इसे इसी अवधि के भीतर बुधवार को अधिसूचित एक नए फॉर्म 26त्तक्र में रिपोर्ट करना होगा।



## शार्ट न्यूज

### यूनिफाइड कप के लिए भारतीय टीम रवाना

नयी दिल्ली। अमेरिका के डेट्रॉइट में खेले जाने वाले यूनिफाइड कप फुटबाल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए स्पेशल खिलाडियों की भारतीय महिला टीम दिल्ली के मैत्रेयी कालेज में दस दिन के प्रशिक्षण शिविर के बाद रवाना हो चुकी है। कैम्प की कन्वीनर और कालेज की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डाक्टर शिप्रा वर्मा की देख रेख में आयोजित कैम्प में शामिल खिलाडियों और कोचों ने मैत्रेयी कालेज मैदान, स्टाफ और खासकर डाक्टर वर्मा के सहयोग की सराहना की और कहा कि मैत्रेयी कालेज स्पेशल और पैरा खिलाडियों का% हब% बन चुका है, जहां रोज सैकड़ों खिलाडी ट्रेनिंग करते हैं। शिप्रा ने बताया कि उनका कालेज फिट इंडिया मूवमेंट को समर्पित है और लगभग 500 खिलाडी प्रशिक्षण लेने आते हैं। कालेज की प्रिंसिपल डाक्टर हरितमा के अनुसार उनका कालेज स्पेशल ओलम्पिक भारत को पूरा समर्थन देता है,जिसकी संरक्षक डाक्टर मल्लिका नड्डा हैं। उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका गई टीम देश का सम्मान बढ़ाएगी। उल्लेखनीय है कि शिप्रा अपने कालेज में 2016 से स्पेशल खिलाडियों का सेंटर चला रही हैं जिसमें प्रशिक्षण पाकर अनेक खिलाड़ी राज्य और राष्ट्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस अभियान में उन्हें डाक्टर ज्योति मान का सहयोग मिल रहा है। अमेरिका दौरे पर गई टीम को उन्होंने पूरी तरह तैयार बताया और कहा कि सशक्त नाम का उनका सेंटर सभी स्पेशल खिलाडियों का स्वागत करता है। शिप्रा खुद भी बास्केटबॉल, फुटबॉल और नेटबॉल की खिलाडी रही हैं और अनेक अवसरों पर राज्य और देश के लिए खेली हैं।

### अपरा जायसवाल ने इंटरनेशनल चैस ओलंपियाड में टॉप किया

गाजियाबाद। गाजियाबाद निवासी और दूसरी कक्षा की छात्रा अपरा जायसवाल ने ओलंपियाड टार्च रन इंटरनेशनल ओपन रैपिड चैस टूर्नामेंट 2022 के अंडर 07 (बालिका वर्ग) में पहला स्थान हासिल किया है। कल देर रात दिल्ली चैस एसोसिएशन ने इस टूर्नामेंट के विजेताओं की अंतिम सूची जारी की। इसके अनुसार अपरा जायसवाल को पहले स्थान पर आने से उसे छह हजार रूपये का पुरस्कार भी दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी ने गत रविवार शाम चेन्नई में होने वाले चैस ओलंपियाड की मशाल जलाई और उसे पांच बार के शतरंज विश्व विजेता विश्वनाथन आनंद को सौंपा। इसी कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए इस टूर्नामेंट का आयोजन इंदिरा गांधी स्टेडियम में किया गया था। इस टूर्नामेंट में कई राज्यों से आए कुल 1549 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनमें ग्रैंडमास्टर और इंटरनेशनल मास्टर्स भी पहुंचे थे। अपरा जायसवाल ने यह जीत अपने निजी कोच राशिद को समर्पित की है। अपरा के पिता और वरिष्ठ पत्रकार शोभित जायसवाल इस विलक्षण जीत से खुद हैरत में हैं क्योंकि उनकी बेटी ने महज चार महीने पहले ही चैस सीखना शुरू किया था। अपरा यहां के डीपीएसजी मेरठ रोड की छात्रा है।

### ग्रोइन चोट के कारण तीसरे मैच से बाहर हुए मॉर्गन

एम्सटेलवीन। इंग्लैंड के सफेद बॉल कप्तान ऑइन मॉर्गन ग्रोइन की चोट के कारण नीदरलैंड के खिलाफ बुधवार को खेले जाने वाले तीसरे एकदिवसीय मुकाबले से बाहर हो गये हैं। ईएसपीएनक्रिकइन्फो ने बताया कि मॉर्गन की अनुपस्थिति में जॉस बटलर टीम की कप्तानी करेंगे। मॉर्गन ने इस सीरीज़ के शुरुआती दो मुकाबलों में आठ गेंदें खेलकर शून्य रन बनाये। उनकी खराब फॉर्म के अलावा टीम प्रबंधन के सामने उनकी फिटनेस की चिंता भी लगातार बनी हुई है। मॉर्गन ने पिछले 18 महीनों में अंतरराष्ट्रीय व डोमेस्टिक क्रिकेट में सिर्फ एक अर्धशतक जमाया है, जो जुलाई 2021 में श्रीलंका के खिलाफ आया था। नीदरलैंड के खिलाफ दो मैचों में शून्य पर आउट होने से उनकी फॉर्म पर सवाल और गहरे हो गये हैं। उल्लेखनीय है कि मॉर्गन ने इंग्लैंड को विश्व कप जिताने में भूमिका निभाने की इच्छा जताई है और वह ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप में टीम की कप्तानी भी करना चाहते हैं।

### पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर ज़हीर अब्बास आईसीयू में भर्ती

लंदन। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ज़हीर अब्बास की तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें लंदन के एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। जियो न्यूज़ ने मंगलवार को अब्बास के परिवार के हवाले से बताया कि उन्हें तीन दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जियो न्यूज़ ने कहा कि दुबई से लंदन जाते हुए अब्बास कोरोना संक्रमित हो गये थे। लंदन पहुंचने के बाद उन्होंने गुर्दे में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें निमोनिया होने की जानकारी मिली। सूत्रों के अनुसार वह इस समय डायलिसिस पर हैं और डॉक्टरों ने उन्हें किसी से भी मिलने से मना किया है।

### हिमाचल का पहला माउंटेन बाइकिंग आयोजन 23 जून से

शिमला। हिमाचल प्रदेश में पर्यटन और साइकिलिंग को बढ़ावा देने और राज्य की सुंदरता के प्रदर्शन के लिये हिमालय एडवेंचर स्पोर्ट्स एंड टूरिज्म प्रोमोशन एसोसियेशन (हस्त्पा) हिमाचल टूरिज्म के साथ मिलकर राज्य की पहली माउंटेन बाइकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में पर्यटन और नागरिक विमानन निदेशक अमित कश्यप ने बुधवार को कहा कि चार दिवसीय माउंटेन बाइकिंग रेस 23 जून को शिमला से शुरू होकर 26 जून को जंजैहली में समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर शिमला में प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखायेंगे। इसके बाद 24 जून को मशोबारा में 24 जून को शुरू होकर तीन चरणों से गुजरते हुए 26 जून को जंजैहली में समाप्त होगी। रेस का पहला चरण 24 जून को मशोबारा में शुरू होने के बाद साइकिलिस्ट रात होने पर चिन्दी में आराम करेंगे। दूसरा चरण 25 जून को चिन्दी से शुरू होकर जंजैहली में समाप्त होगा। तीसरे चरण में रेस जंजैहली में अपने अंत पर पहुंचेगी, जहां प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित होगा। 180 किमी की रेस का सबसे ऊंचा बिंदू 2750 मीटर पर शिकारी माता मंदिर होगा। कश्यप ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य राज्य में साइकिलिंग पर्यटन को बढ़ावा देना है। पर्यटन और नागरिक विमानन 'नयी राहें नयी पहल' योजना के तहत हस्त्पा की इस पहल का समर्थन कर रहा है। इस आयोजन में हिमाचल के शिमला, सोलान बिलासपुर, मंडी और कुल्लू के अलावा उत्तराखंड, हरियाणा, मध्य प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब और जम्मू कश्मीर से भी लोग हिस्सा ले रहे हैं। दिल्ली पुलिस, एसएसबी, सेना और भारतीय सैन्य अकादमी से भी प्रतिभागी आयोजन में अपनी दावेदारी पेश करेंगे।

### वॉशिंगटन सुंदर के इस सीज़न लंकाशायर की टीम से खेलेंगे

लंदन। भारत के ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर इस सीज़न के काउंटी क्रिकेट में लंकाशायर की टीम से खेलेंगे। इस बात की पुष्टी लंकाशायर मैनेजमेंट ने बुधवार दोपहर को कर दी है। 22 वर्षीय वॉशिंगटन तीन काउंटी चैंपियनशिप के मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे, जिस दौरान वह रॉयल लंदन कप में हिस्सा लेंगे। वह चेतेश्वर पुजारा के बाद इस सीज़न में इंग्लिश काउंटी क्रिकेट खेलने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने डिवीजन टू में ससेक्स के लिए 120 की शानदार औसत से आठ पारियों में 720 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने 2021 में रॉयल लंदन कप के लिए लंकाशायर के साथ अनुबंध किया था, लेकिन कंधे की चोट के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा। लंकाशायर वर्तमान में काउंटी चैम्पियनशिप डिवीजन एक के अंक तालिका में सरे और हैम्पशायर के बाद 108 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। वे 26 जून से वाइटलिटी ब्लास्ट टी20 मैचों के बाद ग्लॉस्टरशायर के फिर से टेस्ट मैच खेलेंगे। वॉशिंगटन बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में हाथ की चोट से उबरने के लिए काम कर रहे हैं। जुलाई 2021 में चेस्टर-ले-स्ट्रीट में काउंटी सिलेक्ट इलेवन के खि़लाफ तीन दिवसीय मैच खेलते समय उंगली में चोट भी लगी थी। चोट ने उन्हें उस इंग्लैंड दौरे से बाहर करवा दिया था और वह आईपीएल 2021 का दूसरा चरण भी नहीं खेल पाए थे।

# आईपीएल की मीडिया डील क्रिकेट की दुनिया के लिए बढ़िया ख़बर : आईसीसी

दुबई। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को विश्वास है कि आईपीएल की जो मीडिया डील हुई है, उससे क्रिकेट की दुनिया में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस डील के बाद मीडिया राइट्स के असली मूल्य का पता चला है।

आईसीसी ने अपनी प्रतियोगिताओं के अगले चक्र के मीडिया अधिकार के लिए पहला आमंत्रण भेजा है। इस मीडिया अधिकार 2024 से 2031 तक के चक्र के लिए है। इस मीडिया अधिकार को छह भागों में बांटा गया है। पहली बार आईसीसी ने महिला प्रतियोगिताओं के लिए अलग से एक पैकेज रखा है। पुरुषों वर्ग की प्रतियोगिताओं के लिए बोली चार या आठ साल के लिए और महिलाओं प्रतियोगिताओं के लिए चार साल तक के लिए बोली लगाई जा सकती है।

आईसीसी सबसे पहले भारतीय बाज़ारों में जाएगी जहां हाल ही में आईपीएल के मीडिया अधिकार के लिए रिकॉर्ड बोली लगाई गई थी। आईसीसी ने आईपीएल की ई-नीलामी के बाद बाज़ार में उतरने की योजना बनाई थी और कहा था कि आईपीएल के लिए जिस तरीके़ से बोली लगाई गई उससे वह काफ़ी ख़ुश हैं। इससे यह साफ़ पता चल रहा था कि बड़े क्रिकेट टूर्नामेंट के मीडिया अधिकार के लिए बढ़िया रक़म मिल रही है।

आईसीसी के मीडिया राइट्स के उपाध्यक्ष सुनील मनोहरन ने कहा, मुझे लगता है कि हम काफ़ी ख़ुश हैं। क्रिकेट की दुनिया में मीडिया अधिकार के लिए इस तरह से बोली लगाई जाना हम सभी के लिए एक शानदार ख़बर है। इस बार के राइट्स में डिजिटल अधिकारों की मूल्य में काफ़ी ज़्यादा वृद्धि हुई। डिजिटल अधिकारों की क़ीमतें इस बार टीवी अधिकारों के मूल्य से भी ज़्यादा थी। इससे यह साफ़ पता चलता है कि बाज़ार में अभी भी क्रिकेट के मीडिया अधिकारों की बड़ी बोली लगाई जा सकती है।

आईसीसी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी अनुराग दहिया ने कहा, हमारी उम्मीदों में कोई बदलाव नहीं आया है। हमने लंबे समय से महसूस किया है कि आईपीएल के मीडिया अधिकार के लिए इसी तरह की बोली लगाई जाएगी। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी। यह हमारी समझ का एक अच्छा पुष्टिकरण था कि बाज़ार कहां है और उस बाज़ार में प्रमुख प्रसारण अधिकारों का क्या मूल्य है। मुझे लगता है कि आईपीएल ने स्पष्ट रूप से यह प्रदर्शित किया है कि मीडिया अधिकारों के लिए बाज़ार में काफ़ी मांग है। कुछ कंपनियां बोलियों में सफल रही हैं और कुछ लोग असफल। मतलब साफ़ है कि बाज़ार में अभी भी कुछ लोग ऐसे हैं जो मीडिया अधिकार के लिए बोली लगाने के लिए तैयार हैं।

आईपीएल की ई-नीलामी के विपरीत आईसीसी सीलबंद बोलियों को आमंत्रित करने के पारंपरिक मार्ग को अपनाएगी, जो एक समिति के माध्यम से जाएगी। आईसीसी अगस्त के अंत तक सभी बोलियों को जमा करने की योजना बना रहा है और बोर्ड द्वारा अनुमोदित होने के बाद, सितंबर के मध्य तक परिणामों की घोषणा करेगा। दहिया ने कहा, यह एक ऐसी पद्धति है जिसे हमने अतीत में नियोजित किया है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार हमारे पास अधिकारों का एक बहुत ही जटिल सेट उपलब्ध है। हमने पुरुषों और महिलाओं की प्रतियोगिताओं की लिए लगाई जाने वाली बोली के लिए अलग-अलग पैकेज बनाया है। ई-नीलामी के माध्यम से उन सभी को संबोधित करना बहुत जटिल है। इसलिए हम एक सीलबंद बोली पद्धति के साथ आगे बढ़ेंगे, जिससे बोली लगाने वालों को सर्वोत्तम बोली लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है।

# रोमांचक मुकाबले में चार रन से जीती श्रीलंका



कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट टीम ने कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में आयोजित बेहद रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को चार रन से हराकर आर्थिक संकट से जूझ रहे अपने देश को जश्न मनाने का एक और मौका दिया।

दसुन शनाका की टीम ने मंगलवार को हुए मुकाबले में टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाज़ी करते हुए शुरुआती विकेट तेज़ी से खोये। निरोशन डिकवेला (01), पथुम निसंका (13) और कुसल मेंडिस (14) के आउट होने के बाद श्रीलंका के 34 रन पर ही तीन विकेट हो गये।

इसके बाद धनंजय डि सिल्वा ने 60 रन पर आउट होने से पहले चरिता असलंका के साथ 101 रन की साझेदारी करते हुए पारी को संभाला। डि सिल्वा ने 61 गेंदों की अपनी पारी में सात चौके लगाये, मगर वह 27वें ओवर में मिचेल मार्श की गेंद पर मैक्सवेल को कैच थमा बैठे। उनके साथी असलंका ने मोर्चा संभालते हुए 106 गेंदों पर 10 चौकों और एक छक्के की बदौलत 110 रन की शतकीय पारी खेली। इनके अलावा दुनिथ वेलालागे ने 19 रन और वानिंदू हसरंगा ने 21 रन बनाये, जिसकी बदौलत श्रीलंका 49 ओवर में 258/10 रन पर पहुंच पाई। मैथ्यू कुह्नमैन, पैट कमिंस और मिचेल मार्श ने दो-दो विकेट लिये जबकि ग्लेन मैक्सवेल को एक विकेट हासिल हुआ।

259 रन का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान ऐरन फिंच को तीन रन पर ही खो दिया, लेकिन इसके बाद डेविड वॉर्नर (99) और मिचेल मार्श (26) ने पारी को संभालते हुए 63 रन की साझेदारी की, हालांकि मार्श के आउट होने के बाद कंगारू टीम नियमित अंतराल पर विकेट खोती रही। वॉर्नर ने एक छोर पर पारी को संभालने का प्रयास किया, लेकिन वह भी अपने शतक से चूकते हुए ऑस्ट्रेलिया के सांतवे विकेट के रूप में 99 रन पर आउट हो गये। वॉर्नर ने अपनी पारी में 112 गेंदें खेलकर 12 चौके लगाये। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के लिये ट्राविस हेड ने 27 और पैट कमिंस ने 35 रन बनाये। मैच के आखिरी ओवर में ऑस्ट्रेलिया को 19 रन की दरकार थी, जिसका बचाव करते हुए शनाका ने श्रीलंका को चार रन से जीत दिलायी। श्रीलंका के लिये चमिका करुणारत्ने, डि सिल्वा और जेफरी वैंडरसे ने दो-दो विकेट लिये जबकि महीष तीक्षणा, हसरंगा, वेलालागे और शनाका ने एक-एक विकेट चटका।

इस जीत के साथ ही श्रीलंका ने पांच मैचों की सीरीज़ में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। श्रंखला का पांचवा और अंतिम मैच शुक्रवार, 24 जून को खेला जाना है।

# रुमेली धार ने क्रिकेट से लिया सन्यास



नयी दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान रुमेली धार ने बुधवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास की घोषणा की।

भारत के लिये 2003 में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण करने वाली रुमेली ने चार टेस्ट, 78 एकदिवसीय और 18 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। दक्षिण अफ्रीका में हुए 2005 विश्व कप में भारत को फाइनल में पहुंचाने में रुमेली ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

38 वर्षीय रुमेली ने इंस्टाग्राम पर सन्यास की घोषणा करते हुए कहा, पश्चिम बंगाल के श्यामनगर से शुरू होने वाला 23 साल का मेरा क्रिकेट करियर अपने अंत पर आ गया है। मैं क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास लेने की घोषणा करती हूं।

उन्होंने कहा, मेरा सफ़र उतार-चढ़ाव से भरा रहा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करना, 2005 में विश्व कप फाइनल खेलना और टीम की कप्तानी संभालना मेरे लिये अच्छा अनुभव रहा। कई बार चोट लगने के कारण मेरा करियर प्रभावित हुआ, लेकिन मैंने हमेशा और बेहतर वापसी की।

रुमेली ने अपने संदेश में अपने परिजनों और बीसीसीआई को धन्यवाद देते हुए कहा उन्होंने अपने करियर के हर मैच में कुछ सीखा है।

रुमेली ने कहा, आज अपने पसंदीदा खेल को अलविदा कहते हुए मैं अपने परिवार, बीसीसीआई, दोस्तों और उन टीमों (बंगाल, रेलवे, एयर इंडिया, दिल्ली, राजस्थान और असम) को धन्यवाद देना चाहती हूं जिन्होंने मुझे खेलने का मौका दिया। मेरी काबिलियत पर भरोसा करने और मुझे अपनी टीम के लिये खेलने का अवसर देने के लिये धन्यवाद। उन्होंने टीम इंडिया तक पहुंचने के रास्ते को हमवार करने में मेरी सहायता की।

उन्होंने कहा, इस लंबे करियर में प्रत्येक मैच ने मुझे एक सबक सिखाया जो मेरी दूसरी पारी में मदद करेगा। सभी यात्राओं की तरह, मेरी क्रिकेट यात्रा भी आज समाप्त होती है, लेकिन मैं खेल से जुड़े रहने और देश में युवा प्रतिभाओं को पोषित करने में मदद करने का वादा करती हूं।

# सऊदी अरब और तुर्की में बढ़ रही दोस्ती, प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान जाएंगे अंकारा



**नई दिल्ली।** इस्तांबुल स्थित सऊदी वाणिज्यिक दूतावास में पत्रकार जमाल खशोगी की 2018 में हत्या के बाद सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान तुर्की के दौरे पर जा रहे हैं। प्रिंस सलमान का यह दौरा तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन के रियाद दौरे के के एक महीने के बाद हो रहा है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि एर्दोगन का अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वियों में से एक के साथ संबंधों को पुनर्जीवित करना मजबूरी है। एर्दोगन का यह फैसला बड़े पैमाने पर इकॉनमी और ट्रेड से प्रेरित है। आम चुनाव से एक साल पहले तुर्की के जीवन स्तर में गिरावट आ रही है जो एर्दोगन के दो दशक के शासन की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है।

### एक्सपर्ट्स का क्या कहना है?

वाशिंगटन इंस्टीट्यूट के तुर्की विशेषज्ञ सोनर कैगाप्टे ने एएफपी से बातचीत में कहा है कि एर्दोगन सिर्फ खुद के बारे में सोच रहे हैं। मुझे लगता है कि उन्होंने तुर्की और खुद के गौरव को मिटाकर भी चुनाव जीतना चाहते हैं। लेकिन यह सिर्फ तुर्की के बारे में नहीं है। सऊदी अरब ईरान की गतिविधियों को लेकर चिंतित है। ऐसे में वह तुर्की को अपने पाले में रखना चाहता है।

### कैसे बिगड़े दोनों देशों के बीच संबंध

सउदी के साथ तुर्की की समस्याएं तब शुरू हुईं जब अंकारा ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी के 2013 में काहिरा में मुस्लिम ब्रदरहुड को सत्ता से हटाने को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। सउदी और अन्य अरब राज्यों ने ब्रदरहुड को अस्तित्व के लिए एक खतरे के रूप में देखा था। 2017 में कतर पर सउदी और उनके सहयोगियों द्वारा लगाए गए लगभग चार साल के नाकेबंदी को तोड़ने की कोशिश के बाद ये प्रतिद्वंद्विता तेज होती गई।

### श्रीलंका का दौरा करेगा भारतीय प्रतिनिधि दल

कोलंबो। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन के नेतृत्व में भारत सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल श्रीलंका की आर्थिक सहायता बढ़ाने के लिए स्थिति का आकलन करने के लिए गुरुवार यहां पहुंचेगा। दैनिक मिरर की रिपोर्ट में बताया गया कि प्रतिनिधिमंडल की श्रीलंका में तीन घंटे तक रहेगा और वह राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे और प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे के साथ बातचीत करेगा। यह यात्रा नयी दिल्ली में श्रीलंका के राजदूत मिलिंडा मोरागोडा की 20 जून को भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बैठक के बाद हुई है। भारत इस समय श्रीलंका को तेल खरीदने के लिए 50 करोड़ डॉलर की एक और क्रेडिट लाइन को अंतिम रूप देने की तैयारी में है। वर्तमान में श्रीलंका बेहद खराब आर्थिक संकट से गुजर रहा है। श्रीलंका में वस्तुओं के आयात के लिए विदेशी मुद्रा भंडार की कमी के कारण खाद्य, दवाइयां, ईंधन जैसी आवश्यक सामग्रियों की कमी है।

# अफगानिस्तान में भूकंप ने मचाई तबाही, कम से कम 920 मौतें, राहत-बचाव में भी मुश्किल

एजेंसी

**काबुल।** अफगानिस्तान के पूर्वी पहाड़ी इलाके और पाकिस्तान की सीमा के पास आए जोरदार भूकंप ने तबाही मचा दी है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक कम से कम एक हजार लोगों की जान चली गई है। यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.1 थी। आंकड़ों के मुताबिक कम से कम 1500 लोगों के घायल होने की खबर है।

खोस्त और पक्तिका प्रांतों में कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। अफगानिस्तान में तालिबान के शासन के बाद कई विदेशी रेस्क्यू एजेंसियां देश छोड़कर चली गई थीं। ऐसे में राहत और बचाव के काम में भी काफी मुश्किलें आ रही हैं। पड़ोसी पाकिस्तान के मौसम विभाग का कहना है कि भूकंप का केंद्र खोस्त सिटी से 50 किलोमीटर की दूरी पर बॉर्डर के पास ही था। इस इलाके में ज्यादा लोग नहीं रहते हैं इसलिए नुकसान फिर भी कम हुआ है।



### तबाही का मंजर

अफगानिस्तान से कई तस्वीरें सामने आई हैं जो कि तबाही की दास्तां बता रही हैं। एक तस्वीर में हेलिकॉप्टर से लोगों को निकालकर इलाज के लिए ले जाया जा रहा है। दूसरी में घायलों का इलाज जमीन पर ही लिटाकर चल रहा है। किसी को फ्लुइड चढ़ाया जा रहा है। कुछ लोग धराशायी हुए मकान के पास ईंट उठाते नजर आ रहे हैं। तालिबान सरकार में डिप्टी स्पोक्समैन बिलाल करीमी ने कहा कि पक्तिता प्रांत में भूकंप में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा, मैं सभी सहायता एजेंसियों से अपील करता हूं कि मौके पर मदद के लिए पहुंचें। काबुल में प्रधानमंत्री मोहम्मद हसन अखुंद ने राहत बचाव के लिए आपातकाल बैठक बुलाई। वहीं अफगानिस्तानी सीमा के पास पाकिस्तान के कुछ इलाकों में भी भूकंप का असर हुआ है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक बयान मे दुख व्यक्त किया और कहा कि वह अफगान लोगों की मदद करेंगे।

यूरोपियन सीस्मोलॉजिकल एजेंसी का कहना है कि लगभग 500 किलोमीटर के इलाके मे भूकंप का असर रहा है और इससे 11.9 करोड़ लोगों पर फर्क पड़ा है।

### सिंगापुर, दक्षिण कोरिया में मंकीपॉक्स का पहला मामला

सिंगापुर/सियोल। सिंगापुर और दक्षिण कोरिया में बुधवार को मंकीपॉक्स का पहला मामला दर्ज हुआ। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी।सिंगापुर में 15 से 17 जून के बीच रहे एक ब्रितानी विमान परिचारक की मंकीपॉक्स से जुड़ी रिपोर्ट सोमवार को पॉजिटिव आयी। उसे पिछले हफ्ते त्वाचा पर चकत्ते, सरदर्द और बुखार था। सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा,इस अवधि के दौरान वह ज्यादातर समय अपने होटल के कमरे में ही रहा था। वह 16 जून को एक मालिश कराने वाली जगह और तीन खाना-खाने वाली जगह गया था। सीएनएन ने मंत्रालय के हवाले से कहा कि परिचारक के संपर्क में आए 13 लोगों की पहचान कर ली गया है और अन्यों का पता लगाया जा रहा है। इस बीच कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी (केडीसीए) ने कहा कि एक मरीज को इंचियोन मेडिकल सेंटर में आइसोलेशन में रखा गया है। योनहाप ने रिपोर्ट में कहा कि केडीसीए ने मंकीपॉक्स के खतरे के स्तर को सावधान से चेतावनी करते हुए वायरस के प्रसार के खिलाफ उपायों को मजबूत करने का फैसला किया है।रोग नियंत्रण एवं रोकथाम (सीडीसी) के मुताबिक मंकीपॉक्स को स्मॉलपॉक्स से कम खतरनाक माना जा सकता है जिसकी अवधि 7-14 दिनों की है।

### अफगानिस्तान में भूकंप से 920 लोगों की मौत

काबुल,। अफगानिस्तान में आए शक्तिशाली भूकंप से मरने वालों की संख्या 920 हो गयी और अन्य 600 लोग घायल हो गए हैं। तालिबान ने यह जानकारी दी। अफगानिस्तान में मंगलवार रात भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.1 मापी गई। भूकंप के बाद पक्तिका प्रांत में जगह-जगह मलबे और टूटे हुए घरों की तस्वीर दिखाई दे रही है। बीबीसी ने तालिबानी नेता हिबतुल्लाह अखुंदजाद के हवाले से बताया कि भूकंप से सैकड़ों घरों को नुकसान पहुंचा है और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जतायी गयी है। आपदा प्रबंधन के उनके उप-मंत्री शरफुद्दीन मुस्लिम ने कहा कि अब तक 920 लोग मारे गए और 600 घायल हुए हैं। तालिबान की ओर से नियुक्त प्रवक्ता बिलाल करीमी ने ट्विटर पर कहा, दुर्भाग्यवश कल रात पक्तिका प्रांत के चार जिलों में जबर्दस्त भूकंप आया। भूकंप से सैंकड़ों लोगों की मौत हो गयी और सैकड़ों घायल हो गए और कई घर पूरी तरह से नष्ट हो गए। हम सभी सहायता एजेंसियों से आग्रह करते हैं कि इस तबाही को रोकने के लिए टीमों को क्षेत्रों में भेजें। बीबीसी ने अमेरिकी भूगर्भीय सर्वे के हवाले से बताया कि जिस समय भूकंप आया था, उस समय लोग घरों में सोए हुए थे। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.1 मापी गयी और जमीन की सतह से 51 किलोमीटर की गहराई में था।

### जयशंकर ने इथोपिया में किया भारतीय दूतावास का उद्घाटन

अदिस अबाबा। भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने बुधवार को अफ्रीकी देश इथोपिया की राजधानी अदिस अबाबा में भारतीय दूतावास का उद्घाटन किया। डॉ. जयशंकर ने इस अवसर पर मौजूद इथोपिया की महिला एवं सामाजिक मामलों की मंत्री इर्गोगी तेसफाये और विदेश मंत्री तेसमाये यिल्मा का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मेरे साथ इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए इथोपिया की महिला एवं सामाजिक मामलों की मंत्री इर्गोगी तेसफाये और विदेश मंत्री तेसमाये यिल्मा का धन्यवाद। अदिस अबाबा में भारतीय दूतावास का उद्घाटन बेहद सुखद है। इसके लिए यहां भारतीय दूतावास और उनकी टीम को बधाई उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है। विदेश मंत्री रवांडा के किगाली में कॉमनवेल्थ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट मीटिंग (चोगम) की 26वीं बैठक में हिस्सा लेने गये हैं । यात्रा के बीच उन्होंने इथोपिया में भारतीय दूतावास का उद्घाटन किया। कोविड-19 के खतरे को देखते हुए चोगम की बैठक दो बार टाली जा चुकी है। इस बार विदेश मंत्री बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह बैठक 24-25 जून को होने वाली है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. -DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा



# बाली के इन मंदिरों को देखे बिना नहीं होगी इंडोनेशिया की ट्रिप पूरी

यदि बाली में सर्वश्रेष्ठ हिंदू मंदिर की बात की जाए, तो उसमें तनाह लोट मंदिर का नाम अवश्य लिया जाता है। तनाह लोट मंदिर एक पर्यटन स्थल के रूप में बहुत लोकप्रिय है। तनाह लोट मंदिर समुद्री क्षेत्र में एक बड़ी मूंगा चट्टान पर बना है।

**जब** भी बाली घूमने की बात होती है, तो यकीनन सबसे पहले वहां के शानदार बीचेस को एक्सप्लोर करने का ही ख्याल मन में आता है। लेकिन यहां का प्राकृतिक सौंदर्य जितना बेहतरीन है, उतने ही आकर्षक है यहां पर स्थित मंदिर। प्राचीन बाली में कई मंदिर ऊंचे इलाकों और तटों पर स्थित हैं, जो शानदार सदियों पुरानी वास्तुकला को समेटे हुए हैं। भले ही आप स्वभाव से धार्मिक हों या ना हो, लेकिन फिर भी आपको इन मंदिरों में एक बार जरूर जाना चाहिए। यह मंदिर आपको बाली के सांस्कृतिक पक्ष से रूबरू होने का मौका देते हैं, साथ ही साथ मंदिर के पीछे की दिलचस्प इतिहास को जानकर यकीनन बेहद रोमांचित होंगे। तो चलिए आज हम आपको बाली में स्थित कुछ बेहतरीन मंदिरों के बारे में बता रहे हैं-

## तनाह लोट मंदिर

यदि बाली में सर्वश्रेष्ठ हिंदू मंदिर की बात की जाए, तो उसमें तनाह लोट मंदिर का नाम अवश्य लिया जाता है। तनाह लोट मंदिर एक पर्यटन स्थल के रूप में बहुत लोकप्रिय है। तनाह लोट मंदिर समुद्री क्षेत्र में एक बड़ी मूंगा चट्टान पर बना है। तनाह लोट मंदिर क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए केवल तभी पहुँचा जा सकता है जब समुद्र का पानी कम हो। समुद्र के ज्वार के समय तनाह लोट मंदिर समुद्र के बीच में स्थित प्रतीत होता है। तनाह लोट मंदिर जाने का सबसे अच्छा समय सूर्यास्त से पहले दोपहर का है। दर्शन के बाद आप यहां पर सूर्यास्त भी अवश्य देखें। तनाह लोट में सूर्यास्त का दृश्य अद्वितीय और बाली में सबसे सुंदर दृश्यों में से एक है।

## उलुवातु मंदिर

उलुवातु मंदिर को बाली के लोगों द्वारा पुरा लुहुर उलुवातु भी कहा जाता है और यह बाली में छह मुख्य हिंदू मंदिरों में से एक है। उलुवातु मंदिर अपनी वास्तुकला की विशिष्टता के अलावा, उलुवातु मंदिर स्थान एक बहुत ही खड़ी चट्टान के किनारे पर स्थित है और चट्टानों की समुद्र तल से लगभग 70 मीटर की ऊँचाई है। यहां पर सूर्यास्त के दृश्य के अलावा, उलुवातु मंदिर स्थान से पर्यटक हिंद महासागर के दृश्यों को भी देख सकते हैं। यहां पर आप बाली के डांस भी अवश्य देखें, क्योंकि बाली में एकमात्र स्थान जो सूर्यास्त के दौरान बाली केकक नृत्य पेशकश करता है वह उलुवातु मंदिर में है।

## उलुन दानू बेरातन मंदिर

एक झील में एक स्वर्ग, वही वास्तव में उलुन दानू है। बेदुगुल में बेराटन झील के पश्चिमी किनारे पर स्थित, यह एक प्रसिद्ध फ्लोटिंग टेम्प्ल है, और बाली आने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए एक मनोरंजक स्थान है। इसकी संरचना के अलावा, यहाँ का शांत वातावरण और पॉजिटिविटभ् आपके मन, शरीर और आत्मा को फिर से जीवंत करने के लिए एकदम सही हैं। इंडोनेशिया के बाली के सभी मंदिरों में से यह सबसे शांत मंदिरों में से एक है।

## बेसकिह मंदिर

बाली के सभी हिंदू मंदिरों में से, बेसकिह यहां पर सबसे बड़ा और सबसे पवित्र मंदिर परिसर है। इसके प्रवेश द्वार से जो एक सीढ़ी की तरह लगता है जो आपको सीधे स्वर्ग में ले जाता है। यकीन मानिए, यहां का वातावरण आपको निश्चित रूप से विस्मय कर देगा! बाली, इंडोनेशिया के सभी मंदिरों में, यह निश्चित रूप से बाली के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है।

# शहर की भागदौड़ से ब्रेक चाहते हैं तो घूम आइए हिमाचल की इन जगहों पर











**हिमाचल प्रदेश** देश की सबसे सुंदर जगहों में से एक है। यह राज्य अपनी प्राकृतिक सुंदरता, शुद्ध और शांत वातावरण और प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों के लिए जाना जाता है। हिमाचल प्रदेश में बहुत से हिल स्टेशन हैं जहाँ देश-विदेश से लोग घूमने आते हैं। यहाँ के ऊंचे पहाड़, खुले हरे मैदान, प्राचीन मंदिर-मठ और नीले पानी की झील नदियाँ पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। शहरों की भीड़-भाड़ और शोर-गुल भरी ज़िंदगी से दूर यहाँ का शांत वातावरण पर्यटकों को शांति प्रदान करता है। आज के इस लेख में हम आपको हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध हिल स्टेशनों की जानकारी देंगे। अगर आप भी घूमने का प्लान बना रहे हैं तो इन जगहों को अपनी लिस्ट में ज़रूर शामिल करें-

## शिमला

शिमला हिमाचल प्रदेश की राजधानी होने के साथ-साथ हिमाचल का सबसे लोकप्रिय हिल स्टेशन भी है। 2200 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह देश की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। शिमला का मॉल रोड, रिज, टॉय ट्रेन यहाँ आने वाले पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। शिमला में कई ऐतिहासिक मंदिर और इमारतें भी हैं जिसे देखने दूर-दूर से लोग यहाँ आते हैं। इस शहर की सुंदरता और शुद्ध वातावरण यहाँ आने पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

## मनाली

मनाली हिमाचल प्रदेश के सबसे प्रसिद्ध हिल स्टेशनों में से एक है। मनाली हिमाचल के कुल्लू जिले का एक हिस्सा है और यह पीर पंजाल और धौलाधार पर्वतमाला के बर्फ से ढकी ढलानों के बीच स्थित है। समुद्र तल से 1950 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह हिल स्टेशन अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए मशहूर है। यहाँ के हरे-भरे जंगल, फूलों से सजे मैदान और नदी में बहता ताज़ा पानी पर्यटकों को इस जगह से प्यार करने पर मजबूर कर देता है। यहाँ आकर पर्यटकों को सुकून मिलता है। इस हिल स्टेशन में कई मंदिर, संग्रहालय और प्रसिद्द गाँव हैं। पर्यटक यहाँ पर ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों पर ट्रेक्किंग करते हैं और यहाँ की सुंदरता का आनंद लेते हैं।

## धर्मशाला

काँगड़ा घाटी से 17 किलोमीटर दूर स्थित धर्मशाला हिमचाल प्रदेश के सबसे लोकप्रिय हिल स्टेशनों में से एक है। यहाँ के बर्फ से ढके धौलाधार पर्वत श्रृंखला इस जगह की खासियत हैं और इसे देश के सबसे खूबसूरत पर्यटक स्थलों में से एक है बनाते हैं। धर्मशाला को दलाई लामा के पवित्र निवास स्थान के रूप में भी जाना जाता है। इस शहर को अलग-अलग ऊंचाई के साथ दो हिस्सों में बाँटा गया है। इसके निचले हिस्से में धर्मशाला शहर और ऊपरी हिस्से को मैकलोडगंज के नाम से जाना जाता है। धर्मशाला में तिब्बती संस्कृति देखने को मिलती है और यहाँ बौद्ध धर्म के कई पवित्र स्थल हैं।

## स्पीति घाटी

समुद्री तल से 12,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित स्पीति घाटी हिमाचल प्रदेश की सबसे प्रसिद्ध जगहों में से एक है। यह घाटी चारों ओर से हिमालय से घिरी हुई है जो इस जगह को बेहद खास बनाते हैं। स्पीति घाटी में ठंडे रेगिस्तान, बर्फ से ढके पहाड़, घुमावदार सड़कें और सुरम्य घाटियाँ हैं जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। यह जगह यहाँ आने वाले पर्यटकों को उत्साह और रोमांच से भर देती है। स्पीति घाटी देश की सबसे ठंडी जगहों में से एक है और यह जगह साल के लगभग 6 महीने मोटी बर्फ से ढकी होती है।


## कसौली

कसौली हिमाचल प्रदेश के सबसे मशहूर हिल स्टेशनों में से एक हैं। यह चंडीगढ़ से शिमला के रास्ते में स्थित एक छोटा सा पहाड़ी शहर है जो हिमालय पर्वत के निचले किनारों पर बसा हुआ है। हिमाचल के दक्षिण-पश्चिम भाग में स्थित कसौली शहरों की भीड़ और चकाचौंध से दूर बसा हुआ एक शांतिपूर्ण शहर है। देवदार के सुंदर जंगलो के बीच बसा कसौली शहर अंग्रेज़ों द्वारा बनाई गई भव्य विक्टोरियन इमारतों के लिए मशहूर है। कसौली की प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण इसे हिमाचल के सबसे खास पर्यटन स्थलों में से एक बनाता है।

## किन्नौर

शिमला से लगभग 235 किलोमीटर की दूरी पर स्थित किन्नौर हिमाचल प्रदेश के सबसे लोकप्रिय हिल स्टेशनों में से एक है। यह जगह को लैंड ऑफ़ गॉड के नाम से प्रसिद्ध है। किन्नौर सतलुज, बसपा और स्पीति नदी के बीच स्थित है और यह जगह अपने हरे-भरे मैदानों और चट्टानी पहाड़ों की सुंदरता के लिए काफी मशहूर है। किन्नौर का किन्नर कैलाश पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है और यहाँ आए पर्यटक किन्नर कैलाश देखने जरुर जाते हैं। माना जाता है कि किन्नर कैलाश भगवान शिव और शिवलिंग का है और इसके साथ ही इस पर्वत का संबंध पांडवों की कहानियों से बताया जाता है। किन्नौर में कई पुराने बौद्ध मठ और मंदिर भी हैं जो बहुत पवित्र माने जाते हैं और इन्हें देखने दूर-दूर से पर्यटक यहाँ आते हैं।

# मध्य प्रदेश का इकलौता हिल स्टेशन है 'पचमढ़ी', घूमने के लिहाज से है बेहतरीन



**मध्य प्रदेश** का इकलौता हिल स्टेशन, पचमढ़ी मध्य प्रदेश का इकलौता हिल स्टेशन है। इसे लोकप्रिय रूप से सतपुड़ा की रानी या क्वीन ऑफ़ सतपुड़ा कहा जाता है। यह हिल स्टेशन 1110 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और यूनेस्को बायोस्फीयर रिजर्व का हिस्सा है। यह हिल स्टेशन भारतीय इतिहास में भी एक पौराणिक महत्व रखता है। माना जाता है कि यह पांडवों के निर्वासन के दौरान उनका निवास स्थान था। पचमढ़ी पर्यटन स्थलों में कई गुफाएं, झरने, पहाड़ियां, मंदिर और वन्यजीव अभ्यारण्य शामिल हैं जो मध्य प्रदेश के इस खूबसूरत हिल स्टेशन को पर्यटकों के बीच लोकप्रिय बनाते हैं। आज के इस लेख में हम आपको पंचमढ़ी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों की जानकारी देंगे -

## पांडव गुफाएं

पचमढ़ी में घूमने के लिए पांडव गुफाएं सबसे अच्छी जगहों में से एक हैं। शानदार सतपुड़ा पर्वतमाला की पृष्ठभूमि के साथ, पांडव गुफा 5 रॉक-कट बौद्ध मंदिरों का एक समूह है। पौराणिक स्रोतों से पता चलता है कि पांडव अपने निर्वासन के दौरान इन मंदिरों में रुके थे, इसलिए इसका यह नाम पड़ा। 9वीं शताब्दी में बने इन मंदिरों को सुंदर मूर्तियों और नक्काशी से सजाया गया है।

## बी फॉल्स

बी फॉल्स, पचमढ़ी में स्थित एक खूबसूरत झरना है। इसे जमुना प्रपात के नाम से भी जाना जाता है। यह जलप्रपात पचमढ़ी घाटी के लिए पीने का पानी उपलब्ध कराता है। यह झरना एक सुंदर भनभनाहट के साथ बहता है इसलिए इसे बी फॉल्स के नाम से जाना जाता है। स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों के बीच, बी फॉल्स एक लोकप्रिय पिकनिक स्पॉट के तौर पर प्रसिद्ध है। बी फॉल्स में लोग अक्सर तैराकी के लिए जाते हैं। रोमांच पसंद करने वाले लोग धारा को पार करके, बी फॉल्स के माध्यम से दूसरे स्नान कुंड रजत प्रपात तक पहुंच सकता है।

## जटा शंकर गुफाएं

जटा शंकर गुफाएं, पचमढ़ी के सबसे पवित्र स्थलों में से एक हैं। प्रचलित लोककथाओं के अनुसार, यह वह स्थान माना जाता है जहां भगवान शिव ने भस्मासुर के प्रकोप से खुद को छुपाया था। जटा शंकर गुफाएं एक विशाल चट्टान की छाया के नीचे एक प्राकृतिक शिवलिंगम का दावा करती हैं। इसके साथ ही, गुफा में पत्थर का निर्माण शेषनाग से मिलता जुलता है। वहीं, गुफाओं में चट्टान का निर्माण भगवान शिव के उलझे हुए बालों से मिलता जुलता है, इसलिए इसका यह नाम पड़ा।

## धूपगढ़

धूपगढ़, सतपुड़ा श्रेणी का सबसे ऊँचा शिखर है, जिसकी ऊंचाई 1350 मीटर है। यह न केवल पचमढ़ी का उच्चतम बिंदु है बल्कि मध्य प्रदेश और मध्य भारत का उच्चतम बिंदु भी है। पचमढ़ी में सूर्यास्त देखना एक अद्भुत अनुभव है। इसके अलावा, यह स्थान एक लोकप्रिय पिकनिक स्थल भी है। पर्यटकों के बीच, धूपगढ़ घूमने का सबसे अच्छा मौसम मानसून के दौरान होता है। बारिश के मौसम में यह स्थान बादलों से आच्छादित होता है।

## बड़ा महादेव गुफा

बड़ा महादेव गुफा, पचमढ़ी से लगभग 10 किमी दूर स्थित है। यह भगवान महादेव का एक पवित्र तीर्थ है। यह 60 फीट लंबी गुफा है, जिसके अंदर भगवान ब्रह्मा, भगवान विष्णु और भगवान गणेश के भी मंदिर हैं। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, बड़ा महादेव गुफा वह स्थान है जहां भगवान विष्णु ने एक दिव्य सौंदर्य मोहिनी का रूप लेकर राक्षस भस्मासुर का वध किया था। इसमें गुफा से लगातार पानी गिरता रहता है जो एक कुंड में जमा हो जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस कुंड में स्नान करने से कई बीमारियों का इलाज होता है।

## रजत प्रपात

रजत प्रपात, पचमढ़ी का सबसे बड़ा जलप्रपात है। इस जलप्रपात का नाम रजत प्रपात इसलिए पड़ा क्योंकि जब इस पर सूरज की रोशनी पड़ती है तो यह चांदी के रंग में चमकता है। रजत प्रपात को 'सिल्वर फॉल' के नाम से भी जाना जाता है। यह झरना 107 मीटर की ऊँचाई से गिरता है। यह भारत का 30वां सबसे ऊंचा जलप्रपात है। रजत प्रपात को सतपुड़ा की रानी कहा जाता है।